रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,604.65 -738.81
डॉलर 83.667 -0.023
रांची सर्राफा
10 ग्राम 70,300
01 किलो 99,200

ईश्वर में हमारा विश्वास — सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल





पीएम मोदी ने लॉकहीड मार्टिन की 'मेक इन इंडिया...

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 20 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक-168, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

## मुख्यमंत्री 23 को बांटेंगे नियुक्ति पत्र 24 को ताज होटल के साथ एमओयू

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन धुर्वा के मुडमा मौजा में जुडको द्वारा नवनिर्मित आकर्षक कुष्ठ आश्रम का उद्घाटन, नगर विकास सहित अन्य विभागों में तकनीकी कर्मियों को 23 जुलाई को नियुक्ति पत्र वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट भवन के सभागार में विभिन्न विभागों के लिए चयनित कुल 183 तकनीकी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। इसमें मुख्य रूप से नगर विकास विभाग के लिए 58 कनीय अभियंता, परिवहन विभाग के लिए 40 एमवीआइ पेयजल के लिए 22 कनीय अभियंता और 28 एटीपी के लिए तकनीकी कर्मी शामिल हैं। **शेष पेज 11 पर**

### सीएम हेमंत और कल्पना ने पारसनाथ दिशोम मांझी थान में की पूजा-अर्चना



**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के साथ शुक्रवार को सम्मेद शिखर पारसनाथ पहाड़ पर स्थित आदिवासियों के आस्था के प्राचीन केन्द्र मरंगबुरू दिशोम मांझी थान में पूजा-अर्चना की। संथाली संस्कृति के अनुसार आदिवासी समाज के पुजारियों ने पूजा संपन्न कराया। इसके बाद हेमंत सोरेन ने पुजारियों और **शेष पेज 11 पर**

## हौसलों को मिला पंख, आगे मंजिल है अभी बाकी...

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति हॉल में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर 400 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर मेधावी विद्यार्थी काफी खुश हुए। कहा कि सम्मान से जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। साथ ही संघर्ष की भी प्रेरणा मिलेगी। राष्ट्रीय नवीन मेल प्रतिभा सम्मान समारोह में सीबीएसइ, आइसीएसई व जैक बोर्ड की 10 वीं, 12वीं में सफल सम्मान पाकर मेधावी विद्यार्थी काफी उत्साहित दिखे। प्रतिभा सम्मान समारोह की शुरूआत स्तरोन्नत बालिका उच्च विद्यालय चिंयाकी की छात्रा माया कुमारी के सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद संत मरियम आवासीय स्कूल की छात्राओं में स्नेहा, अंशिका, आराधना, साक्षी, नेहा, फिदा, वैष्णवी ने अतिथियों का स्वागत गान के साथ स्वागत किया। स्तरोन्नत उवि विद्यालय चिंयाकी की चंदा, कुमारी, सुचिता कुमारी, अंजनी कुमारी, सोनी कुमारी, अंचिता मिंज, राखी कुमारी ने सामूहिक आकर्षक नागपुरी नृत्य पेश कर कार्यक्रम में शंमा बांध दिया। कार्यक्रम का उदघाटन प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा, उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद, हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा, डीईओ दुर्गानंद झा, एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. जीएन खान, विमला पांडेय मेमोरियल **शेष पेज 11 पर**




### विद्यार्थी जीवन तप, त्याग और संघर्ष का होता है : आयुक्त

कार्यक्रम में प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन तप व संघर्ष का होता है। सरकार के स्तर पर शिक्षा में 90 प्रतिशत का सहयोग दिया जा रहा है। केवल पढ़ने से ही नहीं होता जीवन में संस्कार का भी होना बेहद जरूरी होता है। माता, पिता, गुरू का सम्मान जीवन में अश्वय करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफलता की चोटी पहुंचने पर भी नम्र बने रहना चाहिए। पढ़ाई का जो भी टारगेट रखें हैं उसे जरूर पूरा करने का प्रयास करें। जीवन में हर जगह पर संघर्ष है, लेकिन संघर्ष से घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि आगे मुकाम हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ता है। सबसे बड़ी बात बच्चों ने मेहनत की। इसके लिए आप सभी लक्की हैं। बच्चों की इस जीवन में सबसे अहम भूमिका अभिभावकों की रही। साथ ही बच्चों को गढ़ने में शिक्षकों का भी बहुत बड़ा योगदान है। उन शिक्षकों के लिए सम्मान का अवसर है, जिनके विद्यार्थियों ने बेहतर किये और **शेष पेज 11 पर**

### हरमू में देर रात एक युवक की हत्या

**रांची।** राजधानी रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी में शुक्रवार देर रात गोलीबारी हुई। इसमें हरमू फल मंडी के पास के पास युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। यह घटना अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू फल मंडी के पास स्थित आस्था हॉस्पिटल के पास हुई। जहां अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। गोलीबारी में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। मृतक व्यक्ति की पहचान अभिषेक कुमार सिंह के रूप में हुई है।

### आज | कल




### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

**1994** से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## सहायक पुलिसकर्मी हुए उग्र बैरिकेडिंग तोड़ सीएम हाउस पहुंचे

### आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मियों की वार्ता विफल, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**सहायक पुलिसकर्मियों को दिया गया प्रस्ताव**

- नौ अगस्त से समाप्त हो रहा उनका अनुबंध एक साल बढ़ाया जाएगा
- सहायक पुलिसकर्मियों के वेतन भत्ते में 20% की बढ़ोतरी की जा रही
- झारखंड पुलिस में होने वाली बहाली में उन्हें आरक्षण दिया जाएगा एडीजी मुख्यालय आरके मलिक ने दिया आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में दो जुलाई से आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मियों और सरकार के बीच शुक्रवार को वार्ता हुई लेकिन यह विफल रही। आंदोलन की अगुवाई कर रहे विवेकानंद ने वार्ता से लौटकर अपने साथियों से कहा कि हमारी मांगों को नहीं माना जा रहा है। इसके बाद मोरहाबादी मैदान में जमा सहायक पुलिसकर्मी नारेबाजी करते हुए सीएम हाउस की तरफ बढ़ने लगे। सुरक्षा बलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो वे उग्र हो उठे। उन्होंने तीन-चार बैरिकेडिंग तोड़ दी है। पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया गया। वज्र वाहन पर भी आंदोलित सहायक पुलिसकर्मियों ने कब्जा कर लिया और उसके टायर की हवा निकाल दी। सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज किया तो उन्होंने उनके डंडे छीनकर उन्हीं की पिटाई कर दी। आंदोलनकारियों का एक बड़ा जत्था सीएम आवास के पास पहुंच गया है। इस क्रम में उन्होंने पुलिस की **शेष पेज 11 पर**



### एडीजी मुख्यालय आरके मलिक ने दिया आश्वासन

एडीजी मुख्यालय आरके मलिक ने बताया कि सहायक पुलिसकर्मियों को आश्वासन दिया गया है कि 9 अगस्त से समाप्त हो रहा उनका अनुबंध एक साल के लिए और बढ़ाया जाएगा। उनके वेतन भत्ते में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जा रही है। इसके अलावा झारखंड पुलिस में होने वाली बहाली में उन्हें आरक्षण दिया जाएगा। सरकार की ओर से डीजीपी की अध्यक्षता में सहायक पुलिसकर्मियों को वार्ता के लिए बुलाया गया था। झारखंड पुलिस के डीजीपी अजय कुमार सिंह, एडीजी मुख्यालय आरके मलिक, रांची डीसी सहित कई **शेष पेज 11 पर**

## सुरभि ने प्रश्न पत्र हल करने व पैसे लेने की बात स्वीकारी

- सीबीआई ने नीट पेपर लीक केस में रिम्स की मेडिकल छात्रा सुरभि को हिरासत में लिया
- 2023 में रामगढ़ के आरा के रहनेवाली छात्रा ने एआईआर 56 रैंक हासिल किया था

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) और अंडर ग्रेजुएट (यूजी) पेपर लीक केस में रांची में बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने राजेन्द्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान (रिम्स) रांची के छात्रावास से गुरुवार रात एमबीबीएस फर्स्ट ईयर की छात्रा सुरभि कुमारी को हिरासत में लिया है। सीबीआई के अधिकारियों के अनुसार, सुरभि कुमारी सॉल्वर गैंग में शामिल है। एजेंसी ने छात्रा के बारे में रिम्स के स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन डॉ शिव प्रिये से भी जानकारी ली है। इस केस में रांची के कुछ और मेडिकोज सीबीआई जांच के दायरे में आ सकते हैं। सीबीआई ने सॉल्वर गैंग से जुड़े पटना एम्स के चार मेडिकल छात्रों को गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया था। इसके बाद गैंग के अन्य सदस्यों के बारे में सुराग मिले। रिम्स की जिस छात्रा को एजेंसी ने हिरासत में लिया है, वह रामगढ़ जिले के आरा की रहने वाली है। उसने पिछले साल नीट की परीक्षा में ऑल इंडिया में 56 वीं रैंक हासिल की थी। सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक पूछताछ में उसने प्रश्न पत्र को हल करने और इसके एवज में पैसे मिलने की बात स्वीकार कर ली है। इस केस में झारखंड के किसी **शेष पेज 11**




### ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर के खिलाफ यूपीएससी का बड़ा एक्शन, एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली।** दस्तावेजों में फर्जीवाड़े के आरोपों से घिरी ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर ने नाम, माता-पिता का नाम, हस्ताक्षर, ईमेल, मोबाइल नंबर और पता बदलकर अपनी फर्जी पहचान बनाई। यही कारण है कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर के खिलाफ कार्रवाई शुरू की कर दी है। संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा-2022 की अनंतिम रूप से अनुशंसित उम्मीदवार पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर के कदाचार की विस्तृत और गहन जांच की है।

## माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में खराबी से दुनिया भर में उड़ानें बाधित, बैंक का कामकाज ठप




एजेंसी

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट ने अब तक की सबसे बड़ी परेशानी का सामना किया है। इसके चलते बहुत सी सर्विसेज प्रभावित हुई हैं। इन सर्विसेज के चलते दुनियाभर में कई कंपनियों का सर्वर भी प्रभावित हुए है। माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में खराबी आने से दुनिया भर में उड़ानें, टीवी टेलिकास्ट, बैंकिंग, स्टॉक एक्सचेंज, कई कार्पोरेट कंपनियों, सहित वित्तीय संस्थानों के कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुए। इसके अलावा इस रुकावट ने माइक्रोसॉफ्ट 365 की कई जरूरी सेवाओं को प्रभावित किया, जिससे बिजनेस और यूजर्स दोनों को ही मुश्किलें हुईं। 19 जुलाई को सुबह 3:26 बजे (भारतीय समयानुसार) माइक्रोसॉफ्ट ने इस समस्या का सामना किया है। आधिकारिक सूत्रों ने दी जानकारी में बताया कि अधिकांश यूजर्स को उनके कंप्यूटरों पर विंडोज का सिग्नेचर 'ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ' (बीएसओडी) एरर देखने को मिला है।

विश्व की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के विंडोज सिस्टम में आए नए अपडेट को डाउनलोड करने से दुनियाभर में उपयोगकर्ताओं को तकनीकी रुकावट का सामना करना पड़ रहा है। इसे माइक्रोसॉफ्ट कॉर्प की क्लाउड सर्विसेज के सर्वर में आई तकनीकी समस्या बताया जा रहा है। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा है कि तकनीकी रुकावट की वजह को चिह्नित कर लिया गया है, जल्द ही इसका समाधान हो जाएगा। शनिवार को भारत सहित दुनियाभर में बड़े पैमाने पर उड़ानें प्रभावित हुईं। वहीं, कुछ फ्लाइट्स को कैंसिल करना पड़ा तो कुछ उड़ानें डिले हुई हैं। जबकि बुकिंग और चेक-इन भी नहीं हो पा रहा है। अकासा एयरलाइंस ने कहा कि मुंबई और दिल्ली एयरपोर्ट पर उसकी कुछ ऑनलाइन सर्विसेज अस्थायी रूप से उपलब्ध नहीं हैं।

### माइक्रोसॉफ्ट 365 के प्रभावित एप्स व प्लेटफॉर्म

- कोर प्रोडक्टिविटी टूल
- यूजर्स को वन ड्राइव और वन नोट पर फाइलों को एक्सेस करने में परेशानी हो रही है।
- इसके साथ ही उन्हें सिंक करने में हो रही समस्याओं को भी रिपोर्ट किया गया है।
- यूजर को आउटलूक के जरिए ईमेल एक्सेस में भी व्यवधान हो रही है।
- मनोरंजन और सिक्योरिटी
- इस आउटेज एक्सबाक्स ऐप भी प्रभावित हुआ, जिससे यूजर की ऑनलाइन गेमिंग एक्टिविटी में बाधा उत्पन्न हुई।
- इसके अलावा माइक्रोसाफ्ट प्रव्यू और वीवी इंगेज के साथ सीमित एक्सेस और देरी की रिपोर्ट की गई।

### एनआईसी पर असर नहीं, माइक्रोसॉफ्ट के संपर्क में आईटी मंत्रालय : अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि आईटी मंत्रालय दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में दुनियाभर में आ रही बाधाओं के संबंध में उनके संपर्क में है। वैष्णव ने कहा कि इस घटना का देश के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के नेटवर्क पर कोई असर नहीं देखा गया है। अश्विनी वैष्णव ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि इस तकनीकी रुकावट की वजह को चिह्नित कर लिया गया है। इस मसले का हल निकालने के लिए अपडेट जारी किए गए हैं। वैष्णव ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय वैश्विक गतिरोध के संबंध में माइक्रोसॉफ्ट और उसकी सहयोगी इकाइयों के संपर्क में है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत गठित कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल सर्ट-इन ने क्राउड स्ट्राइक अपडेट की वजह से माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में आई रुकावट को गंभीर समस्या बताया है।

## इंडिया | झारखंड में अवैध घुसपैठ राजनीति या खतरनाक फसाना?



सुनील बादल

विधानसभा चुनाव की आहट के बीच झारखंड और देश की सीमा से सटे इलाकों में घुसपैठ, लव जिहाद, लैंड जिहाद के मुद्दे जोर पकड़ रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि क्या वाकई झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ महज एक संयोग है या एक गहरी साजिश? झारखंड के संथाल परगना के पाकुड़, साहिबगंज, जामताड़ा, राजमहल, गोड्डा और दुमका में बड़ी संख्या में अवैध रूप से बांग्लादेशी घुसपैठियों के अलग-अलग माध्यम से आने की सूचनाएं मिलती रहती हैं। झारखंड उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उस याचिका के संबंध में उचित हलफनामा दाखिल नहीं करने के लिए राज्य सरकार को फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिद्युत रंजन षाड़ंगी और न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने इससे पहले देवघर, पाकुड़, दुमका, साहिबगंज, गोड्डा और जामताड़ा के उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों में अवैध प्रवासियों की वास्तविक स्थिति पर रिपोर्ट पेश का आदेश दिया था। अदालत ने इस मामले में संथाल परगना के छः जिलों के पुलिस अधीक्षकों को आदेश दिया था कि वे अवैध प्रवासियों की स्थिति के बारे में उपायुक्त को जानकारी दें, जिससे वह रिपोर्ट तैयार कर सकें। अदालत ने राज्य के मुख्य सचिव को भी निर्देश दिया था कि वे उपायुक्त के साथ मिलकर इस स्थिति पर रिपोर्ट तैयार करें। अदालत को बताया गया कि उपायुक्त ने हलफनामा दाखिल नहीं किया बल्कि अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा दाखिल किया गया जिसमें घुसपैठ नहीं होने और इन क्षेत्रों में मदरसे पहले से होने की बात कही गई थी । पीठ ने हलफनामा स्वीकार करने से इनकार कर दिया और उन्हें नए सिरे से दाखिल करने का आदेश दिया। पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है और उपायुक्त द्वारा की गई इस तरह की कार्रवाई अदालत को गुमराह करने के लिए की गई प्रतीत होती है।संताल परगना इलाके के साहिबगंज व पाकुड़ जिले में आदिवासियों की जनसंख्या में लगातार कमी आने व मुस्लिमों की जनसंख्या में वृद्धि होने का मामला 2022 में गोड्डा सांसद डा. निशिकांत दुबे ने लोकसभा में उठाया था । उन्होंने केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि 1901 में साहिबगंज जिले में आदिवासियों की जनसंख्या 35 प्रतिशत थी, जबकि मुस्लिमों की जनसंख्या मात्र 9 प्रतिशत ही थी। आज आदिवासियों की जनसंख्या महज 24 प्रतिशत रह गई है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिमों की जनसंख्या 9 से बढ़कर 35 प्रतिशत पहुंच गई है। निशिकांत कहा कि पूरे राज्य की यही स्थिति है। इस वजह से क्षेत्र की डेमोग्राफी भी बदल रही है। उन्होंने बताया था कि आदिवासियों की जनसंख्या में लगातार कमी आने की वजह से ही पूरे देश में लागू होने के बाद भी झारखंड में परिसीमन लागू नहीं हो पाया है। आदिवासियों की जनसंख्या में कमी आने की वजह से उनके लिए आरक्षित लोकसभा की एक व विधानसभा की तीन सीट में कमी आ रही है। संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर लगातार राजनीति भी गरम होती जा रही है। पूर्व में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर झारखंड पुलिस का स्पेशल ब्रांच भी अलर्ट जारी कर चुका है। 2001 की जनगणना में दुमका की जनसंख्या 11 लाख 7 हजार के करीब जो 2011 में बढ़कर लगभग 14 लाख हो गई। आंकड़े बताते हैं कि संथाल के सभी 6 जिलों में 12 लाख से ज्यादा नई आबादी बस गई है। भाजपा का कहना है संथाल में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी पाकुड़ में करीब 40 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, साहिबगंज में मुस्लिम आबादी में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भाजपा का कहना है कि संथाल परगना के छह जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने में वहां के जमीन दलालों की सबसे बड़ी भूमिका है। गिफ्ट डीड के जरिए जमीन दलाल बांग्लादेशियों को बसा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि झारखंड गठन के बाद संथाल परगना में जमाबंदी की गई जमीन खरीदने वालों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। 13 दिसंबर, 2023 को भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने दस्तावेज जारी कर बताया था कि 120 से ज्यादा नकली वेबसाइट के जरिए नकली बर्थ सर्टिफिकेट बनाए जा रहे हैं। इसमें झारखंड को लेकर विशेष रूप से सतर्क किया गया था। दो जून, 2023 को झारखंड पुलिस के स्पेशल ब्रांच ने सभी जिलों के पुलिस कप्तान और डीसी को एक पत्र लिखा था कि संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश करने की सूचना है और बांग्लादेशी घुसपैठियों को पहले विभिन्न मदरसों में ठहराया जाता है,इसके बाद उनका सरकारी दस्तावेज तैयार किया जाता है और उनका नाम मतदान मतदाता सूची में शामिल कर लिया जाता है। मतदाता सूची में शामिल होने के बाद साजिश के तहत उन्हें वहां बसा दिया जाता है।



## रिश्वत लेते आपदा प्रबंधन पदाधिकारी गिरफ्तार


- पचास हजार रुपये की मांग की गई थी, इसकी जानकारी नीलम ने एसीबी को दी
- वरदान अस्पताल के संचालक का भाई डॉ. अभिराज राणा भी गिरफ्तार किया गया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की रांची टीम ने लोहरदगा जिले के आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार और उनके सहयोगी डॉ अभिराज राणा को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दोनों को शहरी क्षेत्र के वरदान हॉस्पिटल से गिरफ्तार किया गया है। एसीबी मुख्यालय के अनुसार लोहरदगा के किस्को थाना निवासी नीलम कुमारी ने ब्यूरो को लिखित आवेदन दिया था कि 19 अप्रैल, 2023 को उनके पुत्र श्रीआंस लोहरा की गांव के तालाब में डूबने से मौत हो गई थी।



इस संबंध में आपदा प्रबंधन विभाग ने चार लाख रुपये मुआवजा आंवटित किया। मुआवजे की राशि रिलीज करने के एवज में आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार ने 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। प्रथम किस्त के रूप में 15 हजार रुपये रिश्वत लेते विभाकर कुमार और उनके सहयोगी डॉ अभिराज राणा को गिरफ्तार किया गया। डॉ अभिराज राणा वरदान हॉस्पिटल के संचालक के छोटे भाई हैं। उन्हें एसीबी ने सहयोग करने के मामले में गिरफ्तार किया है।




## एक नजर

### रांची से भागलपुर के लिए कल से चलेगी नई ट्रेन

**रांची।** रांची से भागलपुर के लिए विशेष ट्रेन का परिचालन 21 जुलाई से होने वाला है। यह ट्रेन सप्ताह में 2 दिन रांची से रविवार और मंगलवार को चलेगी। वहीं भागलपुर से सोमवार और बुधवार को रांची के लिए चलेगी। रांची से भागलपुर के लिए चलने वाली ट्रेन रांची, मुरी, बरकाकाना, हजारीबाग, कोडरमा, गया, कियुल होते हुए भागलपुर जाएगी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि अपने क्षेत्र में रेलयात्री सुविधाओं का विस्तार मेरी प्राथमिकता है। इस ट्रेन के परिचालन से रांची के लोगों को यात्रा करने में सुलभ होगी।

### जर्जर रोड को चलने योग्य बनाने के लिए ग्रामीणों के श्रमदान में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत

**बेड़ो।** प्रखंड के ग्राम करांजी जराटोली रोड जो बस्ती के बीचों बीच से होकर गुजरती है बारिश शुरू होते ही जगह जगह पर गढ्ढा होने के कारण तालाब बन जाती थी ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव के वक्त बड़े बड़े मंत्री विधायक इस 2 हजार आबादी वाले करांजी जराटोली में आकर दो महिने में रोड बनाने का आश्वासन देकर चले जाते हैं चुनाव जीतते के बाद प्रतिनिधि एवं उनके सहयोगी को इस गांव की याद भी नही आती है आजादी के सात दशक बाद भी ग्रामीणों को पक्की सड़क नसीब नहीं हुई यह गांव विकास से कोसों दूर है राज्य सरकार की योजनाएं गांव पहुंचते पहुंचते खत्म हो जाती है ग्रामीणों ने सड़क के लिए स्थानीय विधायक एवं प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार अवगत कराया है।

### खलारी मुखिया ने स्लरी का उठाव बंद कराया, बाल श्रम पर जताई नाराजगी

**खलारी।** खलारी अंचल के खलारी पंचायत से हो रहे स्लरी उठाव को स्थानीय मुखिया तेजी किस्पोट्टा ने बंद करा दिया। मालूम हो कि तत्कालीन एसीसी कंपनी ने अपने सीमेंट कारखाने से वेस्ट मैटेरियल के रूप में भारी मात्रा में लिक्विड स्लरी को खलारी मौजा के एक बड़े भू-भाग पर बहाया था। कालान्तर में यह सूखकर पत्थर का सफेद बारीक डस्ट बन गया। 50 साल तक बहते बहते यह स्लरी कई एकड़ भूमि पर करीब दस मीटर मोटी परत में फैला हुआ है। खलारी सीमेंट कारखाना का वर्तमान प्रबंधन इस स्लरी पर अपना अधिकार जताते हुए इसकी बिक्री कर रहा है। स्लरी उठाव को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने गिरिडीह जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा की, दिए अहम निर्देश

# योजनाएं हर घर तक पहुंचें, यह सुनिश्चित हो : हेमंत सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/गिरिडीह**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार की तमाम विकास योजनाएं धरातल पर दिखनी चाहिए। ये योजनाएं हर घर तक पहुंचे, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने गिरिडीह जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं को लेकर मधुबन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को कई निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिले में मॉनसून की बारिश और धान की रोपनी की स्थिति की जानकारी अधिकारियों से ली। इस दौरान वे किसानों के बीच बीज और खाद वितरण की वस्तुस्थिति से भी अवगत हुए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यदि कम बारिश की वजह से धान की बुवाई प्रभावित होती है, तो किसानों को वैकल्पिक कृषि के लिए तैयार करने की पूरी तैयारी रखें। किसानों को राहत करने के लिए सभी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों को केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने बैठक में कृषि ऋण माफी योजना की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे पूरी संवेदना के साथ जनता की समस्याओं को सुने और समाधान निकालें। आपकी जिम्मेदारी बनती है कि जिले में सरकार की नीतियों और योजनाओं का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन हो, ताकि उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को भी मिल सके। इसमें किसी भी तरह की कोताही और लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

#### बिजली एवं अन्य व्यवस्थाओं में सुधार लाने का दिया निर्देश

मुख्यमंत्री ने जिले में बिजली-पानी समेत अन्य सभी व्यवस्थाओं में सुधार लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं बेहतर रूप में मिलनी चाहिए। जिले में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें। लोगों को शुद्ध पेयजल मिले, इसके लिए जलापूर्ति योजनाओं का काम जल्द से जल्द पूरी हो। हाथियों के सुरक्षित आवागमन को लेकर कॉरिडोर निर्माण के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में राज्यसभा सदस्य सरफराज अहमद, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, विधायक कल्पना सोरेन, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष संजय सिंह समेत जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

#### युवाओं का पलायन नहीं हो, उन्हें रोजगार उपलब्ध कराएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिडीह जिले से बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा रोजगार के लिए बड़े शहरों एवं दूसरे राज्यों के लिए पलायन करते हैं। यह काफी चिंतनीय है। हमारी सरकार ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं से युवाओं को जोड़ें, ताकि उन्हें अपने घर-गांव में ही रोजगार मिल सके। जब राज्य के युवा रोजगार से जुटेंगे तो राज्य व देश उन्नति पर पहुंचेगा और राज्य उन्नति की ओर बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग पलायन करते हैं, उनका पूरा डाटाबेस भी रखें, ताकि विपरीत परिस्थितियों में उसे या उसके परिजनों को सरकार की ओर से समुचित राहत दिलाई जा सके।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुमला के पांच वर्षीय अंश लकड़ा ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में गुमला जिला के जारी प्रखंड स्थित सिकरी पंचायत के पगुरा गांव से पहुंचे समाजसेवी शांति लकड़ा एवं उनके पांच वर्षीय पुत्र अंश लकड़ा ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को अंश लकड़ा ने एक गुल्लक भेंट की। मुख्यमंत्री को शांति लकड़ा ने अवगत कराया कि अंश लकड़ा को जैसे ही यह सूचना मिली कि मुख्यमंत्री जेल गए हैं, अंश लकड़ा ने उसी दिन से अपने पॉकेट खर्च के रूप में मिले पैसों से कुछ पैसे गुल्लक में जमा करना शुरू कर दिया ताकि उन पैसों से मुख्यमंत्री को जेल से रिहा कराने में मदद की जा सके।

**बच्चों के बीच भी मुख्यमंत्री हैं काफी लोकप्रिय :** राज्य के सुदूर क्षेत्र के बच्चे भी मुख्यमंत्री के प्रति गहरा लगाव रखते हैं। गुमला जिला स्थित पगुरा गांव के 5 वर्षीय अंश लकड़ा के मन में मुख्यमंत्री के लिए कितना प्यार और स्नेह है, इस बात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को जेल से रिहाई में मदद पहुंचाने हेतु इस बच्चे ने अपने पॉकेट मनी से पैसे बचाकर गुल्लक में जमा किए ताकि इन पैसों से मुख्यमंत्री को जेल से रिहा कराया जा सके।

### क्षेत्र भ्रमण में भी मुख्यमंत्री से गर्मजोशी के साथ मिलते हैं छोटे-छोटे बच्चे

**रांची।** अक्सर यह देखा जाता है कि मुख्यमंत्री जब भी क्षेत्र भ्रमण पर होते हैं या किसी भी सभा को संबोधित करते हैं तब मुख्यमंत्री को देखने तथा उनकी बातों को सुनने बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे भी उपस्थित होते हैं। यूं तो मुख्यमंत्री भी सभी वर्ग-समुदाय के बच्चों को काफी स्नेह और प्यार हमेशा देते हैं। बच्चों के भविष्य को लेकर मुख्यमंत्री सदैव चिंतित भी रहते हैं। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा कई महत्वकांक्षी योजनाओं का संचालन भी किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अंश लकड़ा के जज्बे की सराहना की। मुख्यमंत्री सोरेन आज जब अंश लकड़ा से मिले तब उसके दिल में अपने प्रति इतना प्यार और आदर देखकर कुछ पल के लिए भावुक दिखाई दिए। मौके पर अंश लकड़ा की माता शांति लकड़ा ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि अंश लकड़ा मुख्यमंत्री को अपना आदर्श मानते हैं।

### भारत विकास परिषद ने स्कूली छात्राओं के बीच पोशाक का किया वितरण



**उरुगुटु।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में उरुगुटु पंचायत स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल के छात्र एवं छात्राओं के बीच पोशाक वितरण किया गया। पोशाक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अथिति जितेंद्र कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनजाति विकास परिषद ट्रस्ट के अध्यक्ष सह भाजपा नेता अर्जुन राम ने पोशाक वितरण किया। मौके पर अर्जुन राम ने कहा शिक्षा हम सभी के उज्वल भविष्य के लिए एक बहुत ही आवश्यक साधन है।शिक्षा हमें जीवन मे अच्छा संस्कार देती है। हम अपने जीवन में शिक्षा के इस साधन का उपयोग करके कुछ भी अच्छा प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा का उच्च स्तर लोगों की सामाजिक और पारिवारिक सम्मान तथा एक अलग पहचान बनाने में मदद करती है। इन्हीं सब कारणों की वजह से शिक्षा हमारे जीवन में इतना महत्व रखती है।

## पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष के सम्मान में किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 9 पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों के सम्मान में 9 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन 15 जुलाई से 23 जुलाई तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के 5वे दिन 19 जुलाई, 2024 शुक्रवार को मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल जी अग्रवाल के सम्मान में सुबह 11:00 बजे से कोकर स्थित रौनक बजाज मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे रौनक बजाज के संचालक अमर साबू समेत 15 लोगों रक्तदान किया। इस कार्यक्रम के संयोजक मंच के रक्तदान प्रभारी प्रवीण अग्रवाल एवं विष्णु अग्रवाल थे। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया के कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मंच के कोषाध्यक्ष स्पर्ष चौधरी के साथ अन्य युवा सदस्य उपस्थित थे।

### संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ने जनसंपर्क अभियान चलाया

**मांडर।** सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिव उरांव ने शुक्रवार को मांडर प्रखण्ड के डुमरी, नावातांड, महुवाजाड़ी, मुडमा सुरसा, आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान लोगों से मिल उनकी समस्या सुनी। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि बारिश नही होने से धान की खेती चौपट होने के कगार पर पहुंच चुका है। बारिश नही होने के कारण पिछले तीन साल से धान की खेती नही हो रही है। इस साल तो स्थिति और भी बदतर है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने उन्हे सड़क,बिजली और पेयजल की समस्या से भी अवगत कराया। मौके पर शिव उरांव ने कहा कि मांडर विधानसभा को सुखाड़ घोषित करने और किसानों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए पुरजोर आंदोलन किया जाएगा।

### अकीदत के साथ मुहर्रम मनाया गया



**चान्हो।** मोहर्रम मेला का आयोजन चान्हो चौक में किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मांडर की पूर्व विद्यायक गंगोत्री कुजूर, खेलारी डीएसपी आरएन चौधरी, मांडर इंस्पेक्टर जयप्रकाश राणा, चान्हो थाना प्रभारी अजीम अंसारी उपस्थित हुए। मुहर्रम सेन्ट्रल कर्बला एक्शन कमिटी के अध्यक्ष शफीक अंसारी द्वारा सभी अतिथियों को पगड़ी एवं तलवार देकर सम्मानित किया गया। मंच से मेले को संबोधित करते हुए गंगोत्री कुजूर ने कहा कि इमाम हुसैन की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है मेले में विभिन्न गांवों से आये अखाड़ा धारियों के द्वारा अस्त्र शस्त्र का हैरत अंगेज करतबदिखाया गया। मौके पर असीर अंसारी सोनी तब्बसुम, रमेश साहू, भोगेन सोरेन इनफाज अंसारी, मंसूर अंसारी, इसराईल अंसारी शादाब अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बीएलओ की सुस्ती से नाराज हुई निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में द्वितीय मतदाता पुनरीक्षण कार्य की प्रगति को देखने पहुंचीं मांडर विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने बीएलओ को कड़ी फटकार लगायी। राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया संकुल संसाधन केंद्र में अंचलाधिकारी पंकज कुमार की उपस्थिति में ककरिया और डाडी.पंचायत की बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करते हुए मोनी कुमारी ने कड़ी नाराजगी जताई और शोकॉज करने की चेतावनी दी।

## प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय में किया गया पौधरोपण



**नवीन मेल संवाददाता। पिठोरिया**
दस कुओं के बराबर एक तालाब, दस तालाबों के बराबर एक झील, दस झीलों के बराबर एक पुत्र, और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है। पद्म पुराण का यह श्लोक पौधरोपण के पर्यावरणीय महत्व को बतलाता है। इसी महत्व को जमीनी धरातल पर उतारने के लिए पर्यावरण के प्रति समर्पित समाजसेवी स्वामी देवेन्द्र प्रकाश के द्वारा विभिन्न समूहों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर गांवों में पौधरोपण कार्यक्रम चला रहे हैं। शुक्रवार को पिठोरिया प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय में पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि स्वामी देवेन्द्र प्रकाश ने आम, कटहल और अमरूद का पौधा लगाकर शुरूआत की गई। मौके पर छात्रों के बीच आम, कटहल और अमरूद का 512 पौधा वितरित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के द्वारा घोषणा की गई कि जो छात्र पालन-पोषण कर पौधा बचा लेंगे उन्हें आंतरिक मूल्यांकन में अतिरिक्त अंक दिया जाएगा। अभिभावकों ने प्रबंध समिति के इस निर्णय का स्वागत किया है। पौधरोपण के कार्यक्रम में पिठोरिया एजुकेशनल फाउंडेशन के निदेशक सुजीत कुमार केशरी, प्रधानाध्यापक विजय पांडे और सभी शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे।



# एलए गार्डन स्कूल को नोटिस भेजा जाएगा : रांची डीईओ

कोचिंग की कलंक कथा

रजनीश

**रांची।** राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार को एलए गार्डन स्कूल में हो रही अनियमितता की खबरें मिल रही थीं। कई लोग इसकी सूचना दे रहे थे। मिल रही सूचनाओं पर राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने हरिओम टावर स्थित एआईएम कोचिंग जा कर छानबीन की, तो एआईएम कोचिंग के कर्मचारी ने स्कूल में नामांकन करवा के एआईएम में पढ़ाने वाली बात को स्वीकार किया। इसका रिकॉर्ड संस्थान के पास है। कर्मचारी ने कोचिंग फीस 2,30,000 (11वीं+12वीं+नीट) और स्कूल का फीस 45,000 रुपये बताया। रांची के जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) विनय कुमार से एआईएम और एलए गार्डन स्कूल की अनियमितता के संबंध में बात की गई, तो उन्होंने कहा कि यह गलत है। ऐसा नहीं होना चाहिए। एफिलिएशन और बच्चों के मिनिमम अटेंडेंस को ले कर नियम है। आप अपने अखबार (राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार) की कॉपी दीजिए, जिसमें वह खबर छपी है। स्कूल ऐसा कोई काम कर रहा है, तो उसे कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा। जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर आगे कि कार्रवाई की जाएगी।




रांची के हरिओम टावर स्थित एआईएम कोचिंग संस्थान के कर्मचारियों ने एलए गार्डन स्कूल के साथ टाई-अप होने की बात कही थी। उसके बाद लगातार राष्ट्रीय नवीन मेल में एआईएम कोचिंग की अनियमितता के बारे में खबर प्रमुखता से प्रकाशित की जा रही है। दरअसल, एआईएम कोचिंग के कर्मचारी ने अपनी कोचिंग में नॉन स्कूलिंग की बात कही थी। नॉन स्कूलिंग का मतलब होता है कि किसी स्कूल में बच्चों का रजिस्ट्रेशन करवा दिया जाएगा और बच्चे कोचिंग संस्थान में पढ़ेंगे, उसे स्कूल जाने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। जो नंबर और अटेंडेंस यहां होगा 11वीं तक के परीक्षा में वही नंबर दिया जाएगा और अटेंडेंस भी कोचिंग संस्था के मान्य होंगे। इसके अलावा, प्रैक्टिकल में फुल मार्क्स देने का भी दावा किया था। खबर प्रकाशित होने के समय से ही एआईएम कोचिंग संस्थान में कॉल और व्हाट्सएप करके बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोचिंग संस्थान के कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति इस पर किसी तरह के जवाब देने से बचते रहे। वहीं, एलए गार्डन स्कूल में भी कॉल करके इसका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने अपना पक्ष देने से मना किया। इसके बाद राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने शुक्रवार (19 जुलाई) को चुटिया स्थित एलए गार्डन स्कूल में जाकर प्रिंसिपल से इसका पक्ष लेने का प्रयास किया, तो स्कूल में एक महिला कर्मचारी ने पहले कहा कि आपने तो खबर छाप दी है, प्रिंसिपल आपसे नहीं मिलेंगे। उसके बाद उन्होंने प्रिंसिपल को कॉल किया और कहा कि प्रिंसिपल अभी स्कूल में अवेलेबल नहीं हैं, जबकि प्रिंसिपल स्कूल में ही थे।




## ऊर्जा श्रमिक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमडी को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक केके वर्मा से मुलाकात की। नेतृत्व संघ के अध्यक्ष अजय राय ने किया। इस दौरान सात सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। इसमें चार दिन विश्राम के अतिरिक्त 30 व 31 दिन का भुगतान सभी विभागों को करने, बोनस का प्रोविजन करने, पूरा एरियर का भुगतान करने, आने वाली बहाली में पांच वर्ष की छूट देने सहित अन्य मांग शामिल हैं।

## कैमरून में फंसे 27 मजदूरों ने वीडियो जारी कर लगाई वतन वापसी की गुहार

**रांची।** राज्य के प्रवासी मजदूरों के विदेश में फंसे होने का मामला एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। इस बार सरिया थाना क्षेत्र के चीचाकी निवासी शुकर महतो सहित झारखंड के 27 प्रवासी मजदूर साउथ अफ्रीका के कैमरून में फंसे हुए हैं। वहीं एल एंड टी कंपनी के पदाधिकारियों ने बिना जानकारी इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल किए जाने पर आपत्ति जताई है। साथ ही उन्होंने फंसे सभी मजदूरों की वापसी की मांग केंद्र व राज्य सरकार से की है। वीजा प्रबंधक विनायक पवार के नेतृत्व में सभी मजदूर काम करने कैमरून गए हैं।

### मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षण के मिले हैं सकारात्मक परिणाम

# सात जिलों में लागू होगा शिक्षण कार्यक्रम

*वर्ष 2024-25 के लिए चयनित किए गए हैं 1041 विद्यालय*

*08 जिलों में हुआ भाषाई सर्वेक्षण, आंकड़ों का हुआ सत्यापन*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार के जरिए विगत दो वर्षों से राज्य के छह जिलों - गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, खूंटी, पश्चिमी सिंघभूम और साहिबगंज - के 259 चयनित विद्यालयों में मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लागू होने से प्रारंभिक स्तर पर बच्चों के सीखने में सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। इससे उत्साहित होकर राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 से राज्य के सात जिलों - लातेहार, सिमडेगा, लोहरदगा, खूंटी, पश्चिमी सिंघभूम, साहिबगंज और दुमका - के चयनित 1041 विद्यालयों में यूनिसेफ और एलएलएफ (लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन) के सहयोग से पांच स्थानीय भाषाओं, संथाली, मुंडारी, हो, कुड़ुख और खड़िया, में बहुभाषी शिक्षण कार्यक्रम 'पलाश' प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सीखने के बुनियादी कौशल को बेहतर बनाने के लिए बच्चों की मातृभाषा को उनकी औपचारिक शिक्षा में शामिल करते हुए उन्हें हिंदी के साथ साथ बुनियादी शिक्षा एवं संख्याज्ञान सिखाने के लक्ष्यों को प्राप्त करना है। राज्य सरकार द्वारा इस कार्यक्रम को अकादमिक सत्र 2024-25 से 1000 विद्यालयों में विस्तारित करने की योजना के अंतर्गत आठ जनजातीय भाषा बहुल जिलों के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में दो चरणों में भाषाई सर्वेक्षण कराया गया। जिन जिलों में भाषाई सर्वेक्षण हुआ, उनमें दुमका, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, पश्चिमी सिंघभूम, साहिबगंज, सिमडेगा और लातेहार शामिल हैं। इन जिलों में विद्यार्थियों और शिक्षकों की भाषा से जुड़े आंकड़े एकत्रित किए गए। एकत्रित आंकड़ों का सत्यापन विद्यालयों से संबंधित संकुल साधनसेवियो (सीआरपी) के द्वारा किया गया। भाषाई सर्वेक्षण के पश्चात चयनित विद्यालयों का एलएलएफ और यूनिसेफ के प्रतिनिधियों द्वारा संयोजन किया गया है। संस्थाओं के प्रत्येक कर्मी द्वारा विद्यालय की प्रखंड, जिला मुख्यालय से दूरी तथा अन्य प्रशिक्षण सुविधाओं का बारीकी से अनुश्रवण किया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए राज्य स्रोत समूह का निर्माण किया गया है। राज्य स्रोत समूह में आठ जिलों के 32 शिक्षकों को शामिल किया गया है। राज्य स्रोत समूह के सदस्य चयनित विद्यालयों के बहुभाषी शिक्षा से जुड़े शिक्षकों को समयक रूप से प्रशिक्षित और अनुसमर्थन करेंगे।

राज्यस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त राज्य स्रोत समूह के सदस्य अपने अपने जिलों में बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम के लिए चयनित विद्यालयों के चयनित शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। जिलास्तरीय प्रशिक्षण पांच अवधियों में संचालित होकर 21 अगस्त को संपन्न होगी।



### 90 मिनट तक होगा अनिवार्य कक्षा संचालन

बहुभाषी शिक्षण कार्यक्रम के तहत चयनित विद्यालयों में 90 मिनट का अनिवार्य कक्षा संचालन होगा। इसमें मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, पठन और लेखन पर संतुलित भाषा शिक्षण पद्धति के अनुसार कार्य होगा। शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण बच्चों की मातृभाषा में होगा एवं उसका संकलन बच्चों के परिचित संदर्भ और उनके संस्कृति से किया जाएगा। मातृभाषा के स्वर, व्यंजन, मात्राओं को लेकर अभ्यास पुस्तिका बनाई गई है और उन्हें राज्य के पाठ्यपुस्तकों से संरेखित किया गया है।

### वर्ष में दो बार होगा सावधिक आकलन

वर्ष में दो बार बच्चों का सावधिक आकलन किया जाएगा। यह आकलन साप्ताहिक आकलन से अलग होगा। इस आकलन को शिक्षकों द्वारा ही संचालित किया जाएगा। हर आकलन के बाद उपचारात्मक शिक्षण कार्य के लिए आठ से दस दिन तय किए जाएंगे। कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा विशेष कक्षा दी जाएगी।

## एयरपोर्ट, जगन्नाथ मैदान और भाजपा कार्यालय में आज रहेगा 'नो ड्रोन' जोन

**रांची।** गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह 20 जुलाई को विशेष विमान से रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पधारेंगे। वहां से सड़क मार्ग के जरिये प्रस्थान कर जगन्नाथ मैदान धुर्वा और भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से विशेष विमान के जरिये पुणे के लिए प्रस्थान करेंगे। इस मौके पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से जगन्नाथ मैदान धुर्वा एवं भाजपा कार्यालय क्षेत्र में 'नो ड्रोन' जोन रहेगा।

ड्रोन रुल 2021 और डिजिटल स्काई पोर्टल के अवलोकन से स्पष्ट है कि यह क्षेत्र रेड जोन में पड़ता है, अर्थात इसमें ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध है। फिर भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से निषेधात्मक कार्रवाई की आवश्यकता है। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने अनुमंडल दंडाधिकारी सदर को निर्देश दिए हैं। इसे लेकर शुक्रवार को अनुमंडल दंडाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार की ओर से बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी किया गया। इस संदर्भ में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हिनू चौक से बिरसा चौक से जगन्नाथ मैदान धुर्वा से भाजपा कार्यालय हरमू के 500 मीटर की परिधि को ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून्स के संदर्भ में 'नो फ्लाई' जोन घोषित किया गया है।

## सहायक पुलिसकर्मियों से मिले बाबूलाल

**रांची।** बाबूलाल मरांडी मोरहाबादी में 19 दिनों से आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मियों से मिले। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भद्दी भद्दी गालियां दी गईं, पीटा गया। यह सब उस डीएसपी ने किया जो साहेबगंज में थे। तब रूपा तिर्की पर भद्दे कमेंट किया था। उनका कहना है कि इनके मंत्री ने इन्हें सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया था पर अपने ही पुलिसकर्मियों पर लाठी चार्ज हेमंत सोरेन सरकार के ताबूत पर अंतिम कील साबित होगा।








## डी फार्मा के छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देंगे: अभिषेक

**रांची।** शुक्रवार को युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में राजभवन सचिवालय में राज्यपाल के नाम एवं मुख्यमंत्री सचिवालय में मुख्यमंत्री के नाम से डी फार्मा के छात्र-छात्राओं की परेशानियों से संबंधित मांग पत्र सौंपा। मांगपत्र सौंपते हुए युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने कहा कि झारखंड राज्य फार्मेसी काउंसिल के अंतर्गत पूरे झारखंड राज्य में 122 कॉलेज वर्तमान में संचालित हैं। इन सभी कॉलेजों में अभी तक डी फार्मा के सत्र 20-22 एवं 21-23 के फाइनल परीक्षा अभी तक नहीं हो पाई है। इसे लेकर छात्र-छात्राएं काफी परेशान एवं चिंतित हैं।

## देवेंद्र महतो रिम्स रेफर

**रांची।** आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मी के समर्थन में सीएम आवास घेराव के दौरान देवेंद्रनाथ महतो समेत दर्जनों लोगों पर लाठीचार्ज किया गया। विशेष स्वास्थ्य टीम के निगरानी में देवेंद्रनाथ महतो को रिम्स रेफर किया गया। हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर में शिफ्ट किया गया।

# राज्यस्तरीय बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन करेगा चैंबर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्टार्टअप कॉन्क्लेव की सफलता को देखते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) जल्द ही राज्यस्तरीय बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन करेगा। इस आशय की सहमति उद्योग उप समिति की शुक्रवार को संपन्न हुई बैठक में बनी। उपाध्यक्ष राहुल साबू ने कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास के उद्देश्य से चैंबर द्वारा वृहद् स्तर पर इसका आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान सीजीटीएमएसई योजना के तहत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को बैंकों से ऋण प्राप्त करने में होने वाली कठिनाइयों पर चर्चा हुई। बताया गया कि सीजीटीएमएसई योजना के तहत ऋण लेने पर इकाइयों को अधिक ब्याज दर पर ऋण की देयता बन जाती है। ब्याज में राहत नहीं देने से एमएसई इकाइयों की कठिनाइयों का समाधान संभव नहीं हो रहा है, जिसकी विभागीय समीक्षा आवश्यक है। उप समिति चेयरमैन बिनोद अग्रवाल ने कहा कि केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत बैंकों द्वारा उपयुक्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। यह स्पष्ट किया जाना आवश्यक है कि इस योजना के तहत एमएसई को ऋण उपलब्ध कराने के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा बैंकों को क्या दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष राहुल साबू, महासचिव परेश गट्टानी, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, उद्योग उप समिति के चेयरमैन बिनोद अग्रवाल, सदस्य सुरेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम कुमार, संतोष अग्रवाल, राजीव चौधरी उपस्थित थे।



## एआईबीपीएआरसी ने किसानों के बीच फलदार पौधों का किया वितरण

**रांची।** आल इंडिया बैंक पेंशनर्स एंड रिटीरीज कन्फेडरेशन (एआईबीपीएआरसी) की झारखंड इकाई ने शुक्रवार को बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर नामकुम के चेने गांव में 100 किसानों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया। इनमें आम, कटहल और अमरूद के पौधे दिए गए। साथ ही, स्कूल में वर्ग एक से पंचम वर्ग तक के अध्यनरत 32 छात्रों के बीच एक-एक स्कूल बैग, पेंसिल और कॉपी वितरित किया गया। गांव के दस बुजुर्गों को साड़ी एवं धोती भी दिया गया। कार्यक्रम में 50 संगठन के सदस्यों ने योगदान दिया। दूसरी ओर बैंक, होटल ग्रीन पार्क के सभाकक्ष में आमसभा का आयोजन किया गया।

# रिम्स प्रबंधन आधारभूत संरचनाओं को करेगी मजबूत, जो भी अव्यवस्था है उसे दूर करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स में फैले अव्यवस्था को लेकर तरह - तरह के सवाल उठते रहते हैं। ऐसे में **राष्ट्रीय नवीन मेल** के संवाददाता ने रिम्स के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन से अव्यवस्था पर कई सवाल पूछे। इस पर उन्होंने कहा कि रिम्स प्रबंधन जल्द ही सभी आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करेगी। वहीं जो भी अव्यवस्था है, उसे चिन्हित कर दूर करेंगे। किसी भी मरीज या परिजन को कोई शिकायत करने का मौका नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि लिफ्ट का रिपेयरिंग हो रहा है। जल्द ही सभी को ठीक कर लिया जाएगा। लिफ्ट में पावर बैकअप की सुविधा उपलब्ध है। शौचालय में टूटे दरवाजों को जल्द लगा लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हाउस कीपिंग को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि साफ-सफाई में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। लिफ्ट ऑपरेटरों का बकाया राशि का भुगतान जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रिम्स के पुराने स्टाफ को स्थायी करने की योजना पर भी काम चल रही है। इसके अलावा मैन पॉवर की कमी को दूर किया जायेगा। नये पद का सृजन किया जा रहा है। जल्द ही सभी पदों को भर दिया जायेगा। संवाददाता ने पूछा कि एक आम आदमी रिम्स में मिलने वाली सुविधाओं को कैसे जान पायेगा? इस पर उन्होंने कहा कि शिशु रोग, आंख, नाक, कान, आर्थो, स्त्री रोग, न्यूरो, न्यूरो सर्जरी, जनरल सर्जरी के लिए ओपीडी बिल्डिंग में पर्ची काटी जाती है। हृदय और किडनी के लिए सुपर स्पेशलिस्ट बिल्डिंग में पर्ची कटता है। इमरजेंसी के लिए ट्रामा सेंटर में पर्ची काटी जाती है। दांत की बीमारी के लिए दंत विभाग के बिल्डिंग में पर्ची कटती है। पैथोलॉजी के लिए ओपीडी कॉम्प्लेक्स, एक्स-रे के लिए ओपीडी बिल्डिंग, कैंसर बीमारी के इलाज के लिए कैंसर विभाग की बिल्डिंग में पर्ची काटी जाती है। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए कंट्रोल रूम के बगल के काउंटर में संपर्क किया सकता है। आयुष्मान कार्ड के लिए कंट्रोल रूम के बगल के काउंटर में संपर्क करें। उन्होंने बताया कि इलाज सबके लिए सुलभ हो इसके लिए हॉस्पीटल मैनजमेंट करने वाले दस छात्रों की एक टीम बनाई गई, जिन्हें रोटेशन बेसिस में दो लोगों को कन्ट्रोल रूम में बैठने का निर्देश दिया गया है। एक मोबाइल नंबर 9263614358 को सार्वजनिक किया गया है। इस नम्बर में कॉल कर मरीज के परिजन आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ले सकते हैं। लंबी कतार से लोग बच सके इसके लिए सभी पर्ची कटाने वाले स्थलों में स्कैनर लगया गया है, जिससे लोग ऑनलाइन पर्ची कटा सकते हैं।



# डीएसपीएमयू में कई नए रोजगारपरक पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में शुक्रवार को अकादमिक काउंसिल की बैठक हुई। यह बैठक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अकादमिक काउंसिल की इस बैठक में सर्वप्रथम 13 सितंबर 2023 को हुए पिछले अकादमिक काउंसिल के प्रस्तावों की संपुष्टि की गई। कुलपति ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज की बैठक काफी महत्वपूर्ण है। इस बैठक में स्वपोषित आधार पर विश्वविद्यालय के इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर विभाग के अंतर्गत स्नातकोत्तर अंग्रेजी का पाठ्यक्रम प्रारंभ करने, इलेक्ट्रॉनिक्स में स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम की शुरुआत, संस्कृत के स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम में आंशिक संशोधन के साथ विश्वविद्यालय में कई नए पाठ्यक्रम की पढ़ाई जैसे रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और खेल मनोविज्ञान की पढ़ाई शुरू करने संबंधी प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा बैठक में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के अंतर्गत संचालित किए जाने वाले बीबीए पाठ्यक्रम के मॉर्निंग और इवनिंग सत्र में सीटों की संख्या 120 रखने के लिए भी सहमति बनी। इस बैठक में कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, सभी संकायों के डीन, सभी विभागाध्यक्ष, निदेशक और समन्वयक मौजूद थे।



## न्यूज बॉक्स

### नशीली पदार्थों के सेवन से बचें : राजेश कुमार सिन्हा




**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष डालसा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को प्रभात तारा हाई स्कूल, धुर्वा में नशा उन्मुलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने मानव औषधियां और मनःप्रभावी पदार्थ-1985 के अधीन अफीम, गांजा, हेरोइन, ब्राउन शुगर के व्यापार करने तथा अफीम की खेती करने से संबंधित अपराध के बारे में जानकारी दी। उन्होंने औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। इसके अलावा एनडीपीएस, एनसीबी तथा संविधान के अनुच्छेद - 47 के संबंध में भी जानकारी दी।मध्यस्थ पीएन सिंह ने कहा कि नशा हम सब के लिए एक अभिशाप है। अच्छी शिक्षा के अभाव में लोग कम उम्र में ही नशा जैसे अन्य शारीरिक परिणामों का शिकार हो जाते हैं और आजीवन नशे की लत में रहते हैं। सीआईडी डीएसपी राजकुमार यादव ने कहा कि नशीली पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग अपने अनमोल जीवन को नष्ट कर रहा है।

### रिम्स में बने आश्रय गृह के संचालन के लिए जल्द निकाली जाएगी निविदा

**रांची।** रिम्स रांची में सूदूर गांवों से लोग इलाज के लिए आते हैं। चाहे सर्दी हो, गर्मी हो या बरसात, मरीज के परिजनों को रिम्स के बरामदे में ही रात-दिन गुजारना पड़ता है। इन कठिनाइयों को गंभीरता से सांसद संजय सेठ ने समझा। उन्होंने अपने अथक प्रयास से तीन सौ दस बेड के आश्रय गृह का निर्माण और उद्घाटन कराया। अब इस आश्रय गृह की सुविधा उपलब्ध होने में मात्र एक कदम की ही दूरी है। इसके सफल संचालन के लिए जल्द ही निविदा निकाली जाएगी। तब मरीज के परिजनों को बरामदे में रहने की जगह आश्रय गृह का आश्रय मिलेगा।

### झारखंड स्टेट ओपन विश्वविद्यालय के एग्जिक्यूटीव काउंसिल की बैठक, 11 एजेंडा हुआ पास

**रांची।** झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को एग्जिक्यूटीव काउंसिल की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो टीएन साहु ने की। इस बैठक में 11 एजेंडों पर मुहर लगी। ये एजेंडा पूर्व में प्रस्तावित थे। बैठक में मुख्य रूप से एग्जिक्यूटीव काउंसिल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्या, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एसएन पांडेय, प्रो जयश्री शाहदेव, डॉ हरि उरांव और झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ धनश्याम सिंह मौजूद थे।



### समर्पण शाखा ने किया पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष के सम्मान में नौ दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रांची समर्पण शाखा ने 9 पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों के सम्मान में 9 दिवसीय कार्यक्रम 15 जुलाई से 23 जुलाई का आयोजन किया गया। गुरुवार को चौथे दिन शिक्षा के कार्यक्रम शाखा के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विनय अग्रवाल के सम्मान में किया गया। उनके सम्मान में बच्चों के बीच स्टेशनरी, कॉपी, पेन इत्यादि जरूरत के समानों का वितरण किया गया। यह कार्य रातु रोड स्थित मेट्रो गली के केबी बालिका उच्च विद्यालय में किया गया। इस कार्य में 200 बच्चे लाभान्वित हुए। बच्चे सामान पाकर बहुत खुश हुए। झारखण्ड प्रांतीय सयोजिका जनसेवा एवं राजनीतिक चेतना मीना टाईवाला भी उपस्थित रही। कार्यक्रम संयोजिका कविता सोमानी, दीपिका मोतिका, चन्द्रकला की देख रेख में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।



### सहायक पुलिसकर्मियों ने मांगा न्याय मिली लाठी : युवा आजसू

**रांची।** हेमंत सरकार के राज में सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज अत्यंत निंदनीय है। हेमंत सरकार ने सहायक पुलिसकर्मियों के खिलाफ, पुलिसकर्मियों को ही सामने खड़ा कर लाठीचार्ज करवाया। सहायक पुलिसकर्मी न्याय की मांग कर रहे थे पर मिली उनको लाठी। हेमंत सरकार हर आंदोलन को कुचलने पर आमादा है। अपने मानदेय वृद्धि और नियमितीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज निंदनीय है। यह अत्याचार हेमंत सोरेन सरकार के काले अध्याय का एक और उदाहरण है, जो आंदोलनों को दबाने और असहमति की आवाज को कुचलने के लिए जाना जाएगा। यह स्पष्ट है कि राज्य सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों की अवहेलना कर रही है। अपने जायज हकों की मांग करने वाले सहायक पुलिसकर्मियों के साथ ऐसा बर्ताव अत्यंत शर्मनाक और अस्वीकार्य है। सरकार का यह कदम न केवल अमानवीय है, बल्कि संवैधानिक अधिकारों का भी उल्लंघन करता है।

### लाठीचार्ज की घटना निंदनीय : विजय शंकर

**रांची।** सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज करना हेमन्त सरकार को भारी पड़ेगा। सरकार असंवेदनशील हो गई है। इनके जायज मांगो को पूरा करने के बजाय लाठीचार्ज कर रही है। उपरोक्त बातें विजय शंकर नायक ने कही। इन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार आंदोलन को पुलिस के बल पर दबाना चाहती है। जिसका ही परिणाम है कि आज आदिवासी मूलवासी सहायक पुलिस बल के युवाओं पर बर्बरता पूर्वक लाठी चलाने का काम किया इससे कई लोगों के सिर फूटे है एवं गंभीर चोटे आई है जिसकी हम निंदा करते है।

### 14 वीं झारखण्ड स्टेट राइफल शूटिंग चैम्पियनशिप में सूरज और अर्क राज ने गोल्ड पर साधा निशाना

**रांची।** हेहल डीएवी स्कूल की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में 14 वीं झारखण्ड स्टेट राइफल शूटिंग चैम्पियनशिप के विजेताओं को विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया। बताते चलें कि 14 वीं झारखण्ड स्टेट राइफल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन 07 से 10 जुलाई 2024 तक देवघर के सुरेंद्र सिंह शूटिंग रेंज में किया गया था। जहां पूरे राज्य से हर वर्ग के लगभग 200 खिलाड़ी शामिल हुए थे। विद्यालय के कक्षा दसवीं के छात्र सूरज प्रताप सिंह ने 'पीप साइट-यूथ मेंस,पीप साइट-जूनियर मेंस एवं पीप साइट-सीनियर मेंस' में तीन स्वर्ण पदक एवं सार्थक राज ने भी तीनों वर्गों में रजत पदक हासिल किया।वहीं ओपन साइट यूथ एवं जूनियर मेंस में अर्क राज ने स्वर्ण पदक व कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा सृष्टि प्रिया ने पीप साइट यूथ वुमेंस वर्ग में कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इन सभी की उपलब्धि पर प्राचार्य मिश्रा ने कहा कि इन भी ने राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण,रजत एवं काँस्य पदक जीतकर अपनी-अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।

## एक तस्वीर जारी कर झामुमो ने बाबूलाल से पूछे सवाल, भाजपा भी हुई आक्रामक

# अमित शाह से मिलने वाले दागियों व घुसपैठियों की सूची जारी करें : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय गृहमंत्री के रांची दौरे से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जमीन घोटाले में आरोपी और फरार कमलेश कुमार की केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ मुलाकात वाली तस्वीर जारी कर एक बड़ा राजनीतिक धमाका किया है। झामुमो के केंद्रीय कैंप कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय महासचिव ने पिछले मई महीने की एक तस्वीर मीडिया में जारी की है। जिसमें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और बाबूलाल मरांडी के साथ ईडी के आरोपी कमलेश कुमार भी दिख रहे हैं। जमीन के अवैध कारोबार में लगे कमलेश कुमार के यहां छापेमारी में 01 करोड़ रुपया और जिंदा कारतूस मिला था। ईडी की ओर से पांच-पांच समन देने के बावजूद वह आज तक ईडी से बचता रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पूछा कि क्या शनिवार को जब केंद्रीय गृहमंत्री मंत्री अमित शाह रांची आएंगे तो उनकी मुलाकात भी अलग-अलग आरोप में फंसे लोगों से होगी। अगर बाबूलाल मरांडी ने इसकी कोई योजना बना रखी है तो उसे सार्वजनिक करना चाहिए।

**क्या शिवराज सिंह चौहान के झारखंड दौरे का खर्च भारत सरकार वहन करेगी :** झारखंड दौरे पर लगातार आ रहे असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के झारखंड दौरे पर होने वाले खर्च को लेकर भी झामुमो ने सवाल उठाया है। असम के एक अधिकारी द्वारा झारखंड के डीजीपी को लिखे पत्र को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राजनीतिक कार्यक्रम में होने वाले खर्च को असम सरकार कैसे वहन करेगी।

### झारखंड में ईडी के स्पेशल डायरेक्टर बने हुए हैं बाबूलाल



झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव ने कहा कि दरअसल राज्य में बाबूलाल मरांडी परिवर्तन निदेशालय का स्पेशल डायरेक्टर बने हुए हैं। जो यह तय करते हैं कि किसके खिलाफ ईडी को करवाई करनी है और किन-किन आरोपियों-भ्रष्टाचारियों से झारखंड आने वाले केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करवाना है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य में जो भी लोग भाजपा की नीतियों का विरोध करते हैं उस पर ईडी कार्रवाई करती है, जबकि सच्चाई 9 मई की दो तस्वीर बयां कर रही है। जब केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण से ईडी के आरोपी की बाबूलाल मरांडी निर्मला सीतारमण से मुलाकात करवाते हैं। ईडी की कार्रवाई में जेल गए और फिर बेल पर छूटे विष्णु अग्रवाल केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात करते हैं। इसके साथ ही एक और आरोपी कमलेश कुमार की भी बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति में निर्मला सीतारमण की मुलाकात कई सवाल खड़े करता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रिया भट्टाचार्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को अब अपने कार्यकताओं पर भरोसा नहीं रह गया है।

# फोटो वॉर में राज्य सरकार ने करोड़ों रुपयों का किया बंटाधार : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



फिजूल खर्ची की बात करने वाले राज्य सरकार ने सिर्फ फोटो वॉर में करोड़ों रुपयों का बंटाधार कर दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा को भाजपा के केंद्रीय नेताओं के दौरे पर आना फिजूल खर्ची लगता है। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा पूर्णता फंड किए जाने वाले मोबाइल वेटरिनरी क्लिनिक वैन योजना सिर्फ फोटो वॉर के कारण बर्बादी के कगार पर है। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बीमार पड़े जानवरों का पशुपालकों के घर पर जाकर ही इलाज करने की योजना थी। राज्य के सभी 236 ब्लॉकों में इस तरह के मोबाइल वैन को देने की योजना थी। प्रथम खेप में 70 वैन मिल भी गए थे। 10 अगस्त 2023 को राज्य सरकार ने इन वैनों के संचालन के लिए एमओयू भी कर दिया। परंतु एक वर्ष से भी ज्यादा समय से यह वैन खड़ी है। इनमें अभी भी पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख की तस्वीर लगी है। इन वैनों की खरीद में राज्य सरकार का कोई पैसा नहीं लगा है और पूर्णता केंद्र सरकार का पैसा लगा हुआ है। यह एक और उदाहरण है कि किस तरीके से राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं को लटकाना और अटकाना चाहती है। प्रतुल ने कहा कि इसी तरह गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के लिए 66 लाख थैलें बनवाए गए थे जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तस्वीर लगी हुई थी। थैलों में योजनाओं का भी जिक्र था। इनमें से सिर्फ 22 लाख थैली बांटे गए। जबकि 44 लाख थैली को नहीं बांटा गया। प्रतुल ने कहा यह विशुद्ध रूप से सरकारी खजाने का दुरुपयोग है क्योंकि पिछले 5 महीना से थैली को नहीं बांटना यह दिखा रहा है की हेमंत सोरेन सिर्फ खुद का चेहरा चमकाने में विश्वास रखते हैं।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों पर अधिकारी दे रहे गलत शपथ पत्र

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देश के बावजूद भी राज्य सरकार बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियो के मुद्दे पर न्यायालय को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।उच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि सीमावर्ती 6 जिलों के उपायुक्त ही शपथ पत्र के जरिए घुसपैठ की जानकारी देंगे और उनको निकालने के कदम भी बताएंगे। प्रतुल ने कहा कि लेकिन राज्य सरकार के दबाव में जानबूझकर एलआरडीसी, एसी और एसडीओ जैसे कनीय अधिकारियों ने एफिडेविट करके गलत जानकारी दी कि कोई बांग्लादेशी घुसपैठिया इन 6 जिलों में नहीं है । प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार के ही स्पेशल ब्रांच ने 2 जून, 2023 को सभी उपायुक्तों को पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा था कि बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संताल के मदरसों में ठहराया जाता है। उनके पहचान पत्र भी बनाए जाते हैं। प्रतुल ने कहा कि उच्च न्यायालय में गलत जानकारी देने वाले अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज हो।

## एरिया कमांडर नकुल और दिलीप चन्द्रवंशी को सात साल का जेल

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पाण्डेय की कोर्ट ने एमसीसी के एरिया कमांडर नकुल यादव और दिलीप चन्द्रवंशी को सात साल की सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने 50 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में दोनों को सात माह का अतिरिक्त कारावास काटनी होगी। इस केस में अभियोजन की ओर से कुल सात गवाहों की गवाही करवाई गई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक बी. एन. शर्मा ने पक्ष रखा और बहस की। नकुल यादव के खिलाफ रांची जिला के खलारी थाना में वर्ष 2002 में कांड संख्या 42/2010 दर्ज किया गया था। इस केस का ट्रायल पोटा के तहत चला।

# अमित शाह आज झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के अभियान का

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह शनिवार को रांची आ रहे हैं। वह झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के अभियान का शंखनाद करेंगे। पार्टी ने रांची के प्रभात तारा मैदान में प्रदेश की विस्तारित कार्यसमिति की सभा बुलाई है, जिसे वह मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करेंगे। इस सभा में प्रदेश, जिला, मंडल स्तर की कार्यसमिति और पार्टी के विभिन्न मोर्चों-प्रकोष्ठों के 26 हजार से ज्यादा पदाधिकारी और सदस्य शामिल होंगे। अमित शाह शनिवार को लगभग छह घंटे तक रांची में रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, वह अपराह्न डेढ़ बजे रांची आएंगे और इसके बाद प्रभात तारा मैदान पहुंचकर प्रदेश भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति की सभा में नेताओं-कार्यकताओं में चुनावी समर को लेकर उत्साह भरेंगे। बाद में शाह प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचकर पार्टी के प्रमुख नेताओं और प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ चुनावी रणनीति पर विमर्श करेंगे। भाजपा ने लोकसभा चुनाव परिणाम के तुरंत बाद राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकताओं में ऊर्जा भरने की मुहिम शुरू कर दी है। 18 जून को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड के प्रमुख भाजपा नेताओं के साथ दिल्ली में बैठक की थी, जिसमें तय हुआ था कि अगले पांच महीने के चुनावी अभियान के लिए ब्लूप्रिंट तैयार किया जाए। इसके लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को राज्य में चुनाव प्रभारी और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया गया। इन्हें टास्क सौंपा गया है कि लोकसभा चुनाव में जहां भी कमी रही गई, वहां डैमेज कंट्रोल की प्रभावी योजना बनाई जाए। एक-एक बूथ पर मिले वोट को ध्यान में रखकर काम हो। पिछले तीन हफ्तों के दौरान शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा ने तीन बार झारखंड के अलग-अलग इलाकों का दौरा कर कार्यकताओं से संवाद किया। पार्टी की ओर से पिछले 5 जुलाई से लेकर 16 जुलाई तक सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में विजय संकल्प सभाओं का आयोजन किया गया और बूथ स्तरीय कार्यकताओं को सम्मानित किया गया।



## माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड के आरोपित की जमानत खारिज

**रांची।** न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की कोर्ट ने शुक्रवार को माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड के आरोपित विनोद कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी। सुभाष मुंडा की हत्या 26 जुलाई, 2023 को हुई थी। सुभाष मुंडा दलादली स्थित दफ्तर में कुछ लोगों के साथ बैठे थे। इसी दौरान घात लगाए अपराधियों ने गोली मारकर सुभाष की हत्या कर दी थी। विनोद कुमार कई सालों से सुभाष मुंडा का करीबी था। विनोद कुमार के नाम पर सुभाष मुंडा ने कई जमीन ले रखी थी। नगड़ी के एक जमीन को लेकर सुभाष मुंडा और छोटू खलखो की बीच विवाद चल रहा था लेकिन पैसे की लालच में छोटू खलखो से विनोद कुमार मिल गया था और साजिश रचकर शूटरों से सुभाष मुंडा की हत्या करवा दी थी। हत्याकांड को लेकर एसआईटी गठित किया गया था। मामले में पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता छोटू खलखो, विनोद कुमार और बबलू पासवान सहित अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# सीएम हिमंता के झारखंड दौरे में सुरक्षा पर होने वाला खर्च चुकाएगी असम सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा के झारखंड में होने वाले दौरे में उनकी सुरक्षा के प्रोटोकॉल पर होने वाला खर्च वहां (असम) की प्रदेश सरकार चुकाएगी। इसे लेकर असम पुलिस की स्पेशल ब्रांच के एडीजीपी हितेश चंद्र नाथ ने झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह को पत्र लिखा है। इस पत्र में बताया गया है कि सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में चुनाव सह प्रभारी नियुक्त किया है। ऐसे में उन्हें राजनीतिक कार्यों से लगातार झारखंड का दौरा करना है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर हिमंता बिस्वा सरमा को पूरे भारत में जेड प्लस सिक्योरिटी के साथ-साथ सीआरपीएफ का सिक्योरिटी कवर प्रदान किया जाना है।पत्र में झारखंड पुलिस से आग्रह किया गया है कि वे जब भी झारखंड दौरे पर रहें, उन्हें इसी के अनुरूप सुरक्षा मुहैया कराई जाए। एडीजीपी हितेश चंद्र नाथ ने पत्र में यह भी कहा है कि सीएम हिमंता बिस्वा सरमा के दौरे पर सिक्योरिटी पर झारखंड सरकार का जितना भी खर्च हो, उसके बिल उन्हें भेज दिए जाएं ताकि असम सरकार की ओर से इसका भुगतान किया जा सके। बता दें कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हाल में सीएम हिमंता बिस्वा सरमा के भाजपा के चुनाव सह प्रभारी के रूप में बार-बार झारखंड दौरे पर सवाल खड़ा किया था। पार्टी के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि असम के सीएम के लगातार दौरे की वजह से झारखंड सरकार को सुरक्षा मद में अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ रहा है।



# युवाओं पर बरसी एक-एक लाठी का हिसाब लेगी जनता : संजय सेठ

### गठबंधन की सरकार ने 5 साल युवाओं पर सिर्फ लाठियां बरसाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड सरकार के द्वारा सहायक पुलिसकर्मियों पर हुए लाठी चार्ज को लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री सेठ ने कहा है कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार रोजगार देने के नाम पर आई। और पूरे 5 साल रोजगार मांगने वालों पर लाठियां बरसाती रही। सहायक पुलिसकर्मी लंबे समय से अपने स्थाईकरण और अन्य मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करते रहे। इस गठबंधन की सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगा। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देशभर में युवाहित और रोजगार की बात करने वाले वामपंथियों का भी इस सरकार को समर्थन प्राप्त है और इस मुद्दे पर तमाम वामपंथी चुप हैं। भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त रहने वाली सरकार ने न्याय मांगने वाले झारखंड के युवाओं पर आज लाठियां बरसाई है, जो बेहद घृणित और लोकतंत्र को कलंकित करने वाला कृत्य है। कांग्रेस और झामुमो का युवा विरोधी चेहरा एक बार फिर सामने आया है। यह लोग राज्यहित की बात करते हैं और न्याय मांगने वाले युवाओं पर लाठियां बरसाते हैं। ऐसी तानाशाह सरकार को याद रखना चाहिए कि जनता सब कुछ याद रखती है। यह लोकतंत्र है। आज युवाओं पर जो लाठियां इस सरकार में बसाई है, एक-एक लाठी का हिसाब जनता इन्हें चुनाव में देगी। श्री सेठ ने यह मांग की है कि इस पूरी गठबंधन की सरकार को इस लाठी चार्ज की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए।

# संताल में आदिवासी आबादी पर संकट संस्कृति-सभ्यता पर भी खतरा : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को संथाल परगना में आदिवासियों की घटती आबादी के जांच के संदर्भ में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि संताल परगना में आदिवासी आबादी पर संकट है। राज्य के संस्कृति और सभ्यता पर भी खतरा है। ऐसे में यहां रहने वाले आदिवासियों के लिए भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है, जिसकी पहचान यहां के आदिवासी समाज की पहचान का एक हिस्सा रही है लेकिन हाल के दशकों में इस क्षेत्र में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इस विषय को संज्ञान में लेते हुए एसआईटी का गठन कर जांच कराने की अनुशंसा करें, जिससे आदिवासी समाज की घटती आबाद के पीछे का रहस्य उजागर हो सके। बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध प्रवास के कारण यहां का समाज अपने अस्तित्व और संसाधन बचाने में लगा है। घुसपैठिए तेजी से यहां बस रहे हैं और आदिवासी समाज की जल, जंगल व जमीन को खतरा पहुंचा रहे हैं। साथ ही अपने आपराधिक कृत्यों से माताओं, बहनों और बच्चों को प्रताड़ित कर रहे हैं। यहां तक कि बंग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासी समाज की बहनों को लोभ-लालच एवं डरा-धमका कर जबरन शादी कर इनकी जमीन को कब्जा कर रहे हैं।

### 47 से 28 प्रतिशत कैसे हो गए आदिवासी



बाबूलाल ने आंकड़ा पेश करते हुए लिखा है कि वर्ष 1951 में संथाल परगना में आदिवासियों की संख्या जहां 44.67 प्रतिशत थी, वहीं आज यह घटकर मात्र 28.11 प्रतिशत ही बची है। ऐसा ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब संथाल परगना में संथाल ही अल्पसंख्यक हो जायेंगे तथा आदिवासियों के नाम से जाना जाने वाला यह संथाल परगना अपनी पहचान खो देगा। अनुमानित आंकड़ों के आधार पर स्पष्ट रूप से संथाल परगना में यह बात परिलक्षित होती है कि वर्ष 2021 जनगणना में आदिवासी समुदाय और मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या में ज्यादा अंतर नहीं रहने की संभावना है या ये भी कह सकते हैं कि वर्ष 2021 जनगणना में ही आदिवासी समुदाय और मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या लगभग बराबर हो गई है। इस बात का अंदेशा पूर्व से ही लगाया जा रहा है और वह सच साबित होता दिख रहा है।

# जनजातीय लड़कियों और महिलाओं को सशक्त बनाने को लेकर कार्यशाला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक और राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ आरएन शर्मा ने कहा है देश की कुल जनसंख्या का छठा हिस्सा किशोरों का है। इस कारण किशोर स्वास्थ्य एक महत्पूर्ण हिस्सा है। शुक्रवार को वह जनजातीय किशोरियों और महिलाओं के स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित एक कार्यशाला को वह संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, पिरामल फाउंडेशन और एकजुट संस्था द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। श्री शर्मा ने किशोरों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच में बाधाओं, जिसमें संगठनात्मक और सामुदायिक चुनौतियाँ शामिल हैं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती जनसंख्या के दबाव को कम करने, स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता और स्वास्थ्य संस्थानों के सुदृढ़ीकरण पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने किशोर स्वास्थ्य के लिए पीआईपी में फंड के आवंटन पर भी जोर दिया। आईईसी के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ लाल माझी ने कहा कि हेल्थ डेवलपमेंट पार्टनर्स आईईसी के माध्यम से जनोपयोगी कार्यक्रमों को ग्रासरूट तक कैसे ले जाएं, इस पर मंथन करना चाहिए। ऐसी संचार रणनीतियां तैयार की जाए जिससे स्वास्थ्य जागरूकता का असर दिखे।

## न्यूज | बॉक्स

### मोहन भागवत ने नीम का पौधा लगाया



**रांची ।** विकास भारती के बिशुनपुर मुख्यालय परिसर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत का आगमन हुआ। जहां उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया. इस अवसर पर श्री भागवत ने गांवो के समग्र विकास पर ग्राम प्रमुखों सहित अन्य लोंगो से विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर झारखण्ड के विभिन्न ग्राम से 2000 ग्राम प्रमुख एवं विकास भारती के सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए। ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम के उपरांत विकास भारती के सभी केंद्र (केंद्र कृषि विज्ञान केंद्र, कारीगर पंचायत, सीएफसी, ज्ञान निकेतन) परिसर का भ्रमण किया। वहीं सृजन परिसर में नीम पौध का पौधरोपण किया। साथ ही गांधी सभागार में विकास भारती के सभी कार्यकर्ता के साथ संवाद स्थापित किया।

### ईएसआई एचईसी कर्मचारियों की चिकित्सा सुविधा बहाल रहेगी : सत्यानंद भोक्ता



**रांची।** एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति व यूनियन के प्रतिनिधियों ने श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता से नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में मुलाकात की। वहीं आठ सूत्री मांगों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राजद के प्रधान महासचिव सह पूर्व विधायक संजय प्र यादव व महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने किया। वार्ता के दौरान मंत्री श्री भोक्ता ने सभी बिंदुओं को ध्यान पूर्वक सुना। उसके बाद मंत्री ने कहा कि ईएसआई में कर्मचारियों का चिकित्सा सुविधा बहाल रहेगी। इस पर रोक नही लगेगी। इस संबंध में उन्होंने नामकुम ईएसआई अस्पताल के डॉ राजीव कुमार को निर्देश दे दिया गया। इसके अलावा मांग पत्र में एचईसी कर्मियों का वेतन भुगतान करने, नये कर्मचारियों को काम पर रखने, बैंक गारंटी सहित सभी मांगों पर विचार के लिए 23 जुलाई को त्रिपक्षीय वार्ता बुलाई गई है। वार्ता में विशेष रूप से राजद के प्रधान महासचिव सह पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव, महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, महासचिव आबिद अली, वरिष्ठ नेता राजेश यादव, महासचिव सुनीता चौधरी, डॉ अरुण यादव, शब्बर फातमी, प्रणय कुमार बबलू एवं एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति से सीटू नेता भवन सिंह, प्रमोद कुमार, मनोज पाठक, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### अति कमजोर जनजातीय समूह के बीच परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

**रांची।** जिले के राहे प्रखंड अन्तर्गत लाधुप ग्राम में अति कमजोर जनजातीय समूह के बीच जेटीडीएस द्वारा परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इस अवसर पर झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाइटी के जिला परियोजना प्रबंधक वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने लाभुकों से योजना अंतर्गत वितरित सामग्री से अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए कहा। झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की इकाई जेटीडीएस द्वारा लक्षित अति कमजोर जनजातीय समूह के 31 लाभुकों को ग्राम सभा द्वारा चयन कर रस्सी कार्य के लिए औजार व अन्य सामग्री पूर्व में दिये गये थे। इसी क्रम में रस्सी कार्य के लिए बोरे का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला इकाई की ओर से कविता कुमारी, सीमा होदा, सहयोगी संस्था जन जागरण केंद्र के पुष्कर पातर मुंडा, ग्राम स्तर पर कामेश्वर बिरहोर आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई। ज्ञातव्य हो कि कार्यक्रम सामुदायिक संरक्षण व विकास योजना अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही है, जिससे पीवीटीजी समुदाय के लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

### दिनेश सोनी ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन




**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, इंडियन कनफेडरेशन ऑफ लेबर आईसीएल के राष्ट्रीय महासचिव अवतार सिंह एवं पटना से रोशन कुमार ने शुक्रवार को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में झारखंड राज्य के ऑटो चालक व ई रिक्शा चालकों की समस्याओं के बारे में बाताया गया। ज्ञापन में ऑटो चालक मालिकों के लिए और ई-रिक्शा चालक मालिकों के लिए कम से कम 10000 सीएनजी ऑटो को परमिट और ई-रिक्शा चालकों के लिए सिटी पास एवं पूरे रांची शहर में यात्री चढ़ा उतार कराने की मांग की।

### झारखंड हाई कोर्ट में हाजिर हुए गढ़वा पलामू और लातेहार के उपायुक्त




**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले के उपायुक्त सशरीर उपस्थित हुए। पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले में 10 ग्राम सेविकाओं की नियुक्ति को 24 वर्ष बाद रद्द कर दिया गया था, जिसके बाद सभी ग्राम सेविकाओं ने नियुक्ति रद्द करने के खिलाफ और बकाया वेतन एवं रिटायरमेंट बेनिफिट की मांग को लेकर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की कोर्ट में हुई। झारखंड हाई कोर्ट ने वर्ष 2023 में इनकी याचिका स्वीकार करते हुए लंबित वेतन का भुगतान करने और रिटायरमेंट बेनिफिट देने का निर्देश तीनों जिलों के डीसी को दिया था लेकिन अब तक इस आदेश का अनुपालन नहीं हुआ। इसपर नाराजगी जताते हुए अदालत ने इन जिलों के डीसी को उपस्थित होने का निर्देश दिया था। तीनों जिलो के डीसी अदालत में शुक्रवार को उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि दो सप्ताह में अदालत के आदेश का अनुपालन कर दिया जाएगा। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनोज चौबे ने बहस की।

### विधानसभा के मॉनसून सत्र में प्रथम अनुपूरक बजट के लिए मांगा गया प्रस्ताव

**रांची ।** झारखंड विधानसभा का आगामी मॉनसून सत्र 26 जुलाई से दो अगस्त तक आहूत है। इसको ध्यान में रखते हुए प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी तैयार की जा रही है। वित्त विभाग ने इस संबंध में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव व विभागध्यक्ष को पत्र भी लिखा है और प्रथम अनुपूरक के लिए वांछित स्थापना, योजना संबंधी प्रस्ताव हर हाल में 23 जुलाई तक समर्पित करने को कहा है। विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बाद प्रस्ताव ऑनलाइन ही स्वीकार किए जायेंगे। विभागों को कहा गया है कि केंद्र प्रायोजित योजना, केंद्रीय सेक्टर योजना की हिस्सेदारी की परिवर्तन से जुड़े प्रस्ताव, केंद्र व राज्यांश के हिस्सेदारी पैटर्न के अनुसार प्रस्ताव, वित्त वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट के किसी त्रुटिपूर्ण बजटीय उपबंध में सुधार के प्रस्ताव, नया बजटीय उपबंध संबंधी प्रस्ताव, स्थापना व्यय इत्यादि के प्रस्ताव भी मांगे गये हैं।

## एक नजर

### महीनों से खेत में गिरा पड़ा है ग्यारह हजार वोल्ट का तार

**बरही।** गौरियाकरमा पंचायत के धोबियाटांड़ गांव के नीचे टोला स्थित नउवा टांड़ और घोघरा स्थित खेत में पिछले एक माह से ग्यारह हजार के तार सहित बिजली के तीन खंभे गिरे पड़े हैं. जिससे किसानों के खेत की ओर जानेवाली बिजली बंद है. इससे किसानों को सिंचाई में परेशानी हो रही है. ग्रामीणों ने बताया कि यह खंभे पिछले दिन आए आंधी की वजह से गिरे थे. जिसके मरम्मती के लिए ने बीते 26 जून को विभागीय एसडीओ को आवेदन दिया गया था. परंतु आज तक विभाग की कुंभकर्णी निंद्रा नही टूटी है. जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों से इसे अतिशीघ्र दूर दुरुस्त करने की मांग की है. मांग करने वालों में अशोक कुशवाहा, बद्री महतो, सीताराम प्रसाद, द्वारिका महतो, आशिक मियां, रामचंद्र महतो, सीताराम महतो, फागू महतो आदि दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं.

### चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती को अभ्यर्थी 22 जुलाई तक दे सकेंगे आवेदन

**रामगढ़।** रामगढ़ जिलान्तर्गत चौकीदार के रिक्त कुल 75 पदों पर सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन संख्या-01/2022 के माध्यम से अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पर स्क्रूटनी के पश्चात दिनांक-09.07.2024 से दिनांक 15.07.2024 तक दावा-आपत्ति करने हेतु तिथि निर्धारित की गई थी। उक्त निर्धारित तिथि में अभ्यर्थियों से प्राप्त दावा-आपत्ति आवेदन की जांच कर स्क्रूटनी के पश्चात दिनांक-18.07.2024 को अपलोड कर दी गई है। साथ ही दिनांक-18.07.2024 को रामगढ़ जिला चौकीदार नियुक्ति समिति की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन आवेदकों द्वारा दिनांक-15.07.2024 तक दावा-आपत्ति आवेदन जमा नहीं किया गया है।

### एनसीडीसी कर्मियों के बकाया वेतन का भुगतान जल्द होगा : खिरोधर

**बरकाकाना।** एनसीओईए केंद्रीय कमेटी सदस्य खिरोधर महतो ने प्रेस बयान जारी करते हुए शुक्रवार को बताया है कि सेंट्रल वर्कशॉप बरकाकाना एनसीडीसी कर्मियों का बकाया वेतन जल्द मिलेगा। उन्होंने बताया कि कैंटिन को समय से मिलने वाली सब्सिडी पिछले 24 महीनों से बंद कर दिया है। जिसके कारण 16 मजदूरों का 24 महीनों का वेतन भूगतान नहीं मिल पाया है। मजदूरों की स्तिथि दर बदर हो गई है। प्रबंधन कैंटीन को आउटसोर्सिंग में चलाने के लिए अडीग है। इसे लेकर शुक्रवार को सीसीएल मुख्यालय रांची में वेलफेयर बोर्ड कमेटी की बैठक में सीसीएल वेलफेयर कमेटी सदस्य पीके विश्वास ने ये मुद्दा उठाया। उन्होंने डीपी साहब के समक्ष मुद्दा उठाकर मिलने वाली प्रत्येक महीना 95 हजार रुपए सब्सिडी दिलाने, तत्काल कैंटीन कर्मियों के 24 महीना का वेतन देने गारंटी दी।

## कोल इंडिया में पदोन्नति मामले में तीन साल के अनुभव की बाध्यता खत्म

**कुजू।** ऑल इंडिया डिप्लोमा इंजीनियरिंग ऑफिशियल एसोसिएशन के सार्थक प्रयास के बलबूते अब माइनिंग संवर्ग के गैर अधिकारी वर्ग से अधिकारी बनने में तीन साल के अनुभव की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। इसको लेकर कोल इंडिया प्रबंधन ने 15 जुलाई को आदेश जारी करते हुए इसे लागू करने की घोषणा की है। इस मांग को लेकर ऑल इंडिया डिप्लोमा इंजीनियरिंग ऑफिशियल एसोसिएशन ने कोल इंडिया मुख्यालय में चेयरमैन पीएम प्रसाद को कई दफा संपर्क साधते हुए ज्ञापन भी सौंपा था। साथ ही कोयला मंत्री को भी इस मांग से अवगत कराया गया था। इसके बाद 27 जून को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की 467वीं बैठक में माइनिंग संवर्ग के कैडर स्कीम में संशोधन पारित की गई। इसके बाद माइनिंग संवर्ग में गैर अधिकारी वर्ग से अधिकारी वर्ग की चयन व पदोन्नति का रास्ता आसान हो गया है। इस संशोधन के बाद अब द्वितीय श्रेणी खान प्रबंधक की योग्यता का प्रमाण पत्र ही प्रमोशन का आधार होगा। इस संशोधन का स्वागत करते हुए एआईडीईओ के राष्ट्रीय महासचिव आरके तिवारी व संयुक्त राष्ट्रीय महासचिव निशांत सिंह ने कहा कि माइनिंग संवर्ग के लोगों के एकजूटता व जायज मांग को पूरा कराने की ललक ने अंततः विजयश्री दिलाया।आगे भी एकजूटता कायम रखने का आह्वान किया गया।साथ ही इस अति विशिष्ट मांग पूरा करने के लिए कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद, डीपी विनय रंजन, सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह व बीसीसीएल सीएमडी समीरन दता का आभार जताया है।

### शहर में कल होगा भव्य मैराथन का होगा आयोजन

# हजारीबाग के लिए ऐतिहासिक होगा मैराथन : प्रदीप प्रसाद




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के द्वारा उनके कार्यालय सभागार मे शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, प्रेस वार्ता का मंच संचालन मनोज श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। प्रेस वार्ता में प्रदीप प्रसाद के साथ कई खेल प्रेमी तथा पर्यावरण प्रेमी गण मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदीप प्रसाद ने कहा कि 5 जून से प्रारंभ हरियाली महोत्सव जिसका शुभारंभ सांसद मनीष जायसवाल के हाथों किया गया था ।एक लाख पौधों के साथ इस मुहिम को प्रारंभ किया गया था शुक्रवार तक 65 हजार के आंकड़ों को पार करते हुए नजर आ रही है इन आंकड़ों के बीच विभिन्न स्कूलों में विभिन्न कोचिंग संस्थानों में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ सदर विधानसभा क्षेत्र के हर प्रखंडों में पौधा का रोपण तथा पौधा का वितरण किया गया है जिसका परिणाम हम सबों को आज 65 हजार के साथ मिला है।

#### सफल होने वाले धावक को मिलेगा पुरस्कार राशि

महिलाओं और पुरुषों में प्रथम पुरस्कार 11 हजार,द्वितीय पुरस्कार छ : हजार, तृतीय पुरस्कार चार हजार,चतुर्थ पुरस्कार दो हजार,पांचवा पुरस्कार एक हजार, छठा से लेकर दसवां पुरस्कार तक 500 पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा।

हमारा लक्ष्य है एक लाख को पूरा करना। इस मुहिम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश जन-जन को दिया है जिसे हरियाली महोत्सव मुहिम सफलता की ओर काफी अग्रेषित हुई है।

#### सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इंतजाम

21 जुलाई के मैराथन दौड़ में महिलाएं भी शामिल होंगी जिसे देखते हुए सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है 400 वॉलिंटियर की देखरेख में मैराथन दौड़ संपन्न होगा वही रूट में आने वाले सभी थानों को सूचित किया गया है इसके अलावा विशेष गार्ड की भी व्यवस्था की गई है।

## न्यूज बॉक्स

### 'घेरा डालो, डेरा डालो' कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहायक अध्यापकों ने की बैठक



**बरकट्ठा।** प्रखंड के सहायक अध्यापक संघ के सचिव सुकर ठाकुर के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 20 जुलाई को झारखंड के सभी सहायक अध्यापकों के द्वारा रांची के मोरहाबादी मैदान में घेरा डालो डेरा डालो कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति अनिवार्य होने के लिए अह्वान किया गया। प्रखंड सचिव सुकर ठाकुर ने कहा कि यदि हम लोगों को हेमंत सरकार अपना वादा पूरा नहीं करती है और जल्द से जल्द हमारी मांग पूरी नहीं करती है तो हम लोग जिस प्रकार से रघुवर सरकार को सत्ता से उखाड़ फेक थे उसी तरह से हेमन्त सरकार को भी सत्ता से उखाड़ फेकेंगे। मौके पर प्रखंड राजेश ठाकुर,बालेश्वर सिंह, अरुण कुमार, राघवेंद्र लाल, घनश्याम कुमार, दुलारचंद साव, मिनहाज अंसारी, प्रकाश टुडू समेत आदि सहायक शिक्षक मौजूद थे।

### 72 वर्षों के बाद श्रावन मास की शुरुआत व समापन एक साथ : मिथलेश तिवारी



**रामगढ़।** इस बार पवित्र श्रावन मास 22 जुलाई 2024 सोमवार से 19 अगस्?त सोमवार तक रहेगा। इस दौरान एक दुर्लभ संयोग भी बन रहा है। 72 वर्षों बाद ऐसा हो रहा है कि श्रावन मास की शुरूआत सोमवार से हो रहा है और इसका समापन भी सोमवार को हो रहा है। उक्त बातें 19 जुलाई को ज्योतिषी मिथलेश तिवारी ने कही। उन्होंने बताया की इस बार के श्रावन मास में कई अन्य योग बन रहे हैं। श्रावन की पहली सोमवारी को प्रीति योग, आयुष्?मान योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। वहीं श्रावन में शुक्रादित्?य योग, बुधादित्?य योग, नवपंचम योग, गजकेसरी योग, कुबेर योग, शश योग भी बन रहे हैं। इससे इस महीने का महत्व और बढ़ जाता है। खास बात यह है कि शुभ योग और अन्य राजयोग बनने से कुछ खास राशियों के लोगों को विशेष लाभ मिलने की संभावना है।

### अभिभावकों के साथ शिक्षकों ने किया गोष्ठी का आयोजन



**रामगढ़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में शुक्रवार को अभिभावकों के साथ शिक्षकों की गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में छात्र-छात्राओं की विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति रहे इसके लिए अभिभावकों का मार्गदर्शन और सहयोग अपेक्षित प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने मांगी। वे गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चे प्रतिदिन ससमय स्कूल ड्रेस में विद्यालय में उपस्थित हों इसके लिए रखरखाव पर विशेष कर अभिभावक ध्यान दें । विद्यालय में जो भी विषय वस्तु का गृह कार्य दिया जाता है अभिभावक उसे घर में बच्चों से अवश्य कराएं। डॉ कश्यप ने कहा कि वैसे छात्र अच्छे अंक लाते हैं जिनकी उपस्थिति शत प्रतिशत रहती है । जो स्वास्थ्य के प्रति ,समय के प्रति कटिबद्ध रहते हैं वहीं छात्र एक दिन अच्छे परिणाम लाते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए अभिभावक अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें तो तो एक दिन उनके बच्चों को अच्छी सफलता प्राप्त होगी। गोष्ठी का संचालन विद्यालय के सहायक अध्यापक गौतम कुमार गुप्ता और विद्यालय के अध्यक्ष योगेश्वर भुईयां ने किया । गोष्ठी में विद्यालय के शिक्षक शारदानंद शर्मा ,जेठालाल मांझी ,रेणु देवी आदि उपस्थित थे।

### नेत्र जांच के लिए 116 शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



रामगढ़। को टाटा स्टील फाउंडेशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति रामगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 19 जुलाई को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर के प्रांगण में 116 शिक्षकों को नेत्र जांच के लिए प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण देने के क्रम में उपेंद्र कुमार नेत्र पदाधिकारी ,अभिजीत कुमार डीपीएम साइट सेवर्स रामगढ़ ,अजय कुमार सीएससी मांडू ,सुरेंद्र प्रसाद टाटा स्टील फाउंडेशन ,लक्ष्मी कुमारी टाटा स्टील फाउंडेशन ,अमर कुमार टाटा स्टील फाउंडेशन, संगीता प्रसाद टाटा स्टील फाउंडेशन एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप भी उसे उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय रुआर 2024 अभियान की हुई शुरुआत

# विभाग के अधिकारी की अहम भूमिका होगी : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर जिला स्तरीय स्कूल रुआर,2024 अभियान का शुभारंभ डायट में किया गया। 21 दिवसीय रूआर 2024 अभियान के तहत 16 दिनों का कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर होगा। अभियान का उद्घाटन उपायुक्त नैन्सी सहाय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उपायुक्त को शिक्षा विभाग के द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिले के कोई भी बच्चे स्कूल से बाहर नहीं रहे इसके लिए रूआर की शुरूआत की गई। इस अभियान में शिक्षक,बीआरपी, सीआरपी शिक्षा विभाग के अधिकारी की अहम भूमिका होगी। जिनके प्रयास से विद्यालय प्रबंधन समिति एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर मिशन को सफल को बनाएंगे। उन्होंने कहा की आप सबों के प्रयास से ही हजारीबाग शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल रहा है बेहतर प्रदर्शन किया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा की किसी भी कारण से विद्यालय ने नामांकन नही हो सका है या किसी कारण से विद्यालय छोड़ चुके हैं वैसे बच्चों को पुनः नामांकन कराकर विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित करना है। जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता ने कहा की अभियान की सफलता में शिक्षा विभाग से जुड़े सभी पदाधिकारी, शिक्षक, बीआरपी सीआरपी की अहम भूमिका है जिसे बेखूबी निभाना है।

### उपायुक्त ने दी दिव्यांगों को बैटरी चलित ट्राईसाइकिल

**हजारीबाग** उपायुक्त के सप्ताहिक जनता दरबार में सैकड़ों की संख्या में जिला के दूर दराज के ग्रामीण अपने फरियाद लेकर आते है। उन आवेदनों को पूरी संवेदनशीलता के साथ संबंधित विभागों में प्रक्रियाधीन किया जाता है। उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा हर जरूरतमंदों को न्याय व सहायता मिल सकें इसलिए सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को उपायुक्त का द्वार आमजनता के लिए खोल दिया जाता है। विगत कई दिनों से दिव्यांगजनों के द्वारा बैटरी चलित ट्राई साईकिल की मांग को देखते हुए उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को दिव्यांगजनों की सूची बनाने का निर्देश दिया था। समाहरणालय भवन परिसर से दस दिव्यांगजनों को डीएमएफटी मद से बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साईकिल का वितरण किया गया।

### तीन दिवसीय जिला स्तरीय एनपी-एनसीडी माड्युल प्रशिक्षण का शुभारंभ

**रामगढ़।** 19 जुलाई से 22 जुलाई तक जिला स्तरीय एनपी-एनसीडी माडयुल (सीएचओ एंड स्टाफ नर्स ) तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में 10:30 बजे पूर्वाहन से आहूत किया गया ।शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं जिला भीबीडी पदाधिकारी के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर विधिवत रूप से प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। प्रशिक्षण डॉ० रेशमी रोमिला सांगा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी माण्डू एवं डॉ० पल्लवी कौशल डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट सिविल सर्जन कार्यालय रामगढ़ द्वारा दिया गया। इस अवसर पर डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद सिविल सर्जन द्वारा इससे संबंधित जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुऐ। तीन दिनों के प्रशिक्षण में एनपी-एनसीडी माडयुल (सीएचओ एंड स्टाफ नर्स ) को 30 वर्ष के उपर वाले व्यक्तियों को जांच, जोखिम कारक जैसें- रक्तचाप , मधुमेह एवं कैंसर की विस्तृत जानकारी दिया जाना हैं।

### राधा गोविंद विवि में एलजी इलेक्ट्रॉनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने किया सेमिनार का आयोजन



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में 19 जुलाई को एलजी इलेक्ट्रॉनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली द्वारा सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसका विषय - लाइफ गुड्स स्कॉलरशिप प्रोग्राम -2024 था। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रबंध विभाग, कानून विभाग, शिक्षा विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग, कंप्यूटर विज्ञान विभाग,फामेर्सी विभाग, कृषि विज्ञान विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल रहे। स्वागत भाषण विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ)निर्मल कुमार मंडल ने दिया। मुख्य वक्ता मनोज कुमार असिस्टेंट मैनेजर बडी 4 स्टडी दिल्ली ने लाइफ गुड्स स्कॉलरशिप पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि जो छात्र पैसे के अभाव में शिक्षा नहीं ले पा रहे उसे लाइफ गुड्स स्कॉलरशिप स्कीम काफी मददगार साबित होगी, साथ ही रणवीर शर्मा आई टी हेड संभव ट्रस्ट खूंटी, प्रिया कुमारी एकाउंट मैनेजर संभव ट्रस्ट खूंटी ने भी अपना विचार प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने सेमिनार की सफलता की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी,कुलपति प्रो. (डॉ.) समरेंद्र नाथ साहा, उपकुलपति प्रो. (डॉ) रश्मि, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. (डॉ )अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अवनीश ने किया। मौके पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवम छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

### हर्ष अजमेरा कटकमसांडी के विभिन्न कार्यक्रमों में हुए सम्मिलित

# प्रखंड के विभिन्न पंचायत के लोगों से किया सीधा संवाद, जानी समस्याएं

*हर्ष अजमेरा कटकमसांडी में स्थित सेवा सहयोग समिति के कार्यालय में महिलाओं से सीधा संवाद किया*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहर के युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड में शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए, सर्वप्रथम सबसे पहले उन्होंने शाहपुरा पहाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की जिसके बाद आम लोगों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना इसके बाद शाहपुरा पंचायत भवन में भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन किया बैंक के अधिकारियों के द्वारा उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पंचायत के कई जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे इस अवसर पर बैंक की ऑपरेटर ऑपरेटर संजय प्रसाद को श्री अजमेरा ने शुभकामनाएं दी। इसके बाद हर्ष अजमेरा कटकमसांडी में स्थित सेवा सहयोग समिति के कार्यालय में महिलाओं से सीधा संवाद किया उनकी समस्याओं को जानने का पूरा प्रयास किया। महिलाओं ने अपनी समस्याओं से श्री अजमेरा को रूबरू करवाया इसके बाद बहिमर चौक पर युवा साथियों के साथ संवाद किया युवा साथियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से हर्ष अजमेरा को रूबरू करवाया। युवा साथियों ने एक स्वर से हर्ष अजमेरा को समर्थन और सहयोग करने का संकल्प लिया सभी ने एक साथ हर्ष अजमेरा के साथ कदम से कदम चलने का निर्णय लिया। इस बीच विभिन्न पंचायत के लोगों ने हर्ष अजमेरा का स्वागत व अभिनंदन किया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि सीधे संवाद करने का उद्देश्य उन समस्याओं को जान सकते हैं जो स्थानीय स्तर पर मौजूद हैं। जिसे तत्काल पूर्वक हल किया जा सकता है इससे गांव वालों को काफी राहत मिलती है। भरोसे का निर्माण होता है,जब लोग देखते हैं कि उनकी बात सुन रहे हैं और उनके मुद्दों को गंभीरता से ले रहे हैं, तो इससे जनता का विश्वास बढ़ता है, और उनका भरपूर आशीर्वाद मिलता है। साथ ही कहा की भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला इस बैंक में किस प्रकार से स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा और उन्हें विभिन्न वित्तीय सेवाएं प्रदान करने में मदद करेंगे।

### जलसहिया संघ ने पांच सूत्री मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

## जल सहिया दीदी को हक दिलाने का हर संभव प्रयास करूंगा : अमित यादव



**बरकट्ठा।** प्रदेश जलसहिया संघ के आदेशानुसार शुक्रवार को प्रखंड जलसहिया संघ बरकट्ठा, इचाक और चलकुशा के सदस्यों ने संयुक्त रूप से विधायक अमित कुमार यादव के आवास पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए अपने पांच सूत्री मांगों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में उन्होंने पूर्व सरकार द्वारा निर्धारित किए गए एक हजार प्रति माह बकाया राशि को जोड़कर भुगतान करने,न्यूनतम मजदूरी अठारह हजार मासिक मानदेय भुगतान का वादा पूर्ण करने और कार्यकाल के दौरान मृत्यु होने पर अनुकंपा का लाभ एवं 20 लाख की बीमा लागू करने, विभाग के रिक्त पदों को वरीयता एवं योग्यता के आधार पर भरने, जल सहियाओं को 61 वर्ष उम्र सीमा तक स्थाई करने, जल एवं स्वच्छता से संबंधित कार्यों को ठेकेदार को न देकर जल सहिया को कार्य देने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जलसहियों को संबोधित करते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने बताया कि आप सभी जलसहियों का मुद्दा मैं सदन में उठा चुका हूं, लेकिन झारखंड की निकम्मी सरकार महिला विरोधी है। आने वाले विधानसभा सत्र में जलसहिया का मुद्दा फिर से उठाएंगें और जलसहिया दीदी लोगों को हक दिलाने का हरसंभव प्रयास करूंगा। विधायक ने सभी जलसहियों को अल्पाहार भोजन कराते हुए हक दिलाने का भरोसा दिलाया।

### मां छिन्नमस्तिके की पूजा कर मैजिक वाहन से लौट रहे लोग हुए हादसे के शिकार, दर्जनों घायल

**बरही।** रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका की पूजा अर्चना कर लौटने के क्रम में एनएच 33 स्थित करसो के पास एक टाटा मैजिक दुर्घटना ग्रस्त हो गया. टाटा मैजिक नवादा जा रहा था जिसमे एक ही परिवार के दर्जनों लोग सवार थे. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना मैजिक के ट्रक में पीछे से टकराने के कारण हुई थी. सभी घायलों को स्थानीय लोग और पुलिस की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीरावस्था वाले मरीजों को हजारीबाग रेफर कर दिया गया. घायलो में सीमा देवी, बलवीर प्रसाद अकोनानगर नवादा उम्र 25 वर्ष, शकुंतला देवी पति संजय चौधरी उम्र 36 वर्ष, बलवीर प्रसाद पिता दशरथ प्रसाद 30 वर्ष, किरण देवी पति रविंद्र चौहान 30 वर्ष, देवनंद चौहान उम्र 50 वर्ष, संजय चौहान पिता सीताराम चौहान उम्र 38 वर्ष, श्यामदेव चौहान पिता दसाई चौहान, देवंती देवी पति भुनेश्वर रविदास, श्रीकांत कुमार पिता प्रकाश प्रसाद उमर भूतनाजे निवासी, शिवात्री देवी उम्र 35 पति गुड्डू चौहान आदि शामिल हैं।

## सुविधा

### सावन महीने में स्पेशल ट्रेन के लिए डीआरएम ने केंद्रीय मंत्री से ली अनुमति

# बाबा भोलेनाथ का दर्शन करने में काफी सहुलियत होगी : शेफाली गुप्ता




*शिवभक्तों की जनभावनाओं को ख्याल रखकर हजारीबाग से सुलतानगंज के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग रखी थी*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने पत्रकार बंधुओं के समक्ष प्रेस कांफ्रेंस किया। सावन महीने में हजारीबाग से सुलतानगंज के लिए स्पेशल ट्रेन चलने की खुशखबरी दिया। ज्ञात हो कि लगभग एक महीने से सावन महीने में बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए हजारीबाग से सुलतानगंज के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग कर रहे थे। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सावन महीने में स्पेशल ट्रेन चलाने को लेकर संज्ञान लिया तथा हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से मुलाकात किया एवं डीआरएम के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सावन महीने में शिवभक्तों की जनभावनाओं को ख्याल रखकर हजारीबाग से सुलतानगंज के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग रखी थी। जिसकी स्वीकृति मिल गई है तथा स्थायी रूप से हजारीबाग से सुलतानगंज तक जाने आने की ट्रेन मिलेगी। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सावन महीने में स्पेशल ट्रेन मिला है। स्पेशल ट्रेन से जाने के लिए रविवार एवं मंगलवार को रांची से रात्री 09:35 बजे आरंभ होगी। रविवार एवं मंगलवार को हजारीबाग से रात 01:15 बजे आरंभ होगी। उन्होंने बताया कि स्पेशल ट्रेन से लौटने के लिए सोमवार तथा बुधवार को भागलपुर से दोपहर 12:20 बजे से आरंभ होगी। लौटने के लिए सोमवार तथा बुधवार को देवघर से दोपहर 03:10 बजे से आरंभ होगी। हजारीबाग रात समय 10:05 बजे पहुंचेगी। जिसका रूट चार्ट भागलपुर, देवघर, जसीडीह, मधुपुर, धनबाद, हजारीबाग, बडकाकाना तथा रांची है। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि सावन महीने में हजारीबाग, रांची, बड़काकाना एवं कोडरमा के श्रद्धालुओं व कांवरिया के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है। अस्थायी रूप सिर्फ सावन महीने में स्पेशल ट्रेन हजारीबाग से सुलतानगंज जाने आने के लिए मिला है।

### स्विफ्ट कार ने ऑटो में मारी टक्कर, दो घायल



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
हजारीबाग की ओर से तेज गति से आ रही स्विफ्ट कार संख्या बीआर 02 बीपी 9845 एनएच 33 पर खड़ी एक ऑटो से टकरा गई. टक्कर इतना जबरदस्त था कि दुर्घटनाग्रस्त ऑटो अपने आगे खड़ी ऑटो से जोरदार टकराई गई, जिससे आगे खड़ी ऑटो की दिशा बदल गई. इस टक्कर में दोनों ऑटो के शीशा, बॉडी का कुछ हिस्सा सहित स्विफ्ट कार का आगे का भाग क्षतिग्रस्त हो गया. इस दुर्घटना में कार चालक रितेश कुमार पिता कपिलदेव प्रसाद और रामवतारा वर्मा पिता रामचंद्र वर्मा चोटिल हुए. जिनका अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक ईलाज कराया गया. कार में इन दोनों के अलावा ललन मेहता पिता रामचंद्र महतो उनका भतीजा छोटू और लाडो सवार थे. सभी चुरचू हजारीबाग से मदनपुर औरंगाबाद जा रहे थे. इसी क्रम में यह घटना घटी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार काफी तेज गति से सड़क के किनारे खड़ी ऑटो से टकराई थी. ऑटो मंडल पासवान और शिवा निषाद की है. दुर्घटना की जानकारी होते ही बरही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल व दुर्घटनाग्रस्त वाहन को थाना ले गई.

## एक नजर

### घर में घुसकर गले से छीनी चेन, चोर हुआ फरार, जांच में जुटी पुलिस

**बरही।** पटना रोड से अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर में घुसकर महिला के गले से सोने का चेन छीनने का मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार चोर बाईक से आए थे. जो जेवर साफ करने के बहाने पटना रोड निवासी मुन्नी केशरी पति दुर्गा प्रसाद केशरी के घर गए. महिला को अकेले पाकर गले के सोने की चेन छीनकर फरार हो गए. जिसकी सारी गतिविधि सीसीटीवी में कैद हो गई है. जिसमे मोटरसाइकिल पर हेलमेट लगाए एक व्यक्ति अपने सहयोगी के साथ जाते दिख रहा है. घटना के बाद महिला ने बरही थाना को सूचना दिया. जानकारी होते ही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर जाकर निरीक्षण किया और छानबीन में जुट गए. इंस्पेक्टर ने आम लोगो से अपील किया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति को घर में प्रवेश नहीं दें.

### रेलवे कोऑपरेटिव बैंक डेलिगेट के सदस्यों का चुनाव संपन्न

**झुमरी तिलैया।** द ईस्ट सेंट्रल रेलवे कॉ-ऑपरेटिव बैंक डेलिगेट के सदस्यों का चुनाव गुरुवार को संपन्न हुआ। चुनाव को लेकर चार प्रत्याशियों ने कोडरमा में अपना नामांकन किया। इसमें प्रभास मनी दिवाकर, कपिंदर कुमार, अर्जुन प्रसाद और विश्वजीत कुमार के नाम शामिल हैं। चुनाव में रेलवे के सभी विभाग के कर्मचारी द्वारा पारसनाथ से लेकर बंधुआ व हजारीबाग टाउन तक के सदस्यों ने अपना वोट किया। इसमें आरकेटीए के उपाध्यक्ष प्रभास मनी दिवाकर ने 96 वोट, एलआरसा के कोडरमा ब्रांच सचिव कपिंद्र कुमार ने 87 और अर्जुन प्रसाद ने 72 वोट लाकर जीत दर्ज की। वहीं विश्वजीत कुमार सिंह 62 वोट के साथ हार का सामना करना पड़ा। जीते हुए उम्मीदवारों को लोगों ने माला पहनाकर बधाई दी और खुशी का इजहार किया।

### झुमरीतिलैया में 11 सौ से ज्यादा स्ट्रीट लाइट खराब

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया शहर को सजाने- संवारने के लिए और रात के अंधेरे को दूर करने लगाए गए हाई मास्ट लाईट और स्ट्रीट लाईट पूरी तरह कारगर साबित नहीं हो रहे हैं। शहर के मुख्य सड़क के अलावा विभिन्न वार्डो में भी स्ट्रीट लाईट ईईएसएल कंपनी द्वारा लगाया था। लेकिन मेंटेनेंस के अभाव में करीब 11 सौ से ज्यादा स्ट्रीट लाईट खराब पड़े हैं। ईईएसएल एजेंसी द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। जबकि एजेंसी को करीब छः साल तक इसका मेंटेनेंस भी करना था। एजेंसी द्वारा नगर परिषद इलाके में करीब 24 सौ स्ट्रीट लाईट लगाया गया था। जबकि पूर्व में शहर के मुख्य चौक- चौराहों और बाजार में हाई मास्क भी आधा दर्जन से ज्यादा लगाए गए थे। इसमें कई हाई मास्क नहीं जल रहे हैं। कई बल्ब फ्यूज है।

# बहुसंख्यक हिंदुओं के वोट के लिए हिंदुत्व का ढोंग करती है भाजपा : विधायक

*आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान करते हुए चुनाव के लिए रणनीति के बारे में विस्तार से बताया*



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** प्रखंड के कोलेबिरा नगर भवन में चार पंचायत कोलेबिरा, नवाटोली, डोमटोली और बन्दरचुवां के सभी बुथ के बुथ कमिटी और संबंधित बुथ से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा विधायक और अतिथियों का स्वागत किया गया।तदोपरांत खुंटी लोकसभा चुनाव के घोषित परिणाम की बूथवार समीक्षा की गई। चारों पंचायत के सभी बूथों के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी को जनता के द्वारा मिले मत के बारे में चर्चा की और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाई। मौके पर विधायक ने उपस्थित बूथ कमिटी के सदस्य और उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सबसे पहले सभी बूथ कमिटी के पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव में घोषित परिणाम पर बढ़त हासिल करने के लिए सभी को बधाई दी। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान करते हुए उनको चुनाव के लिए रणनिति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि आप सभी क्षेत्र की जनता तक पहुंचे और भाजपा और झापा के द्वारा रचे गए षड्यंत्रों को लोगों को बताएं और उन्हें जागरूक करें। विधायक ने उपस्थित लोगों को वर्तमान परिस्थितियों को बिस्तार से बताते हुए कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा फैलाया गया भय और भ्रम का जाल टूट चुका है। इस देश की जनता ने भाजपा को पहले अयोध्या और उसके आस पास के सभी क्षेत्रों से हराने का काम किया। उसके बाद हिंदुओं के पवित्र धाम बद्रीनाथ से भी हराने का काम किया।

# जिला जल सहिया संघ की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जलसहिया संघ सिमडेगा की जिलास्तरीय एक विशेष बैठक अलबर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रेशमा प्रवीण द्वारा किया गया।बैठक में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी जिनसे शुक्रवार को सभी जल सहिया ने मुलाकात की उस विषय पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष ने बताया कि विधायक से मिलकर जलसहिया संघ की सभी समस्याओं पर बात करते हुए उनसे मुलाकात की गई।जिसपर विधायक ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा और कहा कि विधानसभा सत्र में इस बात को मैं रखूंगा। जिससे सभी जल सहियाओं ने खुशी जाहिर की।साथ ही जिला अध्यक्ष ने कहा कि सभी समस्याओं को लेकर गुरुवार को खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद से भी मुलाकात की गई थी। जिसपर उन्होंने भी आश्वासन दिया है कि मैं सम्बंधित मंत्री को चिट्ठी लिखकर आपके सभी समस्याओं से उनको अवगत कराऊंगा और जल्द ही आपकी समस्या का समाधान भी किया जाएगा। सभी जलसहिया दीदी जो भी विभाग द्वारा कार्य दिया जाएगा उसे कार्य को समय पर पूर्ण करने का निर्णय लिया।

## न्यूज बॉक्स

### स्वास्थ्य केंद्र बोलबा में परिवार नियोजन का लगाया गया कैंप



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य केंद्र बोलबा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड के तत्वावधान में परिवार नियोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर परिवार नियोजन के कई उपाय बताए गए। इस मौके पर 24 महिला बंध्याकरण एवं 01 व्यक्ति का एन.एस.वी. किया गया। इस मौके पे डॉ मणिरत्नम के द्वारा लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा सभी का ऑपरेशन किया गया।इस मौके पर डॉ. देबोतोष भुटिया, डॉ. मो० दानिश, बी.पी.एम. रॉबर्ट सुरीन, फैमिली प्लानिंग के बिटीटी चिरंजीवी कुमार शाह, एन.एन.एम, सहिया साथी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### विधानसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**सिमडेगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों संग बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने संवेदनशील क्षेत्र का चिन्हितकारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आज से लेकर पिछली चार माह तक का संदेहास्पद बैंक ट्रांसफर पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया तथा उन्होंने बड़ी राशि का लेनदेन से संबंधित मामले की एनालिसिस करने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ,अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र,अनुमंडल पदाधिकारी सुमन्त तिर्की, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, एलडीएम सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### झामुमो केंद्रीय कमेटी ने सिमडेगा झामुमो के तीन पदधारियों को किया पदमुक्त

**सिमडेगा।** सिमडेगा झामुमो जिला समिति के द्वारा सिमडेगा के तीन पदधारियों पर लगाए गए आरोप तथा प्रमाणों के आलोक में झामुमो केंद्रीय कमिटी ने कार्रवाई करते हुए तीन पदधारियों को पार्टी से पदमुक्त कर दिया और एक को 06 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।जानकारी देते हुए सिमडेगा जिला सचिव शफीक खान ने बताया कि जिला संयुक्त सचिव सिकन्दर बरवा को पार्टी की छवी धुमिल करने का दोषी पाये जाने के कारण केंद्रीय कमिटी के निदेशानुसार जिला संयुक्त सचिव सिकन्दर बरवा को पार्टी के सभी पदों से पदमुक्त करते हुए अगामी छः वर्षों के लिए निष्कासित किया गया। साथ ही उक्त पत्र में वर्णित तथ्यों के आधार पर जिला उपाध्यक्ष ऑस्कर डांग एवं जिला संगठन सचिव विपिन कुल्लू को पद की गरिमा भंग करने के कारण पदमुक्त किया गया है। जिला सचिव शफीक खान ने कहा कि पार्टी की छवि धूमिल करने का जो भी प्रयास करेगा, उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

### दो सूत्री मांगों को लेकर पंचायत सचिव संघ बानो इकाई ने किया धरना-प्रदर्शन



**बानो।** झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ का बानो प्रखण्ड इकाई द्वारा शुक्रवार को प्रखण्ड कार्यालय के समीप धरना प्रदर्शन किया गया। प्रखण्ड मंत्री जीतबहान मांझी ने कहा कि संघ द्वारा मुख्य दो सूत्री मांगों को लेकर धरना किया गया है। मूल ग्रेड पे 2400 करने तथा प्रखण्ड पंचायतीराज के पद पर 25% में शेष प्रोन्नति वरीयता के आधार पर किया जाय तथा 25%पद पर सीमित प्रतियोगिता परीक्षा तीन बार का अवसर देते हुए रिक्त स्थान को भरा जाय।पंचायत सचिवों ने प्रदर्शन के बाद बानो बीडीओ नैमुदिन अंसारी को मुख्यमंत्री के नाम पर एक ज्ञापन सौंपा।मौके पर जीतवाहन मांझी ,राहुल कुमार, अरबिंद कुमार दुबे ,लालदेव कुमार ,रंजीत सिंह, मनोज कुमार सिंह, मार्टिन बा,देवीलाल ओहदार आदि लोग उपस्थित थे।

### जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने को लेकर प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**झुमरी तिलैया।** ब्लॉक रोड मैदान स्थित नप के द्वारा संचालित पब्लिक लाइब्रेरी में नगर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने को लेकर सभी प्राइवेट अस्पताल व क्लिनिक के सहायक के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सभी को रीवांपड सीआरएस पोर्टल पर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर ऑनलाइन प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया। वहीं जन्म, मृत्यु रजिस्टार सह प्रशासक हर्षवर्धन ने कहा कि सभी प्राइवेट अस्पताल व क्लिनिक के संचालक अपने अस्पताल व क्लिनिक में जन्म लेने वाले बच्चों का शत प्रतिशत ऑनलाइन पंजीयन करें। बैठक में मुख्य रूप से जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सभी प्राइवेट अस्पताल व क्लिनिक के सहायक समेत नगर परिषद के कर्मी मौजूद थे।

### मरीज की लार नलिका से सुरक्षित निकाला गया पत्थर

**हजारीबाग।** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में एक मरीज की लार नलिका से पत्थर सफलतापूर्वक निकाला गया। ज्ञात हो कि एक 23 वर्षीय मरीज मुंह के निचले हिस्से में सूजन और दर्द की शिकायत लेकर एचसीडीएसएच में आया था। ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग में जांच करने पर यह निष्कर्ष निकला कि लार नलिका में संक्रमण था और उसमें पथरी की भी संभावित उपस्थिति थी। विभाग के चिकित्सकों के परामर्श पर एक्स-रे में लार नालिका में 5-7 पत्थरों की मौजूदगी का पता चला। ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग के संकाय के निर्देशन में स्नातकोत्तर छात्र डॉ. शुभजीत हाजरा और डॉ. शोवन मैती द्वारा एक दुर्लभ शल्य चिकित्सा प्रक्रिया 'सियालोलिथोटॉमी' का संचालन किया गया तथा पत्थरों को सफलतापूर्वक हटा दिया गया। मौके पर डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मरीजों की उत्तम सेवा उपलब्ध करवाकर संतुष्टि पूर्वक इलाज प्रदान करना मेरी पहली प्राथमिकता है। हमारा परिवार मरीजों को काफी अनुकरणीय सेवा दे रही है। भविष्य में भी अनवरत जारी रहेगी। पूरी प्रक्रिया में ओएमआर विभाग के एचओडी डॉ. के. श्रीकृष्ण, प्रोफेसर डॉ. देवर्षि नंदी, प्रोफेसर डॉ. सौम्या वर्मा और व्यख्याता डॉ. सृष्टि के दूरदर्शी मार्गदर्शन में की गई।

### एसटी आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा का सिमडेगा दौरा, विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

# गांवों में पीडीएस लाभुकों को ऑफ लाइन राशन देने का दिया निर्देश

*स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के उपरांत उन्होंने सिकल सेल एनीमिया के क्षेत्र में जिला की उपलब्धियों की जानकारी ली।*




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा दौरे पर पहुंची, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली की सदस्य डॉ आशा लकड़ा द्वारा समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के साथ बैठक आयोजित की। इसमें जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाएं खासकर अनुसूचित जनजाति के हित के संचालित योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में लगभग 18 से 20 विभागों की कार्य प्रगति से संबंधित विस्तृत समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के विकास के लिए संकुल स्तर पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयेजित करने का निर्देश दिया, साथ ही उन्होंने लगातार स्कूलों का भ्रमण करने बच्चों को नई-नई शिक्षा से संबंधित जानकारी देने की बात कहीं। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के उपरांत उन्होंने सिकल सेल एनिमीया के क्षेत्र में जिला की उपलब्धियों की जानकारी ली। साथ ही अगस्त माह में बृहद तौर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजन करने पर जोर दिया। आपूर्ति विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने जिले के सुदूरवर्ती इलाके जहां इंटरनेट की कनेक्टिविटी नहीं है, उन गांवों में पी.डी.एस. लाभुकों को ऑफ लाईन राशन देने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को एफ सी आई गोदाम एवं पीडीएस दुकान का आवश्यक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर जिस प्रखंड एवं पंचायत में धूमकुड़िया आवास का निर्माण नहीं कराया गया है वहां पर यथाशीघ्र धूमकुड़िया आवास की स्वीकृति देने का निर्देश दिया।

### अमन कुमार व अजय सिंह की गिरफ्तारी पर परिजनों ने जताया विरोध

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के महुदी गांव में रामनवमी मार्ग पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे आंदोलनकारी अमन कुमार और अजय सिंह को बाजबरन सोमवार की रात को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसी घटना को लेकर स्थानीय भोला प्रसाद को घर में सोने के दौरान पुलिस द्वारा उठाकर विवाद स्थल पर ले जाया गया और फिर उनपर बेरहमी से लाठी डंडे बरसाई गई। जिससे भोला प्रसाद बुरी तरह घायल हो गए। महुदी प्रकरण को लेकर घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल गंभीर हुए और बुधवार को उन्होंने खुद बड़कागांव के महूदी पंहुचकर हालात का जायजा भी लिया है। वहीं 18 जुलाई को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में टीम गठित करते हुए कई विधायक व हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल दोबारा महूदी पहुंचे, वहां परिस्थिति का जायजा लिया, लोगों से बातचीत की और जिला प्रशासन को अल्टीमेटम दे दिया।

# हब्बा-डब्बा, मुर्गा लड़ाई व जुआ वाली झोपड़ पट्टी को पुलिस ने उजाड़ा



नवीन मेल संवाददाता। बोलबा बोलबा थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाके में गुप्त रूप से चल रहे हब्बा डब्बा, मुर्गा लड़ाई तथा जुआ खेलाए जाने वाले स्थानों पर शुक्रवार को बोलबा पुलिस ने कार्यवाही की है।पुलिस ने विभिन्न सभी स्थानों पर बने झोपड़ पट्टी को उजाड़ दिया है।जानकारी देते हए बोलबा थाना प्रभारी सोनू पाठक ने बताया कि हाल के दिनों में कुछ स्थानों में मुर्गा लड़ाई एवं जुआ का खेल हो रहा था।इसकी गुप्त सूचना बोलबा पुलिस को मिली।गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल के स्थानों में छापेमारी किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के कसीरा, किलेसेरा, बेलकुबा, कुन्दूरमुंडा एव अन्य कई स्थान शामिल हैं। जहाँ छापेमारी अभियान चलाया गया।उक्त स्थान में मुर्गा लड़ाई,हब्बा डब्बा एवं जुआ खेलाए जाने के क्रम में छोटे-छोटे दुकान लगाने के लिए बांस के बली गाड़े गए थे।उक्त स्थल में मुर्गा लड़ाई के लिए बांस के लकड़ी से घेरा गया था। उन सारी झोपड़ पट्टी को उजाड़ दिया गया । थाना प्रभारी सोनू पाठक ने जुआरियों को कड़ा निर्देश देते हुए कहा है कि पकड़े जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा है कि किसी भी हाल में बोलबा थाना क्षेत्र में दो नंबर के धंधा को पनपने नहीं दिया जायेगा । इसके लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जायेगा।

### ठेठईटांगर में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्जीय फुटबॉल 21 अगस्त से

# प्रतियोगिता में ओडिशा, छत्तीसगढ़ व झारखंड के टीमें लेंगी भाग, मैच अंतरराष्ट्रीय नियम से होंगे

*प्रतियोगिता के सभी मैचों के लिए रांची से विशेषज्ञ रेफरी को बुलाया जाएगा*



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रतियोगिता सीजन 3 की बैठक प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पुरानी कमेटी का विस्तार किया गया। अध्यक्ष मो. कयूम, सचिव अरशद अफरीदी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद साजिद टीपू को चुना गया है। अध्यक्ष मोहम्मद कयूम ने बताया डॉ० एपीजे अब्दुल कलाम सीजन 3 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। जिसमें उड़ीसा छत्तीसगढ़ झारखंड के टीम में भाग लेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच 21 अगस्त को प्रखंड मैदान ठेठईटांगर में खेला जाएगा। प्रतियोगिता की सभी मैच अंतरराष्ट्रीय नियम से खेला जाएगा। प्रतियोगिता के सभी मैचों के लिए रांची से विशेषज्ञ रेफरियों को बुलाया जाएगा। प्रतियोगिता में नामांकन लेने वाली इच्छुक टीमें मोहम्मद कयूम 9973467107, भारत फैशन 99050 95102, मोहम्मद साजिद आलम टीपू 797997 382, झारखंड स्पोर्ट्स सिमडेगा 87892 12133 संपर्क कर नामांकन की आखिरी तिथि 16 8.2024 तक कर सकते हैं। खिलाड़ियों को ठहरने की व्यवस्था दी जाएगी।बैठक में प्रतियोगिता की समीक्षा करते हुए सफल संचालन के लिए कार्यों का बंटवारा किया गया। प्रतियोगिता में विजेता टीम को रुपये 1,51,000/- एवं उपविजेता टीम को रुपये 75,000/- नगद राशि दिया जाएगा। साथ ही मैन ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ द मैच, अनुशासित टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता का आगाज 21.8.2024 को भव्य तरीके से किया जाएगा। बैठक में तबरेज आलम, मोहम्मद असजद, मोहम्मद अरशद, मोहम्मद तहसीन, बब्बन विश्वास, मोहम्मद राजा एवं समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद थे।

## नियुक्ति | जिला नियोजनालय सह मॉडल करियर सेंटर का रोजगार मेला आज

# विभिन्न संस्थाओं में 875 रिक्त पदों पर होगी बहाली



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिला नियोजनालय-सह-मोडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा के द्वारा आज 20.07.2024 को जिला नियोजन कार्यालय परिसर सिमडेगा में पूर्वाहन 10.00 बजे से रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 8 नियोक्ताओं द्वारा कुल 875 रिक्तिया पदों पर नियुक्ति की जाएगी। जानकारी देते हुए जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि सेर्वेअजे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नर्सिंग (जीडीए) के लिए 50 रिक्तियां है, जिसके लिए 12वी पास, 6 महीनो की अनुभव प्राप्त उम्मीदवार की जरुरत है तथा सैलरी 17 हजार से 22 हजार है।चैतन्य इंडिया फाइनेंस क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी फाइनेंस सर्विस (जीडीए) के लिए 70 रिक्तियां है , जिसके लिए 12वी पास उम्मीदवार की जरुरत है तथा सैलरी 10890 एवं इंसेंटिव है। मदरसन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सीएनसी/वीएमसी ऑपरेटर के लिए 200 रिक्तियां है , जिसके लिए 10वी पास उम्मीदवार की जरुरत है तथा सैलरी 14400 है।देल्हिवेरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी डिलीवरी बॉय के लिए 30 रिक्तियां है, जिसके लिए 10वी पास उम्मीदवार की जरुरत है तथा सैलरी 11985 है। नोव्हो कैरियर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पैकर एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए 125 रिक्तियां है, जिसके लिए 10वी पास उम्मीदवार की जरुरत है तथा सैलरी 17000 है। सीडब्ल्यू एसएफ चैरिटी स्प्रिट फाउंडेशन विभिन्न प्रशिक्षक एवं पंचयात महिला मित्र के लिए 120 रिक्तियां है, जिसके लिए 10वीं एवं 8वी पास उम्मीदवार की जरुरत है तथा सैलरी 2500 से 1200 है। एलआईसी गुमला/सिमडेगा के लिए 50 रिक्तियां है, जिसके लिए 10वीं पास उम्मीदवार की जरुरत है तथा इसके लिए इंसेंटिव का प्रावधान है।

### सैनिक स्कूल तिलैया में तीन दिनी वार्षिक एथलीट प्रतिस्पर्धा शुरू

**चंदवारा।** सैनिक स्कूल तिलैया में गुरुवार को तीन दिनी वार्षिक एथलीट प्रतिस्पर्धा 2024-25 का शुभारंभ किया गया। इस प्रतिस्पर्धा में स्कूल के सभी 12 हाउसों के छात्र शामिल हो रहे हैं। प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ भारतीय थल सेना के वरिष्ठ अधिकारी सह प्राचार्य कर्नल एस मोहनराव आरके ने मशाल-प्रज्वलन कर किया। सैन्य छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट मार्च पास्ट परेड द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी, जिसमें सभी टीमों ने अपने-अपने गृह-ध्वज के साथ परेड किया और खेल-भावना की शपथ ली। मुख्य अतिथि प्राचार्य ने सैन्य-छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह वार्षिक एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धा छात्र-जीवन में बहुत बड़ा महत्व रखता है।

# पशुपालन पदाधिकारियों ने लाभुकों के बीच बकरी का किया वितरण

*किसी तरह की कोई बीमारी हो तो पशुपालन विभाग के कर्मचारियों से संपर्क कर दवा ले सकते हैं*



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** पशुपालन कार्यालय बानो में लाभुकों के बीच बकरियों का वितरण किया गया। प्रखण्ड के 15 लाभुक के बीच 15 यूनिट बकरियों का वितरण किया गया। बकरी वितरण उकौली मुखिया कृपा हेमरोम व प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी दुलमु बुडीउली ने लाभुकों के बीच वितरण किया।मौके पर कृपा हेमरोम ने कहा बानो प्रखण्ड बकरी पालन के लिये उपयुक्त जगह है।प्रखण्ड में अच्छी चारागाह भी है।किसानों को चाहिए कि बकरियों की सेवा अच्छी तरह से कर अपनी आमदनी में बढोत्तरी करें। पशुपालन पदाधिकारी दुलमु बुडिउली ने बकरियों के रख रखाव के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि बरसात के दिनों में इन्हें बरसात से बचायें। बरसात में गर्म पानी पीने के लिए दें। पतला दस्त होने पर बकरियों को दी गई दवा को समय पर खिलाएं। बकरियों को बरसात के दिनों में दस्त व सर्दी से बचा कर रखें। किसी तरह की कोई बीमारी हो तो पशुपालन विभाग कर्मचारियों से सम्पर्क कर दवाई ले सकते हैं। लाभुकों को एक यूनिट में चार बकरी के साथ एक बकरा दिया जा रहा है।अच्छी तरह सेवा कर अपनी आमदनी को बढ़ाएं ।
मौके पर चैतन्य सिंह ,रवि कुमार नायक आदि लोग उपस्थित थे।

## पांच सोमवार होंगे, सालों बाद बन रहा ये अद्भुत संयोग

# 22 से शुरू होगा सावन का पवित्र महीना, पहले ही दिन सोमवारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भगवान शिव के पूजन का विशेष माह सावन आगामी 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। खास संयोग है कि सोमवार से ही सावन महीने का शुभारंभ हो रहा है। इस बार सावन में पांच सोमवारी पड़ेगी, जिस कारण यह महीना और शुभ हो रहा है। सालों बाद ऐसा अद्‌भुत संयोग बाद बन रहा है।

सावन के कृष्ण पक्ष में एक तिथि की हानि होने के कारण यह पक्ष 14 दिनों का है। पंडित रामदेव पांडेय ने कहा कि अमावस्या तिथि को पुष्य नक्षत्र मिलने के कारण इस वर्ष मध्यम व समुचित वर्षा की संभावना है। सावन में साग नहीं



खाने का विधान है। सावन में प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने का विशेष महत्व है। यह जलाभिषेक मंदिर व घर दोनों जगह कर सकते हैं। यदि प्रतिदिन मंदिर नहीं जा पा रहे हैं, तो सोमवार को मंदिर में जलाभिषेक व व्रत कर सकते हैं। साथ ही, सावन में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र का जाप, हवन, लघुरुद्र, महारुद्र, अतिरुद्र व शिव चालीसा के पाठ और मंत्र जाप का भी विशेष महत्व है। इस मास में काफी भक्त बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए बैद्यनाथ धाम जाते है। वहीं, बाबा अमरनाथ सहित अन्य शिवलिंग का दर्शन करने व जलाभिषेक करने के लिए जाते हैं। इस महीन के प्रत्येक मंगलवार को देवी पूजन व हनुमान जी के पूजन व दर्शन करने का विशेष महत्व है। पांच अगस्त से सावन शुक्ल पक्ष शुरू हो रहा है। इस पक्ष में नवमी तिथि की वृद्धि व द्वादशी तिथि की हानि होने के कारण यह पक्ष पूरे 15 दिनों का है।

### पहाड़ी मंदिर में 21 जुलाई से शुरू हो रहा सावन महोत्सव

रांची के पहाड़ी मंदिर में 21 जुलाई से सावन महोत्सव शुरू हो रहा है। इसका शुभारंभ शाम चार बजे होगा। यह निर्णय मंदिर विकास समिति की बैठक में लिया गया। पहाड़ी मंदिर में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पहाड़ी मंदिर के पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे। वहीं, कांवरियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था रहेगी। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मंदिर को लाइट व प्राकृतिक फूलों से सजाया जाएगा। पहाड़ी बाबा तक जाने के लिए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन की व्यवस्था की गई है।

### सावन के पांच सोमवार

सावन का पहला सोमवार
22 जुलाई

सावन का दूसरा सोमवार
29 जुलाई

सावन का तीसरा सोमवार
05 अगस्त

सावन का चौथा सोमवार
12 अगस्त

सावन का पांचवां सोमवार
19 अगस्त

**19 अगस्त को रात 12.28 बजे तक पूर्णिमा है। दिन में 1:25 के बाद से रक्षाबंधन शुरू होगा, क्योंकि इससे पहले भद्रा रहेगा।**

## न्यूज बॉक्स

### बैंक ऑफ इंडिया ने किया किसान दिवस का आयोजन

**रांची।** बीओआई प्रधान कार्यालय के चीफ जनरल मैनेजर सुधीरंजन पाढ़ी तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। इस अवसर का बीओआई की ओर से किसान दिवस उत्सव का आयोजन ग्राम-सपारोम, नगड़ी में किया गया। गौरतलब है कि बैंक ऑफ इंडिया संपूर्ण जुलाई माह को किसान माह के रूप में मनाता है। समारोह में 400 से अधिक किसानों व महिला उद्यमियों ने पूरे जोश-ओ-खरोश के साथ हिस्सा लिया। अपने संबोधन में श्री पाढ़ी ने राष्ट्र में कृषक वर्ग के अभूतपूर्व योगदान के लिए उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। आंचलिक प्रबंधक श्री संजीव कुमार सिंह ने उपस्थित लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र सौंपते हुए सबका मनोबल बढ़ाया तथा अन्य सभी से बीओआई से जुड़ने का आग्रह किया। समारोह में बैंक ऑफ इंडिया के विभिन्न कृषि वित्त उत्पादों से सबको रूबरू कराया गया तथा स्टाल के माध्यम से विभिन्न सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा बनाये गये उत्पादों का व्यापक प्रदर्शन भी किया गया।

### डीवीसी ने निविदा को दिया अंतिम रूप

**रांची।** दामोदर वैली कॉरपोरेशन ने झारखंड में कोडरमा टीपीएस की इंजीनियरिंग खरीद और निर्माण पैकेज के लिए निविदा को अंतिम रूप दिया है। बिजली मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यह निविदा 13,300 करोड़ रुपये की कीमत पर भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स को दी गई है। 1600 मेगावाट क्षमता वृद्धि के माध्यम से देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के भारत सरकार के लक्ष्य के अनुरूप दामोदर वैली कॉरपोरेशन ने झारखंड में कोडरमा टीपीएस के इंजीनियरिंग खरीद और निर्माण पैकेज के लिए मेसर्स भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स के साथ 13,300 करोड़ रुपये की कीमत पर निविदा को अंतिम रूप दिया है। कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि इस परियोजना में13,300 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इस निवेश से, जिसका स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी पर्याप्त प्रभाव पड़ेगा और स्थानीय आबादी को लाभ होगा, डीवीसी की स्थापित ताप उत्पादन क्षमता 2030 तक 8140 मेगावाट हो जाएगी। सरकार भारत की कोयला आधारित क्षमता को बढ़ा रही है और भारत की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए 2032 तक 80 गीगावाट जोड़ने की योजना बना रही है।

### कोल इंडिया ने फुल टाइम एडवाइजर कार्मिक के लिए आवेदन मांगा

**रांची।** कोल इंडिया ने फुल टाइम एडवाइजर कार्मिक के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स भर्ती के बारे में कोल इंडिया द्वारा आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार इस रिक्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। कोल इंडिया भर्ती के लिए 23 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। छह महीने के लिए नियुक्तियों के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा और उसे दो साल तक बढ़ाया जा सकता है। कोल इंडिया इस पद के लिए आकर्षक वेतन दे रहा है। उम्मीदवारों को आवश्यक कायार्नुभव और पात्रता शर्तों के बारे में भी पता होना चाहिए, ताकि वे इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकें। सभी विवरणों को जानने के लिए वेवसाइट डाउनलोड की जा सकती है। कोल इंडिया और उसकी अन्य अनुषंगी कंपनियों से इच्छुक और सेवानिवृत्त उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

## एक नजर

### मां वैष्णों देवी के दर्शन के लिए अब हेलीकॉप्टर सेवा भी उपलब्ध होगी

**रांची।** कटरा त्रिकूट पर्वत पर निवास करने वाली मां वैष्णों देवी के दर्शन के लिए एक और सहूलियत मिलनी शुरू हो गई है। श्रद्धालु अब हेलीकॉप्टर के जरिए सीधे जम्मू से वहां पहुंचने लगे हैं। हर साल मां दुर्गा के दर्शन के लिए एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचते हैं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा भक्तों की सुविधा के लिए नई-नई सुविधा जोड़ी जा रही है। इस कड़ी में वैष्णो देवी दर्शन के लिए हेलीकॉप्टर की सेवा मंगलवार से शुरू हो गई है। अब श्रद्धालु जम्मू से वैष्णो देवी धाम मात्र 10 मिनट में पहुंच सकते हैं।

### आईडीबीआई बैंक के निजीकरण का रास्ता साफ

**रांची।** आईडीबीआई बैंक के निजीकरण का रास्ता अब लगभग साफ हो गया है। रिजर्व बैंक ने बैंक के लिए बोली लगाने वाले निवेशकों की जांच-पड़ताल कर फिट एंड प्रॉपर रिपोर्ट दे दी है। केंद्र सरकार ने मई 2021 में इस बैंक में सरकार की हिस्सेदारी बेचने की प्रक्रिया शुरू की थी। तब से केंद्र सरकार रिजर्व बैंक से हरी झंडी मिलने का इंतजार कर रही है। केंद्रीय बैंक यह आकलन करता है कि बोली लगाने वाले लोग उचित और उपयुक्त मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं। यह भी जांचा जाता है कि बोली लगाने वाले लोग नियमों का अनुपालन करते हैं या नहीं। इसके अलावा यह अन्य नियामकों की निगरानी में तो नहीं हैं। आरबीआई से फिट एंड प्रॉपर रिपोर्ट मिलने के बाद सबकी नजर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 23 मई को पेश किए जाने वाले बजट पर टिकीं हैं। बाजार को इस बात का इंतजार है कि विनिवेश पर बजट में सरकार की तरफ से क्या संकेत मिलता है. रिजर्व बैंक द्वारा बोलीदाताओं को ग्रीन सिग्नल देने की खबर मिलते ही शुक्रवार को आईडीबीआई बैंक का शेयर 6 फीसदी तक उछल गया।

## हजारीबाग, रामगढ़ से भी बड़े शहरों के लिए सीधी ट्रेन मिलना आवश्यक : नवजोत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हजारीबाग टाउन और रामगढ जिलेवासियों की सुविधा के लिए आज झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने रेलमंत्री को पत्राचार कर नई आरंभ हुई ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस (बोकारो) तथा आरंभ होनेवाली ट्रेन पुरी दर्शन नगर (अयोध्या) एक्सप्रेस (साप्ताहिक) को बरकाकाना (रामगढ़), हजारीबाग टाउन होते हुए कोडरमा में मिलाये जाने की मांग की। चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि रामगढ़, हजारीबाग झारखण्ड का एक महत्वपूर्ण शहर है किंतु लंबी दूरी की रेल सुविधा से अभी तक वंचित है। इस महत्वपूर्ण ट्रेन का मार्ग परिवर्तित कर परिचालित करने से हजारीबाग, रामगढ़ की जनता को इसका अत्यधिक लाभ मिलेगा। जिस प्रकार ओड़िसा के गरीब और पिछड़े क्योंझर जिले को नई दिल्ली की ट्रेन मिली, उसी प्रकार झारखंड के अति पिछड़े जिले हजारीबाग, रामगढ़ को भी नई दिल्ली के साथ साथ पुरी, भुवनेश्वर और कानपुर जैसे बड़े शहरों के लिए सीधी ट्रेन मिल जाएगी तो पूरे छोटानागपुर प्रमंडल का भला हो जाएगा। चैंबर के रेलवे उप समिति चेयरमेन नवजोत अलंग ने कहा कि जिस प्रकार ओड़िसा के गरीब और पिछड़े क्योंझर जिले को अयोध्या की ट्रेन मिली, उसी प्रकार झारखंड के अति पिछड़े जिले हजारीबाग, रामगढ़ को भी अयोध्या के साथ साथ पुरी, भुवनेश्वर और वाराणसी जैसे बड़े शहरों के लिए सीधी ट्रेन मिलना आवश्यक है।

नई आरंभ होनेवाली ट्रेन पुरी दर्शन नगर एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन करने से हजारीबाग, रामगढ़ की जनता के लिए अयोध्या में भव्य राम मंदिर, पुरी में जगन्नाथ स्वामी और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन हेतु सप्ताह में एक दिन ट्रेन की आसान उपलब्धता सुनिश्चित हो पायेगी।

## पूर्व विधायक अनंत ने की रायशुमारी

# लोगों ने तन-मन और धन से सहयोग करने का लिया संकल्प

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने गुरुवार को गढ़ परिसर में श्री बंशीधर नगर शहर के प्रमुख लोगों के साथ बैठक कर रायशुमारी की। बैठक में उपस्थित लोगों ने राजनीति चर्चा के बाद आगामी विधानसभा चुनाव में छोटे राजा को तन मन धन से सहयोग करने का संकल्प लिया। उस मौके पर छोटे राजा ने कहा कि श्री बंशीधर नगर के लोग मेरे घर परिवार की तरह हैं। नगर गढ़ हमेशा से सभी लोगों को मान सम्मान देने एवं उनकी स्वाभिमान की रक्षा करने का काम किया है। लोगों के हर सुख दुख को अपना सुख दुःख समझ कर खड़ा रहने का काम किया है। इसी का परिणाम है कि लोग आज भी अपना परिवार मानकर नगर गढ़ की प्रतिष्ठा को बचाने में दो कदम आगे चलकर साथ निभाते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति मेरा धंधा नहीं है। मैं ईमानदारी पूर्वक अपना घर परिवार समझकर आपकी सेवा



करता हूं। श्री बंशीधर नगर-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग मेरे दिल में बसते हैं। श्री देव ने कहा कि यह मेरा अंतिम चुनाव है। अगर आपका आदेश होगा तो मैं चुनाव लड़ूंगा नहीं तो नहीं लड़ूंगा। मैं चुनाव जीतूं या हारू उससे कोई फर्क नहीं पड़ता मैं क्षेत्र की जनता की सेवा करता रहूंगा, उनकी प्रतिष्ठा पर कभी आंच नहीं आने दूंगा। फैसला आपको करना है। अगर आप चाहते हैं तो नगर गढ़ की प्रतिष्ठा को बचाने के लिये अपने भाई बेटा को गले लगाकर आशीर्वाद दें। ताकि मैं पूरे जोश खरोश के साथ आपकी सेवा करता रहूं।

## शास्त्रों में आषाढ़ पूर्णिमा का है खास महत्व

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हिंदू धर्म में पूर्णिमा का विशेष महत्व है। आषाढ़ माह की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा और आषाढ़ी पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। इस दिन शिष्य अपने गुरुओं को याद कर उनकी पूजा कर आशीर्वाद पाते हैं। पूर्णिमा के दिन गंगा नदी या किसी अन्य नदी में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है। इस दिन स्नान-दान करने का विधान है। पूर्णिमा के दिन दान करने से धन-धान्य में बरकत होती है। शास्त्रों में आषाढ़ पूर्णिमा का खास महत्व है। आषाढ़ पूर्णिमा गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाई जाती है। इस दिन शिष्य अपने गुरुओं की पूजा-अर्चना करते हैं। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस साल आषाढ़ पूर्णिमा यानी गुरु पूर्णिमा 21 जुलाई को मनाई जाएगी।

पंचांग के अनुसार पूर्णिमा की शुरूआत 20 जुलाई को शाम 5. 49 बजे होगी और समापन 21 जुलाई को दोपहर 3.36 बजे होगा। उदयातिथि के अनुसार गुरु पूर्णिमा 21 जुलाई को मनाई जाएगी। पूर्णिमा के दिन स्नान-दान के लिए शुभ मुहूर्त 21 जुलाई को सुबह 9.01 बजे से 10.34 बजे तक रहेगा। दूसरा शुभ मुहूर्त सुबह 10. 34 बजे दोपहर 12.17 बजे तक रहेगा। तीसरा मुहूर्त दोपहर 2 बजे से 3.42 बजे तक रहेगा। श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के महंत ओम प्रकाश शरण के अनुसार पूर्णिमा के दिन गरीबो-जरूरतमंदों को अन्,धन और वस्त्र का दान करना चाहिए। कुंडली में चंद्रदोष या चंद्रमा कमजोर होने पर पूर्णिमा के दिन सफेद चीजें दूध, दही, चांदी, चीनी, चावल और सफेद मिठाई का दान करना चाहिए। चंद्र की पूजा कर उनके मंत्रों का जाप करना है। इन उपायों से कुंडली में चंद्रमा की स्थिति मजबूत होती है।

## कस्ता कोल ब्लॉक में भूमिगत कोयला गैसीकरण के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कोयला मंत्रालय की रणनीति के तहत ईस्टर्न कोलफील्ड्स ने झारखंड के जामताड़ा के कस्ता कोल ब्लॉक में भूमिगत कोयला गैसीकरण के लिए पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत की है। इसके लिए मूल स्थान पर कोयला गैसीकरण का उपयोग करके इसे मिथेन, हाइड्रोजन, कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी मूल्यवान गैसों में परिवर्तित करना है।

इन गैसों का उपयोग सिंथेटिक प्राकृतिक गैस, ईंधन, उर्वरक, विस्फोटक और अन्य औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए रासायनिक फीडस्टॉक्स के उत्पादन के लिए किया जा सकता है। कोयला मंत्रालय कोयला गैसीकरण परियोजना को बढ़ावा देने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

साथ ही यह कोयले को विभिन्न उच्च मूल्य वाले रासायनिक उत्पादों में परिवर्तित करते हुए इसकी क्षमता को पूर्ण रूप से उपयोग में लाएगा। कोल इंडिया के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। सीएमपीडीआई से मिली जानकारी के अनुसार भूमिगत कोयला गैसीकरण कोयला संसाधनों तक पहुंच प्रदान करके एक महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है जो पारंपरिक खनन विधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से अव्यवहारिक हैं। यह पायलट परियोजना कोल इंडिया और उसकी अनुषंगी कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है और यह भारत को उन्नत कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकियों को अपनाने में अग्रणी के रूप में स्थापित करती है।

## महंगा रिचार्ज निजी टेलीकॉम कंपनियों के लिए बना सिर दर्द

# सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल की ओर उपभोक्ता करने लगे कूच


**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
निजी टेलीकॉम कंपनियों के रिचार्ज से प्रखंड के उपभोक्ताओं का अब मोह भंग होने लगा है । वे सभी उसके बजाय अब सरकारी टेलीकॉम बीएसएनएल की और कूच करने लगे हैं । जियो और एयरटेल जैसी निजी टेलीकॉम कंपनियां को छोड़ इन दिनों बड़ी तादाद में प्रखंड के उपभोक्ता बीएसएनल सिम की खरीदारी करते देखे जा रहे हैं ।इसका मुख्य कारण सस्ते दर का रिचार्ज मिलना बताया जा रहा है ।लेकिन उक्त कंपनी के उपभोक्ताओं के सामने एक बड़ी समस्या उभर कर सामने आ रही है कि प्रखंड क्षेत्र में बीएसएनल टेलीकॉम कंपनी का नेटवर्क पर्याप्त मात्रा में काम नहीं कर पा रहा है । जिस कारण दुकानों से बेबाक रूप में बीएसएनएल कंपनी के सिम की खरीदारी कर रहे उपभोक्ताओं में पेसो पेश की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है ।बीएसएनल टेलीकॉम कंपनी के सिम की खरीदारी किए उपभोक्ता मोहिद्दीन अंसारी और सूरज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बीएसएनएल टेलिकॉम



कंपनी सरकार के देखरेख में संचालित होता है । उन्होंने बताया कि इससे पहले हमसभी जियो और एयरटेल टेलीकॉम कंपनी के सिम का उपयोग करते थे । उसी के आलोक में उसका रिचार्ज भी हम लोगों को महंगे दर पर कराना पड़ता था । लेकिन जब से बीएसएनएल की कंपनी उपभोक्ताओं को सस्ते दर का रिचार्ज देना शुरू कर दिया है तब से हम सभी भी उसी कंपनी के मुरीद हो गए है । निजी कंपनियों के सिम को त्याग कर बीएसएनएल कंपनी के सिम की खरीदारी कर रहे हैं ।उन्होंने बताया कि सिम की खरीदारी करने के बाद जब उसका नेटवर्क की विशेषता हम लोग जानने की कोशिस किए तो निजी कंपनियों के अपेक्षा बीएसएनएल कंपनी का नेटवर्क कम काम करने की बातें सामने आई ।नतीजन हम लोगों को संपर्क स्थापित करने के लिए कुछ चुनिंदा जगहों पर जाना मजबूरी हो जा रहा है जहां पर बीएसएनएल कंपनी का पर्याप्त नेटवर्क बताता है। उन्होंने कहा कि काश निजी कंपनियों के नेटवर्क की तरह बीएसएनएल कंपनी का भी नेटवर्क प्रखंड के हर जगह पर काम करता तो सिम की खरीदारी को लेकर दुकानों पर उपभोक्ताओं की लाइन लगी की लगी रह जाती । प्रखंड मुख्यालय के डंडाई गांव में बीएसएनएल टेलीकॉम के सिम की बिक्री कर रहे मुस्कान मोबाइल शॉप के प्रोपराइटर राजीव कुमार ने बताया कि मैं बहुत दिनों से टेलीकॉम कंपनी से जुड़ कर अपनी दुकान को चलाते आ रहा हूं । लेकिन फिलहाल बीएसएनएल कंपनी के द्वारा जो उपभोक्ताओं को रिचार्ज के मामले में राहत दिया जा रहा है वह उपभोक्ताओं के हित में काफी फायदेमंद है। इसीलिए उपभोक्ता अब निजी कंपनियां जियो और एयरटेल से मोहभंग कर बीएसएनएल की ओर अग्रसर होने लगे हैं।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम– साज्या परवीण उम्र 25 वर्ष
रंग–सॉवला, ऊँचाई–4 फीट, 5 ईंच, पहनावा–सलवार सूट

उपरोक्त लापता महिला साज्या परवीण, पति एकराम अंसारी, सा0–पिठौरिया, थाना–कॉके, जिला–रॉची जो दिनांक–06.06.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में कॉके थाना सनहा संख्या–18/24, दिनांक–07.06.2024 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पु0 उपा0,मु0 प्रथम, रॉची। –9431706141
थाना प्रभारी कॉके, रॉची। –9431706185

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची

PR 330056 Police(24-25)#D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–जोलोश्वरी दवीं उम्र 30 वर्ष, ऊॅचीई–4 फिट 6 ईंच**
**रंग–गोरा, पहनावा–पीली रंग का साडी एवं ब्लॉज पहने हुई है।**

उपरोक्त लापता महिला जोलोश्वरी देवी पति–कार्तिक मुण्डा, सा0–जाहिरटीकर, थाना–तमाड़, जिला–रॉची जो दिनांक–17.06.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में तमाड़ थाना सनहा संख्या–18/24, दिनांक–17.06.2024 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यकहै।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनु0पु0पदा0, बुण्डु, रॉची। –9431706144
थाना प्रभारी तमाड़, रॉची। –9431706193

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची

PR 330061 Police(24-25).D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या :– 01/R1/2024-25/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 18.07.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/LATEHAR1/2024-25 | महुआडांड | चिरोपाट से शीशडीह तक पथ निर्माण। | 290.185 | दो करोड़ नब्बे लाख अठारह हजार पॉच सौ रूपये मात्र। | 15 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 24.07.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 31.07.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 02.08.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 329953 REO (24-25)_D



**कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़**

**बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की रामगढ़ नगर परिषद् अन्तर्गत वार्ड नं0–28 छत्तरमाण्डू में अवस्थित दुकान को मासिक किराए पर लॉटरी के माध्यम से आवंटित करने हेतु यह आम सूचना प्रकाशित किया जा रहा है जिसकी लॉटरी दिनांक– 30.07.2024 अपराह्न 02:00 बजे नगर परिषद् कार्यालय के प्रांगण में निर्धारित है।

| क्र0 | भवन का प्रकार | दुकान की कुल संख्या | आकार (फीट) में | किराया प्रति माह | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | R.C.C | 37 | 10"X12sq feet | Rs.5400 | |

लॉटरी प्रक्रिया में केवल वही व्यक्ति भाग ले सकते हैं, जिनका नाम कार्यालय सर्वे पंजी में संधारित है तथा–1000/– रूपये शुल्क के साथ आवेदन कार्यालय में समर्पित किये है। निर्धारित तिथि एवं समय पर लॉटरी में भाग लेने हेतु नियम एवं शर्तें निम्नलिखित है :–

1. आवेदक को लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेने के पूर्वसुरक्षित राशि के रूप में –50,000/– (पचास हजार रूपय) तथा छः माह का अग्रीम किराया – 32400/– (बतीस हजार चार सौ रूपय) डिमांड ड्राफ्ट जो कि EXECUTIVE OFFICER, RAMGARH के नाम पर देय होगा, जमा करना अनिवार्य होगा।
2. छः माह का समय समाप्त होने के पूर्व दुकान का पुनः आगामी प्रत्येक तीन माह का किराया अग्रिम के रूप में नगर परिषद् कार्यालय में जमा कराना अनिर्वाय होगा।
3. डिमांड ड्राफ्ट को दिनांक–29.07.2024 अपराहान– 04:00 बजे तक जमा करना अनिर्वाय होगा। उक्त तिथि के उपरांत किसी भी प्रकार से डिमांड ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. आवंटित दुकान को किसी प्रकार की गैर कानूनी/सरकार द्वारा वर्जित कार्य/मांस/मछली/ मुगा/शराब/अवैध वस्तुओं का व्यापार/अन्य नशीली उत्पाद के व्यवसाय हेतु दुकान का उपयोग पर प्रतिबंध होगा।
5. प्रत्येक आवंटी को दुकान में व्यवहृत बिजली एवं जलापूर्ति का व्यय स्वयं करना होगा।
6. आवंटित की गई संरचना में किसी प्रकार का परिवर्तन का अधिकार आवंटी का नहीं होगा।
7. भविष्य में यदि नगर परिषद द्वारा सरकारी प्रावधनों के तहत् कोई शर्त/नियम लगाए जाते है तो आवंटी को उसका अनुपालन करना होगा।
8. आवंटी किसी भी प्रकार से दुकान को किराए पर नहीं देंगे और ना ही किन्ही अन्य को हस्तांतरण कर सकेंगे। ऐसा पाए गए आवंटी को आवंटित दुकान रद्द कर दिया जाएगा एवं सुरक्षित तथा अग्रीम किराए की राशि जब्त कर ली जाएगी।
9. सफल आवंटी को एकरारनामा का सारा खर्च स्वयं वहन करना होगा।
10. सफल आवंटी को दुकान/व्यवसाय के पूर्व विधिवत् नगर परिषद कार्यालय से ट्रेड लाईसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
11. आवंटी को आवंटित दुकान का प्रत्येक दो वर्श पर 10% किराया में बढ़ोतरी के साथ एकरारनामा नविनीकरण करना होगा तथा उसमें आने वाले खर्च को स्वयं वहन करना होगा तथा समय–समय पर नगर परिषद् कार्यालय के द्वारा निर्गत नियमों का पालन नहीं करने या आवंटी का आवंटित स्थल पर क्रियाक्लाप या नियमों का उल्लंघन करने पर एकरारनामा नविनी करण नहीं किया जायेगा तथा किन्ही अन्य को दुकान आवंटन करने कि प्रकिया प्रारभ कर दी जायेगी।
12. नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय के द्वारा बिना कारण बताए आवंटित दुकान को किसी भी समय रद्द किया जा सकेगा।
13. बिना कारण बताए डाक को अस्वीकृत करने एवं डाक की शर्तों में संशोधन करने का अधिकार नगर परिषद्, रामगढ़ के पास सुरक्षित रहेगा।
14. शेष नियम एवं शर्तो को कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 330078 District (24-25)_D

# पहले बजट पर हैं सभी की निगाहें

***तेईस*** जुलाई को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट में पिछले दो कार्यकालों की आर्थिक नीतियों की छाप देखने को मिल सकती है। अनुमान है कि बजट पूंजीगत खर्चों व जन कल्याण की योजनाओं के मध्य एक व्यवस्थित ढांचा खड़ा करने की कोशिश करेगा, ताकि देश को जीडीपी की वृद्धि के साथ प्रति व्यक्ति आय में भी तेजी दी जा सके।मोटे तौर पर मोदी सरकार के पिछले दो कार्यकालों के साथ जोड़कर देखें, तो तीन पक्षों पर काम अत्यंत प्रशंसनीय है। पहला, जीएसटी के माध्यम से कर संग्रहण में अभूतपूर्व वृद्धि। दूसरा, बैंकिंग क्षेत्र में आई तेजी। तीसरा, स्टॉक मार्केट में घरेलू निवेशकों का तेजी से निवेश को बढ़ाना। इन तीनों पक्षों पर कई आंकड़े मोदी सरकार की वाहवाही करते हैं। लगता है कि मोदी सरकार अब इन तीनों पक्षों पर अधिक श्रेय लेने को तैयार नहीं है। इसके पीछे दो प्रमुख कारण हो सकते हैं। एक, महंगाई व बेरोजगारी के चलते 2024 के चुनाव में मोदी सरकार अपने बल पर बहुमत में नहीं आ पाई। दूसरा, देश को अब ऐसे आर्थिक मैकेनिज्म की जरूरत है, जिसमें आर्थिक सुधारों के माध्यम से होने वाली प्रगति में किसी भी प्रकार की कोई लीकेज न रहे, अन्यथा आर्थिक प्रगति एक बुलबुला बन जाती है और जिसके फूटने का डर हमेशा बना रहता है और जब यह फूटता है, तब अप्रत्याशित भी नहीं होता।पिछले सात वर्षों में जीएसटी के माध्यम से भारत में कर संग्रहण में 170 फीसदी की औसतन वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि बहुत अधिक सकारात्मक दिखती है। यह भी एक सच्चाई है कि जीएसटी के चलते महंगाई बढ़ी है और छोटे व्यापारों को नुकसान हुआ है। दीर्घकालीन सोच के मद्देनजर जीएसटी का निर्णय भारत के लिए बहुत अच्छा है, लेकिन बेरोजगारी के बढ़ते आंकड़े सवाल करते हैं कि इतने अधिक कर के संग्रहण के बावजूद राजस्व घाटा क्यों? नौकरियों में अधिक भर्तियां क्यों नहीं? दिसंबर 2023 तक 20 से 24 वर्ष की आयु के 44 प्रतिशत युवा और 25 से 29 वर्ष के 14 प्रतिशत युवा बेरोजगार थे।बैंकिंग क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों से काफी तेजी आई है। जेएएम योजना (जन-धन, आधार, मोबाइल) के माध्यम से बैंकिंग क्षेत्र का विस्तार और इसके माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं को आमजन तक प्रत्यक्ष रूप से पहुंचना रहा है। लेकिन कुछ समय से व्यक्तिगत ऋण के मुद्दे पर आरबीआई द्वारा बैंकों व एनबीएफसी को सचेत किया जा रहा है कि व्यक्तिगत ऋण पर नियंत्रण किया जाए। वरना बैंकिंग क्षेत्र में जोखिम बढ़ सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2014 से दिसंबर, 2023 तक बैंकों का व्यक्तिगत ऋण 16 से बढ़कर करीब 30 फीसदी तक पहुंच गया है। हैरान करने वाली बात यह भी है कि औद्योगिक घरानों को मिलने वाले ऋण में काफी कमी आई है। शुरूआत में बैंकिंग ऋण का तकरीबन 46 प्रतिशत हिस्सा इस क्षेत्र को जाता था, जो अब 24 फीसदी के आसपास है। इसका सबसे अधिक असर एमएसएमई सेक्टर में देखने को मिला है।तीसरा मुख्य पक्ष, 10 वर्षों में स्टॉक बाजार में अप्रत्याशित वृद्धि और घरेलू निवेशकों का बढ़ता हुआ विश्वास है। 26 मई, 2014 से 16 जुलाई, 2024 तक सेंसेक्स 24000 से बढ़कर 80 हजार पर पहुंच गया और निफ्टी 7000 से बढ़कर 24000 पर पहुंच गई है, क्योंकि बीते कुछ वर्षों से भारत के घरेलू निवेशकों का विश्वास पूंजी बाजार के प्रति तेजी से बढ़ा है। वर्ष 2023 में घरेलू निवेशकों ने तकरीबन 22.5 अरब डॉलर का वित्तीय निवेश भारतीय पूंजी बाजार में किया, जो कि चालू कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली छमाही में 28.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। पिछले दस वर्षों में म्यूचुअल फंड के माध्यम से घरेलू निवेश दो लाख करोड़ से बढ़कर मई, 2024 तक 28 लाख करोड़ हो गया है।इन सब के बीच में यह भी देखने को मिला है कि अब निवेशकों का मुख्य आकर्षण एफएंडओ ऑप्शन में खरीदारी व बिक्री करना हो गया है। इसके चलते स्मॉल कैप मिड कैप की छोटी कंपनियां घरेलू निवेश से वंचित हो रही हैं, जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए उचित नहीं है, क्योंकि इसके चलते भारतीय पूंजी बाजार निवेश के बजाय सट्टे की परिकल्पना को पूरा करता हुआ दिखेगा, इसीलिए बीते दिनों सेबी ने इस पर कुछ नए नियम बनाए हैं।

शब्द संख्या: 741

# आइए हम सब खेल का उत्सव मनाएं- खेल ही ज्ञान है!

## यह बच्चे और आपके अंदर मौजूद बचपन के लिए उपयुक्त है





***माननीय*** शिक्षा मंत्री द्वारा 20 फरवरी 2023 को जादुई पिटारा (जादू बॉक्स) के शुभारंभ के अवसर पर कुछ बच्चों को बॉक्स का अनावरण करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया गया था। जैसे ही बच्चों ने जादुई पिटारा खोला, जो पूर्व-प्राथमिक स्तर के शिक्षण-शिक्षा से जुड़ी सामग्री है, तो उन्होंने औपचारिक तरीके से पुस्तकों और फ्लैशकार्ड को एक-एक करके ध्यान से देखा। लेकिन जब उनकी नजर नीचे पड़े खिलौनों पर पड़ी, तो उनकी आंखें चमक उठीं और वे उसके चारों ओर ऐसे इकट्ठा हो गए, जैसे बच्चे जन्मदिन-केक के चारों ओर जमा हो जाते हैं। उन्होंने बॉक्स से अपने पसंदीदा खिलौने उठाए- गुड़िया, कठपुतली आदि और एक-दूसरे के साथ खुशी व्यक्त करते हुए अपनी दुनिया में इस तरह मग्न हो गए कि मंच और समारोह पीछे छूट गए। इसने आश्चर्य, जिज्ञासा और खुशी पैदा की। पांच सौ से ज्यादा प्रशासकों, शिक्षाविदों और शिक्षकों की प्रतिष्ठित सभा ने अपने बचपन को याद करते हुए तालियां बजाईं और मुस्कान बिखेरी।

जुलाई 2024-25 में नए स्कूल वर्ष की शुरूआत के मौके पर भारत भर की कक्षाओं में चमकती आंखें, हंसी, खिलखिलाहट, बातचीत, नन्हें पैरों की पदचाप और कभी-कभी रोने की आवाजें सुनाई देती हैं। आइए हम नए शिक्षण वर्ष को प्रत्येक बच्चे के लिए स्वागत योग्य, आनंदमय और चंचल बनाकर मनाएं। खेल बच्चों के लिए स्वाभाविक है और समग्र विकास (शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषाई, संज्ञानात्मक और सांस्कृतिक) के लिए एक शक्तिशाली उपाय है। यह बच्चों को एक सुरक्षित, मजेदार और बगैर रोक-टोक वाली जगह में जिज्ञासु होने, खोज करने और प्रयोग करने की अनुमति देता है। हाल ही में, भारत और दुनिया ने 11 जून को संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया, जिसमें विशेष रूप से बच्चों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए खेल के महत्व को मान्यता दी गई है। भारत ने भी खेल पर जोर दिया है और इसे संस्थागत बनाने में अग्रणी रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 और राष्ट्रीय पूर्व-प्राथमिक स्तर पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2022 (एनसीएफ-एफएस) ने पहली बार पूर्व-प्राथमिक स्तर (3-8 वर्ष की आयु) के लिए एक पाठ्यक्रम रूपरेखा की परिकल्पना की और इसे तैयार किया। एनसीएफ-एफएस का मुख्य परिवर्तनकारी पहलू 'खेल के माध्यम से सीखना' है, जो अपने आप पता चल जाने वाली बातों को वैधता प्रदान करता है: यानी,

**बाल विकास और मस्तिष्क पर हुए कई अध्ययनों से भी संकेत मिलता है कि खेल निम्नलिखित के लिए आवश्यक है**

- मस्तिष्क का विकास, विशेष रूप से प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स की उत्तेजना, जो ध्यान, समस्या-समाधान और सामाजिक व्यवहार को विनियमित करने के लिए जिम्मेदार होता है।
- न्यूरोप्लास्टिसिटी या नए तंत्रिका संबंध बनाने की क्षमता, जो जीवन भर सीखने और अनुकूल होने के लिए मौलिक होती है।
- सहज ज्ञान, जो जटिल व अनिश्चित परिस्थितियों में समस्या समाधान और निर्णय लेने के लिए आवश्यक है।
- माता-पिता के लिए खेल बचपन से ही बच्चों के विकास की आधारशिला रखने में एक मूलभूत पहलू है, जिसे यूनिसेफ जैसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा रेखांकित किया गया है।

जब बच्चे खेलते हैं, तो वे सीखते हैं। सीखना केवल तब नहीं होता, जब बच्चा लिख रहा होता है। सीखने की एक विशेष शैली को लागू न करने की जरूरत है, क्योंकि सीखने वालों की संख्या जितनी अधिक होती है, सीखने के उतने ही अधिक तरीके भी मौजूद होते हैं। खेल में बातचीत, कहानी सुनाना, खिलौने, गीत और कविताएं, संगीत और शारीरिक सक्रियता, कला और शिल्प तथा इनडोर और आउटडोर खेल शामिल होते हैं। यह आपसी संपर्क छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय के बीच एक मजबूत बंधन बनाता है। ऐतिहासिक रूप से, देखभाल के एक हिस्से के रूप में खेल सिंधु घाटी सभ्यता से शुरू हुआ। सभ्यता की विरासत लोरियों, बच्चों की कहानियों, खेलों, खिलौनों, कविताओं और पहेलियों के समृद्ध और विविधतापूर्ण भंडार में दिखाई देती है।

एनसीएफ-एफएस की परिवर्तनकारी प्रकृति का प्रतीक एनसीईआरटी का जादुई पिटारा है, जिसे फरवरी 2023 में जारी किया गया। जादुई पिटारा किसी भी स्कूल में पूर्व-प्राथमिक स्तर के लिए आवश्यक सामग्री का उदाहरण है। यह विविधतापूर्ण है और ऐसी सामग्री विकसित करते समय ध्यान में रखी जाने वाली संवेदनशीलता (आयु-उपयुक्त, संवेदी अनुभव और स्थानीय) को प्रदर्शित करता है। पिटारे में खिलौने, खेल, पहेलियां, कठपुतलियां, पोस्टर, फ्लैशकार्ड, कहानी की किताबें, प्लेबुक और शिक्षक-पुस्तिकाएं हैं। प्रत्येक खिलौना और खेल को एक निश्चित सीखने के परिणाम से जोड़ा गया है। देश भर के हितधारकों ने जादुई पिटारा में उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत परिवर्तनकारी शिक्षण-शिक्षा से जुड़ी सामग्री की सराहना की है। राज्यों द्वारा अपने स्थानीय संदर्भ और परिवेश के लिए बॉक्स की सामग्री को अनुकूल बनाने के प्रयास जारी हैं। यह मानते हुए कि हम अब डिजिटल युग में रह रहे हैं और प्रौद्योगिकी-सक्षम चैनल, जादुई पिटारा की पहुंच और प्रभाव को बढ़ा सकते हैं, शिक्षा मंत्रालय ने फरवरी 2024 में ई-जादुई पिटारा का शुभारंभ किया, ताकि यह भौतिक जादुई पिटारा का पूरक बन सके और विभिन्न माध्यमों: कंप्यूटर, स्मार्ट-व फीचर-फोन, टेलीविजन और रेडियो आदि, के जरिये पहुंच को लोकतांत्रिक बनाया जा सके। बच्चों को कहानियां सुनाने तथा खेल-खेल में सीखने की गतिविधियों में उन्हें शामिल करने के जुड़े सवाल पूछने के लिए; देखभाल करने वाले अब चैट और वॉयस सुविधाओं के माध्यम से जनरेटिव एआई का लाभ उठाते हुए वर्चुअल सहायक के साथ बातचीत कर सकते हैं। खेल के दौरान, बच्चे लगातार विकल्पों का चयन करते हैं। वे आश्चर्य और आनंद से भरे होते हैं। खेल बच्चों में समग्र विकास, रचनात्मकता और सहनशीलता बढ़ाता है। वयस्कों के लिए, खेल मानसिक स्वास्थ्य, अनुभूति और रचनात्मकता में वृद्धि करता है। जब माता-पिता और देखभाल करने वाले बच्चों को खेल में शामिल करते हैं, तो वे खेल का उत्सव मनाते हैं। आइए हम सब खेल का उत्सव मनाएं और बच्चों को सीखने एवं विकसित होने में मदद करें, बचपन मनाओ, बढ़ते जाओ।

*यह लेख भारत सरकार के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव श्री संजय कुमार और बेंगलुरु के एकस्टेप फाउंडेशन के सीईओ एवं सह-संस्थापक श्री शंकर मरुवाड़ा द्वारा लिखा गया है।*

## आपकी बात

# पार्टी यदि मौका दिया तो रांची या हटिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे



सुनील कुमार सिंह
राष्ट्रवादी

पार्टी यदि मौका दिया तो हटिया विधानसभा या रांची विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। सुनील सिंह ने कहा कि चूंकि मैं रांची विधानसभा व हटिया विधानसभा दोनों विधानसभा का निवासी हूं, और दोनों विधानसभा मेरा कर्म क्षेत्र रहा है। वर्तमान में मैं हटिया विधानसभा के रिंग रोड धौनी फॉर्म हाउस के समीप सिमलिया क्षेत्र में रहता हूं। उन्होंने कहा कि विगत कई वर्षों से मेरे द्वारा सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े कार्य किया जाता रहा है। जैसे स्वच्छता अभियान चलाना, पेड़ लगाना, ठंड के मौसम में अलाव की व्यवस्था करवाना, गर्मी के दिनों में पेयजल की व्यवस्था करना, जल संकट के समय जनता को पानी उपलब्ध करवाना, गरीबों में नए एवं पुराने वस्त्रों का वितरण करना, गरीबों में खाना वितरण करना, चाहे शादी पार्टी द्वारा बचा हुआ खाना कलेक्ट कर हो, या स्वयं सहायता समूह के माध्यम से हो, स्वास्थ्य लाभ के लिए योग व प्राणायाम करने के लिए लोगों को जागरुक कर प्रेरित करना, कोरोना काल में खाद्य सामग्री के साथ मास्क, सेनीटाइजर,जैसे अन्य किट की व्यवस्था उपलब्ध करवाना, कोरोना काल मे दूसरे राज्यों में फंसे मजदूरों को उनके घरों तक पहुंचाने में योगदान देना व फल, पानी, बिस्कुट आदि की व्यवस्था करवाना, कोरोनावायरस के रूप में कार्य कर रहे पुलिस कर्मियों को सम्मानित करना, निजी स्कूलों में अतिथि के रूप में पहुंचकर स्वदेशी पठन पाठन के लिए बच्चों को जागरूक करना तथा हिंदू धर्म ग्रंथ जैसे रामायण, महाभारत, गीता, पुराण जैसे धर्म ग्रंथो की शिक्षा शिक्षण संस्थानों में छात्र छात्राओं को पढ़ायाझ सिखाया जाय, इसके लिए केंद्र सरकार से आर्टिकल 30 को समाप्त करने की मांग करना, ब्लड डोनेशन के साथ सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करवाना, धार्मिक आयोजनों में शामिल होना,जनता की मूलभूत सुविधाएं रोड-नाली, पानी-बिजली की समस्या दूर करने की प्रयास करना जैसे अनेक सामाजिक कार्य मेरे द्वारा निरंतर किया जाता रहा है। कहा की उपरोक्त सभी किए गए कार्यों की विवरण की फोटोग्राफ हमारे पास उपलब्ध है। जरूरत पड़ी तो साक्ष्य के रूप में जब भी पार्टी के द्वारा मांग की जाएगी मैं उसकी छाया प्रति प्रस्तुत करने के लिए तैयार रहूंगा। ऐसे हीं मेरे द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए हटिया एवं रांची विधानसभा क्षेत्र के बहुत सारे बुद्धिजीवी वर्गों के द्वारा मुझे चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसलिए मैंने चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर कर रहा हूं। चूंकि और बेहतर सामाजिक कार्य करने के लिए पावर का होना अति आवश्यक होता है। ऐसे मे यदि भारतीय जनता पार्टी द्वारा चुनाव लड़ने का मौका मिला तो मैं अवश्य चुनाव लड़ूंगा, क्योंकि भाजपा मेरी पहली प्राथमिकता है। कहा कि मैं राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सहायता एक सहयोग फाउंडेशन के प्रदेश सचिव के दायित्व के रूप में कार्य कर रहा हूं। जिस निमित्त मुझे कई क्षेत्रों में जाने का अवसर मिलता है। जिसके कारण क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू होता रहता हूं। मेरा स्वयं का निजी आवास की पास की सड़क जो रिंग रोड से मेजर कोठी तक गुमला रोड से जुड़ी है, जिसकी दुर्दशा देखने लायक है। जिसके लिए मैं संबंधित सांसद एवं विधायक महोदय से जनता के साथ कई बार गुहार लगाते थक चुका हूं, पर अभी तक सड़क निर्माण में किसी भी तरह की कोई प्रगति नहीं दिख रही है। जिससे इस क्षेत्र की जनता मन बना रही है कि रोड नहीं, तो वोट नहीं कहा कि अभी के समय में ऐसे तो चुनाव लड़ना काफी महंगा हो गया है। हमारे जैसे कम संसाधन वाले सामाजिक कार्यकर्ता चुनाव लडने के बारे में सोच भी नहीं सकते हैं। परंतु एक बात यह भी सच है कि यदि चुनाव पैसे की हीं बल पर जीती जाती तो, आज सांसद, विधायक, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री जैसी सरकारें सभी अडानी, अंबानी, टाटा, बिरला जैसे उद्योगपतियों की हाथों में होती। इसलिए यदि पार्टी मुझे मौका दे तो जनता की आशीर्वाद से चुनाव लड़कर हीं नहीं, जीत कर भी दिखाऊंगा।

## देश की बात

# याद रखना, भूल ना जाना वतन पर मरने वालों को



आर.के. सिन्हा

***कुछ*** दिन बाद 26 जुलाई को सारा देश 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाएगा। उस युद्ध में भारतीय सेना ने सभी बाधाओं को पार करते हुए भारी बलिदान देते हुए भी कारगिल क्षेत्र के बर्फीले पहाड़ों से पाकिस्तान के घुसपैठियों को खदेड़ दिया था। यह भारत का पहला टेलीविजन युद्ध भी था जिसके दौरान टोलोलिंग और टाइगर हिल जैसे अज्ञात निर्जन शिखर सारे देश की जुबान पर आ गए थे। कारगिल युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच मई और जुलाई 1999 के बीच हुआ था। परवेज मुशर्रफ की सरपरस्ती में पाकिस्तान की सेना और कश्मीरी उग्रवादियों ने भारत और पाकिस्तान के बीच की नियंत्रण रेखा पार करके भारत की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। पाकिस्तान ने दावा किया कि लड़ने वाले सभी कश्मीरी उग्रवादी हैं, लेकिन युद्ध में बरामद हुए दस्तावेजों और पाकिस्तानी नेताओं के बयानों से साबित हो गया था कि पाकिस्तान की सेना प्रत्यक्ष रूप में इस युद्ध में शामिल थी। भारतीय सेना और वायुसेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाली जगहों पर हमला किया और धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय सहयोग से पाकिस्तान को सीमापार घुसपैठ को छोड़, अपने वतन में वापस जाने को मजबूर किया। कारगिल युद्ध ऊंचाई वाले इलाके पर हुआ था और भारतीय सेनाओं को पहाड़ियों के नीचे से लड़ने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। परमाणु बम बनाने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ यह पहला सशस्त्र संघर्ष था। अंततः 26 जुलाई 1999 को भारत ने कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी। इसलिए 26 जुलाई हर वर्ष 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उस करीब दो महीने तक चले युद्ध में भारतीय सेना ने लगभग 527 से अधिक वीर योद्धाओं को खोया था वहीं 1300 से ज्यादा घायल हुए थे। युद्ध में 2700 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे। उन शहीदों के नाम कोई भी राजधानी के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में जाकर देख सकता हैं। उस जंग में दुश्मन के दांत खट्टे करने वाले शहीद कैप्टन अनुज नैयर की शौर्यगाथा को किसने नहीं सुना? राजधानी के दिल्ली पब्लिक स्कूल, धौला कुआं के छात्र रहे कैप्टन अनुज नैयर जाट रेजिमेंट में थे। कैप्टन अनुज नायर ने कारगिल जंग में टाइगर हिल्स सेक्टर में अपने साथियों के घायल होने के बाद भी मोर्चा सम्भाले रखा था। उन्होंने दुश्मनों को धूल में मिलाकर इस सामरिक चोटी 'टाइगर हिल्स' को शत्रु के कब्जे से मुक्त करवाया था। अब बात करें कैप्टन हनीफुद्दीन की। कैप्टन हनीफुद्दीन राजपूताना राइफल्स के अफसर थे। कैप्टन हनीफुद्दीन ने कारगिल की जंग के समय तुरतुक में शहादत हासिल की थी। कारगिल के तुरतुक की ऊंची बर्फ से ढंकी पहाड़ियों पर बैठे दुश्मन को मार गिराने के लिए हनीफुद्दीन ऊपर से हो रहे गोलाबारी के बावजूद आगे बढ़ते रहे थे।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

## बोधि वृक्ष

# हनुमान जी के 10 मंदिर, जहां हर पल बरसता है आशीर्वाद



**9. श्री कष्टभंजन हनुमान मंदिर, सारंगपुर (गुजरात)**


अहमदाबाद-भावनगर के पास स्थित बोटाद जंक्शन से सारंगपुर 12 मील दूर है। महायोगिराज गोपालानंद स्वामी ने इस मूर्ति की प्रतिष्ठा की थी। जनश्रुति है कि प्रतिष्ठा के समय मूर्ति में भगवान हनुमान का आवेश हुआ और यह हिलने लगी। यह मंदिर स्वामीनारायण सम्प्रदाय का एकमात्र हनुमान मंदिर है।

**10. हंपी, कर्नाटक**

बेल्लारी जिले के हंपी शहर में एक हनुमान मंदिर है। इन्हें यंत्रोद्धारक हनुमान कहा जाता है। यही क्षेत्र प्राचीन किष्किंधा नगरी है। संभवतः यहीं किसी समय वानरों का विशाल साम्राज्य स्थापित था। आज भी यहां अनेक गुफाएं हैं।

## फेसबुक वॉल से

**Swami Vivekanand Quotes**
Bijendra Singh · 1 h ·




820 · 19 comments · 52 shares

Like · Comment · Send · Share

## X- से

**Babulal Marandi** @yourBabulal · 18h

अभ्यर्थी परेशान

एक परीक्षा के लिए देने पड़ते हैं हजारों इम्तिहान...

झारखंड सरकार को राजपत्र के माध्यम से छात्रों को सूचित कर देना चाहिए कि तैयारी सिर्फ परीक्षा देने के लिए नहीं, बल्कि पहले विज्ञप्ति के लिए, फिर परीक्षा के समय पर आयोजन के लिए, फिर आंसर- की के लिए, फिर रिजल्ट के Show more




20 · 64 · 149 · 2.8K

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# मिजार्पुर, जिसकी असल पहचान कुछ और है



उमेश चतुर्वेदी

***ओवर*** द टॉप यानी ओटीटी का मशहूर प्रोग्राम है मिजार्पुर। इसकी लोकप्रियता इतनी है कि इसका तीसरा सीजन दर्शकों के सामने हाजिर है। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह इसके शुरूआती दो सीजन को दर्शकों का प्यार हासिल हुआ, एक बार फिर वैसा ही स्नेह हासिल करने में यह कामयाब रहेगा। मिजार्पुर की सफलता का राज है, इसका बोल्ड कथानक और संवाद। जिसमें ठेठ भोजपुरी अंदाज में गालियों की भरमार है, परिवार के बीच अविश्वसनीय लगने वाला व्यभिचार है। माफिया है, माफिया है तो गोली-बारूद भी होगा। वर्चस्व की जंग भी होगी और राजनीति से उसके काले रिश्ते भी होंगे। जब इतना कुछ होगा तो राजनीति की गोटियां भी होंगी। राजनीतिक उठापटक भी है और राजनीति को साधने के लिए धन, ताकत और सेक्स का तड़का भी है। लेकिन इसमें कुछ नहीं है तो वह है मिजार्पुर। मिजार्पुर की ना तो इसमें मिठास है, ना ही संस्कृति है और ना ही इतिहास। इसलिए जो भी ओटीटी वाले मिजार्पुर से गुजरता है, वह मान लेता है कि मिजार्पुर की धरती त्रिपाठी परिवार जैसे माफियों की बारूद की गंध और गोली की आवाज के बीच ही कहीं अपना अस्तित्व बचाए हुए है, जहां परिवार के अंदर ही अवैध संबंधों की बहुलता है। जहां हर किसी की जिंदगी माफिया के ही इर्द-गिर्द घूमती रहती है। इसके पहले सीजन के सुपर हिट होते वक्त दिल्ली में तैनात एक दक्षिण भारतीय बड़े अधिकारी ने पूछ लिया था कि क्या मिजार्पुर ऐसा ही है, जहां हर व्यक्ति गालियां ही देता रहता है, जहां माफिया राज ही चलता रहता है।

ओटीटी पर मिजार्पुर का जब भी नया सीजन आता है, मिजार्पुर के निवासियों के सामने नए सिरे से सवालों की बौछार शुरू हो जाती है। जाहिर है कि वे सारे सवाल मिजार्पुर सीरीज के जरिए रची गई छवि के इर्द-गिर्द ही होती है। मिजार्पुर के मूल निवासी एक बड़े पत्रकार ने तो अब इस बारे में सफाई देनी ही बंद कर दी है। आखिर कितने लोगों को वे बता सकते हैं कि मिजार्पुर वैसा ही नहीं है, जैसा ओटीटी के सीरीज में दिखाया जा रहा है। इसे संयोग ही कहेंगे कि मिजार्पुर से जुड़ी एक काल्पनिक रचना रही चंद्रकांता और दूसरी काल्पनिक रचना है मिजार्पुर सीरीज। उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में मिजार्पुर की ही धरती पर रची गई चंद्रकांता। बाबू देवकीनंदन खत्री की यह रचना काल्पनिक होते हुए भी इतनी दिलचस्प है कि उसे अगर पढ़ना शुरू किया तो खत्म किए बिना छोड़ना आसान नहीं है। 1888 में यह रचना छपी थी, तब उसकी लोकप्रियता ऐसी थी कि उसे पढ़ने के लिए लोगों ने हिंदी तक सीखी। कुछ वैसी ही लोकप्रियता मिजार्पुर सीरीज की भी है। कुछ वैसी ही काल्पनिक सीरीज भी है। लेकिन चंद्रकांता और मिजार्पुर में एक अंतर है। चंद्रकांता मिजार्पुर की छवि को नए सिरे से गढ़ती है, जबकि मिजार्पुर उसे बदरंग बनाती है। मिजार्पुर वैसा नहीं है, जैसा उसे सीरीज दिखाता है। मिजार्पुर की और भी पहचान है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

## टेक वर्ल्ड

# एआई-जेनरेटेड और नकली प्रोफाइल्स को कर सकते हैं कवर




**बं**बल, जो भारत में एक लोकप्रिय डेटिंग ऐप है, ने इस फीचर को लॉन्च करने का फैसला अपनी भारतीय उपस्थिति के तहत किया है। यह यूजर्स के लिए अब एक और तरीका बन जाता है नकली और अक-जेनरेटेड प्रोफाइल्स को संदेश करने के लिए। यह नया फीचर भारतीय बाजार में भी उपलब्ध होगा, जहां तकनीकी उन्नति की वजह से ऐसे प्रोफाइल्स की संख्या बढ़ रही है। इस फीचर को लॉन्च करने का फैसला अपनी भारतीय उपस्थिति के तहत किया है। यह फीचर इस्तेमालकर्ताओं को अधिक सुरक्षित महसूस कराने का मकसद रखता है, क्योंकि यह उन्हें नकली प्रोफाइल्स की पहचान और रिपोर्ट करने में मदद करेगा।

इस नए फीचर के अंतर्गत, उपयोगकर्ता अब एआई-जेनरेटेड प्रोफाइल्स को भी रिपोर्ट कर सकेंगे, जो कई बार असली प्रोफाइलों की तरह दिख सकते हैं और इस तरह की पहचान कठिन हो सकती है। बंबल के प्रतिनिधि ने बताया कि उनका उद्देश्य यह है कि उपयोगकर्ता एक न्यायिक और सुरक्षित माहौल में ऑनलाइन डेटिंग का आनंद ले सकें, और नकली प्रोफाइल्स के खिलाफ सख्ती से लड़ाई लड़ सकें।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आठ भारतीय भी बचे, पांच की तलाश जारी

## ओमान के तट पर पलटे तेल टैंकर से नौ लोगों को जिंदा बचाया गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

तीन दिन पहले ओमान तट के पास पलटे कोमोरोस ध्वज वाले मालवाहक जहाज पर सवार 13 भारतीयों में से आठ को बचा लिया गया है। एमटी फाल्कन प्रेस्टीज नाम का जहाज 14 जुलाई को पलट गया था। जहाज पर 13 भारतीयों समेत 16 लोग सवार थे। सूत्रों के मुताबिक, तलाशी अभियान के दौरान एमटी फाल्कन प्रेस्टीज के नौ चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया है। इसमें आठ भारतीय और एक श्रीलंकाई नागरिक शामिल हैं। बाकी चालक दल के सदस्यों को खोजने के लिए तलाशी और बचाव अभियान जारी रहेगा। ओमान में भारतीय दूतावास खाड़ी देश के संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। जहाज एमटी फाल्कन प्रेस्टीज ने 14 जुलाई को ओमान के तट पर लगभग रात 10 बजे संकट की सूचना भेजी थी।एक सूत्र ने बताया कि ओमान में हमारा दूतावास ओमानी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। नाविकों के लिए खोज और बचाव अभियान जारी है, जिसका समन्वय ओमान समुद्री सुरक्षा केंद्र (ओएमएससी) कर रहा है। भारतीय नौसेना भी खोज और बचाव अभियान में शामिल हो गई है।

## अदन बंदरगाह जा रहा था जहाज

समुद्री सुरक्षा केंद्र के अनुसार, समुद्र में पलटे जहाज की पहचान प्रेस्टीज फाल्कन के रूप में हुई है। यह जहाज दुबई के हमरिया बंदरगाह से यमन के अदन बंदरगाह जा रहा था। कोमोरोस का झंडा लगा यह जहाज ओमान के तट पर रास मद्रकाह इलाके से समुद्र में करीब 46 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में पलट गया। इसके 16 सदस्यीय चालक दल में 13 भारतीय और तीन श्रीलंकाई नागरिक हैं। चालक दल के सभी सदस्य लापता हैं। जहाज अभी भी समुद्र में पलटा हुआ है। जहाज से तेल लीक हुआ है या नहीं, अभी इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। अधिकारियों ने बताया कि कोमोरोस के झंडे वाले जहाज फाल्कन प्रेस्टीज ने 14 जुलाई 2024 को लगभग 2200 बजे ओमान के तट से संकट की सूचना भेजी थी। ओमान में हमारा दूतावास ओमानी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। नाविकों के लिए खोज और बचाव अभियान, ओमान समुद्री सुरक्षा केंद्र (डटरउ) द्वारा समन्वित किया जा रहा है। भारतीय नौसेना भी खोज और बचाव अभियान में शामिल हो गई है।



### अदन की खाड़ी में लगातार हो रहे जहाजों पर हमले

इस्त्राइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से अदन की खाड़ी और लाल सागर में समुद्री जहाजों पर लगातार हमले हो रहे हैं। ये हमले ईरान समर्थित हूती विद्रोही कर रहे हैं। इसके चलते अमेरिका और ब्रिटेन संयुक्त रूप से हूती विद्रोहियों के खिलाफ कार्रवाई कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद व्यापारिक जहाजों पर हमले नहीं रुक रहे हैं। हूती विद्रोहियों के हमले के चलते अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट बुरी तरह से प्रभावित हुआ है और इसकी वजह से कई व्यापारिक जहाज अफ्रीका होते हुए लंबा रास्ता तय कर रहे हैं।

# नासिक में अंतिम संस्कार से लौट रहे लोगों को ट्रक ने कुचला , पांच की मौत

**एजेंसी। मुंबई**

नासिक जिले के जुन्नर तहसील में कल्याण-अहमदनगर हाईवे पर बेलहे गुनलंचवाड़ी इलाके में एक अनियंत्रित ट्रक ने शुक्रवार को सुबह अंत्येष्टि से लौट रहे कई लोगों को कुचल दिया। इस घटना में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस हादसे के बाद आक्रामक ग्रामीणों ने रास्ता रोक कर प्रदर्शन किया। पुलिस की ओर से गहन छानबीन का आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना प्रदर्शन खत्म कर दिया है।

पुलिस के अनुसार बेल्हे गुनलंचवाड़ी में आज सुबह एक व्यक्ति का अंतिम संस्कार करके ग्रामीण कल्याण-अहमदनगर हाईवे से लौट रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर ग्रामीणों को कुचल दिया। इस घटना में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। एक ही गांव के पांच लोगों की मौत की खबर से पूरे गांव के लोग हाईवे पर जमा हो गए और प्रदर्शन करने लगे। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और गांव वालों को कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद गांव वालों ने अपना आंदोलन खत्म किया।

# जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के अंदर कोई सुरंग नहीं

## हाईकोर्ट के जज ने आंतरिक कक्ष में बिताए सात घंटे

**एजेंसी। पुरी**

ओडिशा में पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष के भीतर एक छिपी हुई सुरंग को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इस बीच पुरी के राजा गजपति महाराजा दिव्य सिंह देब ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) जांच के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सकता है। उन्होंने गुरुवार को रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष के भीतर छिपी सुरंग को लेकर किए गए सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। दरअसल, कई लोगों का मानना है कि मंदिर के रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष में एक गुप्त सुरंग बनी हुई है।

**जस्टिस विश्वनाथ रथ ने सुरंग के भीतर बिताए सात घंटे :** ओडिशा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस विश्वनाथ रथ ने दस अन्य सदस्यों के साथ आंतरिक कक्ष के अंदर सात घंटे से भी अधिक समय बिताया। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में कहा, ₹हमारे निरीक्षण के अनुसार, हमें गुप्त सुरंग के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने से बचने का आग्रह किया है। समिति के एक अन्य सदस्य और सेवक दुर्गा दासमोहपात्रा ने कहा, हमने भगवान के खजाने के अंदर कोई गुप्त सुरंग नहीं देखी। रत्न भंडार लगभग 20 फीट ऊंचा और 14 फीट लंबा है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान छोटी-मोटी समस्याओं पर गौर किया गया। छत से कई सारे छोटे-छोटे पत्थर गिरे।



### गुप्त सुरंग पर पुरी के राजा ने की बात

रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष में गुप्त सुरंग के अटकलों के बीच पुरी के राजा गजपति महाराजा दिव्य सिंह देब ने कहा, ₹एएसआई आंतरिक कक्ष की जांच के लिए लेजर स्कैनिंग जैसे उन्नत उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं।₹ उन्होंने आगे बताया कि ऐसे उपकरण गुप्त सुरंगों के बारे में जानकारी प्रदान कर सकता है।

## हरित क्रांति से कृषि उत्पादन का बढ़ना अधूरा सच, सीएम योगी ने कहा

# अधिक उर्वरक के उपयोग से शरीर में जहर कर रहा प्रवेश

**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हरित क्रांति से कृषि उत्पादन जरूर बढ़ा, मगर यह एक अधूरा सच है। उन्होंने कहा कि उर्वरक की अधिकता के कारण एक धीमा जहर हमारी धमनियों में प्रवेश कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के एक राज्य में कृषि कार्य में अत्यधिक उर्वरक के उपयोग का हश्र ये हुआ कि आज वहां से कैंसर ट्रेन चलानी पड़ रही है। कैंसर ट्रेन से मुख्यमंत्री का इशारा अबोहर (पंजाब का शहर) से जोधपुर जाने वाली विशेष ट्रेन से था। ये दुष्प्रभाव केवल मनुष्यों पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि पशु-पक्षी भी इससे बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि देश में कई इलाके ऐसे भी थे जहां प्राकृतिक ढंग से कृषि करने पर भी उत्पादन अधिक था।




### राज्य में पर्याप्त जल संसाधन हैं : योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा और उप्र में इसके लिए बड़ी संभावना है। उन्होंने कहा कि उप्र में देश की 12 प्रतिशत भूमि है जिस पर देश की 17 प्रतिशत आबादी रहती है। उन्होंने कहा कि उप्र देश के खाद्यान का 20 प्रतिशत उत्पादन करता है और राज्य में पर्याप्त जल संसाधन हैं। उन्होंने कहा कि आज की आवश्यकता के अनुरूप उस गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा जो लोगों के खुशहाली सूचकांक (हैपिनेस इंडेक्स) को ऊंचाई पर ले जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र सरकार ने इस दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी चार कृषि विश्वविद्यालय हैं और पांचवां बनने जा रहा है, जबकि 89 कृषि विज्ञान केंद्र के अलावा दो केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय भी राज्य में स्थित हैं।

### हरित क्रांति का लाभ अन्न उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में हुआ है

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में प्राकृतिक खेती के विज्ञान पर केंद्रित क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, हरित क्रांति का लाभ अन्न उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में हुआ है, मगर ये अधूरा सच है।

### पशु-पक्षियों पर भी पड़ रहा उर्वरक का दुष्प्रभाव

सीएम योगी ने कहा कि हरित क्रांति के बाद जब खेती में उर्वरक का उपयोग हुआ तो कुछ समय तक उत्पादन तो बढ़ा, मगर आज एक धीमे जहर के रूप में वह हमारी धमनियों में प्रवेश कर रहा है। उर्वरक का दुष्प्रभाव केवल मनुष्यों में ही नहीं देखने को मिल रहा बल्कि पशु-पक्षी भी इससे प्रभावित हो रहे हैं।

## महाराष्ट्र में भाजपा सहयोगी दलों के साथ मिलकर लड़ेगी विधानसभा चुनाव

**मुंबई जलह।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र यादव और सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव ने ऐलान किया है कि अगला विधानसभा चुनाव सहयोगी दलों के साथ ही मिलकर लड़ा जायेगा। दोनों प्रभारियों ने प्रदेश भाजपा को सहयोगी दलों के साथ तालमेल रखने और लोकसभा में हुई गलतियों में सुधार करने के लिए भी निर्देश दिया है। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की कोर कमेटी की बैठक महाराष्ट्र प्रभारी और सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में गुरुवार को देर रात आयोजित की गई। बैठक में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के रोडमैप और सीटों के बंटवारे और गठबंधन पर भी चर्चा हुई। सूत्रों ने जानकारी दी है कि अजित पवार और एकनाथ शिंदे के ग्रुप को लेकर कुछ बीजेपी नेताओं की ओर से शिकायत की गई थी। बैठक में कुछ बीजेपी नेताओं ने शिकायत की है कि अजित पवार और एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना ने लोकसभा में मदद नहीं की। अजित पवार गुट के नेताओं ने कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में अपेक्षित मदद नहीं की। कुछ नेताओं ने शिकायत की है कि उनकी पार्टी के विधायक चुनाव में प्रमुख नेता महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों की मदद कर रहे हैं।



नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। (आईएएनएस)

# आज का राशिफल

**मेष** — रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**वृषभ** — कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**मिथुन** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थाड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।

**कर्क** — परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी।

**सिंह** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कन्या** — शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**तुला** — कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक** — स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**धनु** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**कुम्भ** — शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें।

**मीन** — धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

## पंचतत्व में विलीन हुए ब्रिजेश थापा, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे

**दार्जिलिंग।** जम्मू व कश्मीर के डोडा में आतंकवादियों के हमले में बलिदान हुए भारतीय सेना के कैप्टन का पार्थिव शरीर शुक्रवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। दार्जिलिंग में तिब्बती शरणार्थी केंद्र के नीचे तिब्बती समुदाय ने शहीद कैप्टन ब्रिजेश थापा को श्रद्धांजलि दी। गुरुवार सुबह तिरंगे में लिपटे शहीद थापा के शव को रेजिमेंट के जवानों ने कंधा देकर निकाला। यहां से शव को आर्मी की गाड़ी से दार्जिलिंग के लेबॉन्ग ले जाया गया, जहां शहीद जवान के पैतृक घर में शव को रखा गया।

# मुस्लिम भी कांवरियों के लिए बनाते हैं ड्रेस

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूरे प्रदेश में कांवड़ मार्गों पर खाने-पीने की दुकानों पर नेमप्लेट लगाने और उस पर मालिक का नाम लिखने के आदेश के बाद कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सरकार के इस आदेश का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा शिविरों में हम लोग पहले से सेवा करते आ रहे हैं। मुस्लिम भी कांवड़ियों के लिए ड्रेस बनाते हैं और कांवड़ को सजाते है।

**नफरत की बाते करने से कोई फायदा नहीं :** इमरान मसूद ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांवड़ यात्रियों की पोशाकें, हौजरी मुसलमान कारीगर बनाते हैं, मेरठ में कांवड़ को सजाने का काम मुसलमान करते हैं। आप नफरत की जो बातें करते हैं इससे कोई फायदा नहीं है। कांवड़ वालों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हमें आपस में प्यार-मोहब्बत है, हम आपके एजेंडे से भटकने वाले लोग नहीं है। हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर कार्रवाई के आदेश पर उन्होंने कहा कि इसके अलावा कोई एजेंडा नहीं है क्या देश में, इसके अलावा बहुत एजेंडे हैं इस देश में। जिसे हलाल खाना है वह हलाल ही खाएगा उसे किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं होती है।

**जिम्मेदारियों से भागने का काम करती है सरकार**

इमरान मसूद ने कहा कि सरकार अपनी जिम्मेदारियों से भागने का काम करती है। रोजगार के लिए नौजवान परेशान हैं, उसके लिए आप बात नहीं करोगे। व्यापारियों की आपने कमर तोड़ दी, उसके ऊपर बात नहीं करेंगे, किसान को फसल की कीमत नहीं मिल रही आप उसकी बात नहीं करोगे। उन्होंने कहा, कांवड़ियों के लिए तो हम हमेशा स्वागत-सम्मान करते हैं, सब जगह शिविरों के अंदर सारे काम मुसलमान करते थे, कोई मुसलमान और हिंदू की नफरत है कहीं।

**आपदा** उत्तर प्रदेश में बाढ़ और बारिश से मचा हाहाकार

# 24 घंटे में 10 लोगों की मौत, 13 जिले प्रभावित

**एजेंसी। लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश में बीते दिनों से हो रही बारिश और बाढ़ ने तबाही मचाई है। पिछले 24 घंटे में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य के राहत आयुक्त कार्यालय से बृहस्पतिवार रात मिली रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में पिछले 24 घंटे में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में गोरखपुर के तीन, हरदोई के दो और संभल, रायबरेली, चित्रकूट, कौशांबी और संत कबीर नगर के एक-एक व्यक्ति शामिल हैं।**

## नदियों का बढ़ा जलस्तर

बता दें कि बीते दिनों से पहाड़ी और मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बारिश, बैराजों से छोड़े जा रहे पानी और यमुना की सहायक नदियों में बाढ़ से प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। गंगा में तेजी से बढ़ रहे जलस्तर से मलाक हरहर और बेली के बीच निमार्णाधीन सिक्स लेन ब्रिज के केबल वाले हिस्से का काम रोक कर दिया गया है। संगम क्षेत्र में निमार्णाधीन दशाश्वमेध घाट, किला घाट में निचले हिस्से मे भी काम भी प्रभावित हुआ है। शास्त्री ब्रिज से संगम नोज तक गंगा प्रवाह के लिए बनाया गया नया चैनल पानी में डूबने के साथ इसी के बगल में गंगा के ऊपर बन रहे रेलवे पुल का काम भी रोक दिया गया है। वहीं, फरुर्खाबाद में रामगंगा का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है और खतरे के निशान के नजदीक पहुंच गया है। रामगंगा में बाढ़ से लगभग दो दर्जन गांवों का प्रभावित हो गए है। मुख्य सड़क पर पानी भरने से गांवों का सम्पर्क भी टूट गया है। सड़क पर पानी भरने से आवागमन में भी काफी दिक्कतें हो गयी है। छोटे वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है बड़े वाहनों को सड़क से गुजारा जा रहा है।



### खतरे के निशान से ऊपर नदियां

जानकारी के मुताबिक, राज्य के 13 जिले लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, उन्नाव, हरदोई, अयोध्या, बदायूं, महाराजगंज और बस्ती बाढ़ से प्रभावित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गोरखपुर में राप्ती नदी, सिद्धार्थनगर में बूढ़ी राप्ती और गोंडा में कुआनो नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

# न्यूज बॉक्स

## जीतन सहनी हत्याकांड के मुख्य आरोपी काजिम अंसारी को रिमांड पर लेगी दरभंगा पुलिस

**दरभंगा।** विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी काजिम अंसारी को दरभंगा पुलिस रिमांड पर लेकर दोबारा पूछताछ करेगी। इस बात की जानकारी दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी ने प्रेसवार्ता कर दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि गिरफ्तार काजिम अंसारी फिलहाल जेल में है। वहीं उन्होंने कहा कि मामले में पुलिस में अनुसंधान जारी है। एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने कहा कि पिछले दिनों हमने जिस हथियार से हत्या किया गया उसे खोजने की कोशिश की, लेकिन अभी तक वो हथियार हम लोगों के हाथ नहीं लगा है। इसे लेकर हम लोग न्यायालय से अनुरोध करेंगे कि आरोपी को पुलिस रिमांड पर भेजा जाए। जिसके बाद हम लोग दोबारा पूछताछ करेंगे जिसके कुछ सबूत हाथ लग जाए। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान हमलोगों ने आस-पास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले हैं और बचे हुए सीसीटीवी की भी जांच कर रहे हैं कि इससे कुछ सबूत मिल जाए।

## बिहार कैबिनेट की बैठक में 27 प्रस्तावों को मंजूरी

**पटना।** बिहार मंत्रिमंडल की शुक्रवार को एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल की इस बैठक में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के प्रबंधन के लिए विभिन्न कोटि के 301 पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में मौजूद एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के सुगम प्रबंधन एवं संचालन के लिए मुख्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न कोटि के कुल 301 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई, जबकि नालंदा जिला अंतर्गत राजगीर में निमार्णाधीन राज्य खेल अकादमी एवं अंतर्राष्ट्रीय मानक के क्रिकेट स्टेडियम के सुगम संचालन के लिए विभिन्न कोटि के 81 पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अलावा भागलपुर में विक्रमशिला विश्वविद्यालय ऐतिहासिक स्थल के समीप केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। इसके लिए 87 करोड़ 99 लाख रुपए की स्वीकृति मिल गयी है। उन्होंने कहा कि बैठक में बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति 2024 को भी मंजूरी दी गई। बिहार वेब मीडिया नियमावली, 2021 में संशोधन के लिए बिहार वेब मीडिया (संशोधन) नियमावली, 2024 के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई।



## यूपी के बाद उत्तराखंड में भी कांवर मार्ग पर दुकानों के ऊपर मालिकों का नाम लिखने का आदेश जारी

**हरिद्वार।** उत्तर प्रदेश की तर्ज पर अब देवभूमि उत्तराखंड में कांवर रूट पर आने वाली दुकान और रेस्टोरेंट के मालिकों को नेमप्लेट लगानी होगी। हरिद्वार पुलिस ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है। 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवर यात्रा को लेकर यूपी पुलिस ने एक नया आदेश जारी किया है। मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवर यात्रा के रास्ते में आने वाली दुकानों और रेस्टोरेंट के मालिकों को अपने नाम का बोर्ड लगाने का आदेश दिया था। इसी तर्ज पर हरिद्वार पुलिस ने कांवर यात्रा मार्ग में दुकानदारों को नेमप्लेट लगाने का आदेश जारी किया है। हरिद्वार के एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल ने बताया कि कांवर यात्रा के दौरान कई दुकानों को लेकर विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है, क्योंकि उसमें प्रोपराइटर का नाम नहीं लिखा होता है। कई बार कावंरिए इसे लेकर आपत्ति भी जताते हैं। इस संबंध में हरिद्वार पुलिस ने कांवर यात्रा मार्ग पर आने वाले जितने भी होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट, रेहड़ी-पटरी वाले हैं, उन सबका सत्यापन कर उन पर प्रोपराइटर के नाम अंकित करने के लिए जोर दे रहे हैं। कहा कि ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।



## गैंगस्टर अबू सलेम को नासिक रोड सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया

**मुंबई।** गैंगस्टर अबू सलेम को एटीएस और एसआरपीएफ की सुरक्षा के बीच बेहद गोपनीय तरीके से शुक्रवार को सुबह नासिक रोड सेंट्रल जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है। प्रशासन के अनुसार अबू सलेम को नवी मुंबई स्थित तलोजा जेल में रखा गया था, लेकिन जेल प्रशासन को अबू सलेम की बैरक में मरम्मत कार्य करना था। इसलिए जेल प्रशासन ने अबू सलेम को अन्य जेल में शिफ्ट करने का निर्णय लिया था। अबू सलेम ने सुरक्षा का कारण बताते हुए जेल प्रशासन के निर्णय को बाम्बे हाई कोर्ट में चुनौती देकर याचिका दाखिल की थी लेकिन बाम्बे हाई कोर्ट ने सलेम की याचिका खारिज कर दी थी। इससे जेल प्रशासन को अबू सलेम को अन्य जेल में शिफ्ट करने का रास्ता साफ हो गया था।

## बंगाल में महिला के काटे गए बाल, सुवेंदु अधिकारी ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने प्रदेश में महिलाओं की स्थिति को दयनीय बताते हुए एक वायरल वीडियो पोस्ट किया है। दावे के साथ कि महिला के बाल काट रहे लोग टीएमसी से जुड़े हैं। भाजपा नेता ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया। लिखा, ये शर्मनाक है। इस बार ऐसी घटना हावड़ा के दोमजूर में हुई है। दोमजूर कोई सुदूर इलाका नहीं है। यह हावड़ा सिटी पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है। दिग्गज भाजपा नेता ने कहा, कूच बिहार से चोपड़ा, अरियादहा से दोमजूर तक, यह पीड़ा जारी है। कल सजा के तौर पर एक महिला के बाल कैंची से बेरहमी से काटे गए। सुवेंदु ने बाल काटने वालों के नाम भी बताए हैं। दावा किया, इस वीभत्स कृत्य को अंजाम देने वाले दरिंदे - ईशा लश्कर, अबुल हुसैन लश्कर, सायम लश्कर, मकबूल अली, इसराइल लश्कर, अरबाज लश्कर और महेबुल्लाह मिद्दे टीएमसी पार्टी से जुड़े हुए हैं।

# पेरिस ओलंपिक में करूंगा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : सुखजीत सिंह

## देश के लिए 70 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 20 प्रभावशाली गोल किए हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

करियर को खतरे में डालने वाली चोट से उबरने से लेकर पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम में जगह बनाने तक, सुखजीत सिंह का सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं रहा है। 2022 में राष्ट्रीय टीम में पदार्पण के बाद से, सुखजीत ने देश के लिए 70 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 20 प्रभावशाली गोल किए हैं। हालाँकि, 28 वर्षीय फॉरवर्ड का रास्ता आसान नहीं रहा है क्योंकि इस प्रतिष्ठित मंच तक पहुँचने के लिए उन्हें कई चुनौतियों और बाधाओं का सामना करना पड़ा है। अब, वह दुनिया के सबसे बड़े मंच पर अपनी पहचान बनाने के लिए अपने पहले ओलंपिक में खेलने की तैयारी कर रहे हैं।

आगामी ओलंपिक के बारे में अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए सुखजीत ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ओलंपिक में




खेलना हमेशा से मेरे और मेरे परिवार के लिए एक सपना रहा है। यह किसी भी एथलीट के करियर का शिखर होता है और मुझे यह अवसर पाकर गर्व महसूस हो रहा है। मेरा मानना है कि मेरी कड़ी मेहनत और समर्पण ने मुझे सफलता दिलाई है। अब मैं टीम में अपनी भूमिका को बेहतरीन तरीके से निभाने और पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ देकर अपने कोच और साथियों के भरोसे पर खरा उतरने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। पिछले दो वर्षों में सुखजीत ने अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा और निरंतरता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने भुवनेश्वर में 2023 एफआईएच हॉकी विश्व कप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें उन्होंने छह खेलों में तीन गोल किए। वह चेन्नई में पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 और पिछले साल हांग्जो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीमों का भी हिस्सा थे। हाल ही में, सुखजीत ने 2023-24 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने ओलंपिक के लिए भारतीय दल को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने जा रहे भारतीय दल को शुभकामनाएं देते हुए भरोसा जताया है कि वे देश को गौरवान्वित करेंगे। पेरिस ओलंपिक और पैरालिंपिक 2024 से पहले, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और हॉकी विश्व कप विजेता टीम के सदस्य अशोक ध्यानचंद, एशियाई खेलों




के स्वर्ण पदक विजेता और पूर्व विश्व नंबर-1 डबल ट्रैप शूटर रोंजन सोढ़ी, राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण विजेता मुक्केबाज अखिल कुमार, दो बार के पैरालिंपिक भाला फेंक चैंपियन देवेंद्र झाझरिया और टोक्यो पैरालिंपिक रजत पदक विजेता डिस्कस थ्रोअर योगेश कथुनिया ने यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में इस मल्टीस्पोर्ट इवेंट के लिए भारत की तैयारी पर चर्चा करने के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र में भाग लिया।

# बीसीसीआई संजू सैमसन को कर रही है नजरअंदाज : पूर्व क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर डोड्डा गणेश ने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) पर श्रीलंका के आगामी दौरे के लिए वनडे टीम में संजू सैमसन को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने गुरुवार 18 जुलाई को श्रीलंका दौरे के लिए टीम की घोषणा की और कई चौंकाने वाले चयन किए। भारत का श्रीलंका दौरा 27 जुलाई से तीन मैचों की टी20 सीरीज के साथ शुरू होगा जिसके बाद 2 अगस्त से तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन जिम्बाब्वे के खिलाफ अंतिम



मैच में अर्धशतक लगाने के बाद टी20आई टीम में अपनी जगह बनाए रखने में सफल रहे। हालांकि वह अपने आखिरी मैच में शतक लगाने के बावजूद वनडे टीम में जगह पाने में असफल रहे। सैमसन को वनडे से बाहर किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए डोड्डा गणेश ने बीसीसीआई पर उन्हें बाहर करने और उनकी जगह शिवम दुबे को चुनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'वनडे में संजू सैमसन की जगह शिवम दुबे को शामिल करना हास्यास्पद है।

# हार्दिक-नताशा का रिश्ता खत्म

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हार्दिक पांड्या और सर्बियाई मॉडल नताशा स्टेनकोविक के बीच विवाहित रिश्ता खत्म हो गया है। स्टार क्रिकेटर ने आखिरकार सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर अगल होने की पुष्टि कर दी है। पांड्या और नताशा ने मई, 2020 में कोर्ट मैरिज की थी। शादी के सात महीने के बाद नताशा ने बेटे को जन्म दिया था, जिसका नाम अगस्तय है। पांड्या और नताशा अपने बेटे के साथ सोशल मीडिया पर अक्सर तस्वीरें साझा करते रहते हैं। दोनों ने 2 बार (हिंदु और क्रिश्चियन धर्म के अनुसार) शादी की थी। हार्दिक ने भारत में हुई शादी को खूब भव्य बनाया था। लेकिन अब दोनों के बीच रिश्ता खत्म होने से दोनों के फैंस भी निराश हैं।



चार साल के बाद लिया तलाक

**हार्दिक पांड्या** ने सोशल मीडिया पर स्क्रीन शॉट शेयर कर दी जानकारी

## शरणार्थी ओलंपिक टीम पेरिस 2024 की तैयारी के लिए फ्रांस पहुंची

**पेरिस।** शरणार्थी ओलंपिक टीम 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों से पहले फ्रांस पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने गुरुवार को उक्त घोषणा की। इस वर्ष की शरणार्थी ओलंपिक टीम में 15 देशों और क्षेत्रों के कुल 37 एथलीट शामिल हैं। वे ओलंपिक में 12 स्पधाओं में भाग लेंगे, जो पहली बार एक टीम के रूप में एक साथ आने का प्रतीक है। बेयूक्स में, शरणार्थी एथलीट शीर्ष-स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं का उपयोग करके ओलंपिक के लिए तैयारी करना जारी रखेंगे। टीम के सामंजस्य को बढ़ावा देने और उन्हें एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानने में मदद करने के लिए, वे टीम गतिविधियों की एक श्रृंखला में भी भाग लेंगे।

# राफेल नडाल ने कैमरून नोरी को हराया

**एजेंसी। बास्टाड**

चौदह बार के फ्रेंच ओपन विजेता राफेल नडाल ने गुरुवार को बास्टाड ओपन में कैमरून नोरी पर 6-4, 6-4 से जीत के साथ अपनी ओलंपिक तैयारियां जारी रखीं। 38 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ने स्वीडिश क्ले कोर्ट पर जीत की राह पर वापसी जारी रखते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, उन्होंने वर्ष की अपनी नौवीं टूर जीत दर्ज की। यह अप्रैल में मैड्रिड ओपन के अंतिम-16 में पहुंचने के बाद उनकी पहली बार लगातार दो जीत थी।

मैच के बाद नडाल ने कोर्ट पर अपने साक्षात्कार के दौरान कहा, अब बहुत अच्छा लग रहा है, मैं रोलांड गैरोस के बाद से टूर पर नहीं खेला हूँ और मुझे कैमरून



जैसे महान खिलाड़ी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने का मौका मिला। मुझे लगता है कि मैंने कुछ पलों के लिए अच्छा टेनिस खेला। नडाल का अगला मुकाबला क्वार्टरफाइनल में मारियानो नवोन से होगा, इससे पहले चौथे वरीय अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने भारत के सुमित नागल को सीधे सेटों में हराया था।

## ईस्ट बंगाल ने जैक्सन सिंह के साथ किया चार साल का करार

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल ने शुक्रवार को केरला ब्लास्टर्स से भारतीय मिडफील्डर जैक्सन सिंह थोउनाओजम के साथ चार साल का करार किया है। जैक्सन की सेवाओं के लिए ईस्ट बंगाल द्वारा भुगतान की गई ट्रांसफर फीस का खुलासा नहीं किया गया। मणिपुर से आने वाले जैक्सन पिछले तीन वर्षों से भारतीय राष्ट्रीय टीम के मिडफील्ड में मुख्य खिलाड़ी रहे हैं। 23 वर्षीय डिफेंसिव मिडफील्डर ने अब तक राष्ट्रीय टीम के लिए 22 मैच खेले हैं और ब्लू टाइगर्स की विजयी सैफ चैंपियनशिप (2021, 2023), ट्राई-नेशन सीरीज (2023) और इंटरकॉन्टिनेंटल कप (2023) टीमों का अहम हिस्सा रहे हैं। वह फीफा विश्व कप में भारत के पहले और एकमात्र स्कोरर थे (2017 अंडर-17 फीफा विश्व कप में कोलंबिया के खिलाफ)।

# गुजरात टाइटंस खरीदने की तैयारी में अदाणी और टोरेंट ग्रुप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अदाणी समूह और टोरेंट समूह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस में नियंत्रक हिस्सेदारी की बिक्री के लिए निजी इक्विटी फर्म सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स के साथ बातचीत कर रहे हैं। सीवीसी आईपीएल फ्रेंचाइजी में बहुमत हिस्सेदारी बेचने को तैयार है जबकि कुछ हिस्सेदारी बरकरार रखेगी। यह तब हुआ है जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की लॉक-इन अवधि, जो नई टीमों को हिस्सेदारी बेचने से रोकती है, फरवरी 2025 में समाप्त हो जाएगी।

गुजरात टाइटंस तीन साल पुरानी फ्रेंचाइजी है जिसकी कीमत 1 बिलियन डॉलर से 1.5 बिलियन डॉलर के बीच हो सकती है। सीवीसी ने 2021 में 5,625 करोड़ में फ्रेंचाइी खरीदी थी। इस मामले से जुड़े एक अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया, '2021 में आईपीएल



की अहमदाबाद फ्रेंचाइजी के मालिक बनने का मौका चूकने के बाद अदाणी और टोरेंट दोनों गुजरात टाइटंस में बहुमत हिस्सेदारी खरीदने के लिए आक्रामक रूप से होड़ कर रहे हैं। सीवीसी के लिए यह फ्रेंचाइजी में अपनी हिस्सेदारी का मुद्रीकरण करने का एक शानदार अवसर है।' अन्य अधिकारी ने कहा, 'आईपीएल फ्रेंचाइजी निवेशकों का बहुत ध्यान आकर्षित कर रही हैं, क्योंकि लीग ने खुद को ठोस नकदी प्रवाह के साथ एक आकर्षक संपत्ति के रूप में स्थापित किया है।'

## मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लिली के युवा डिफेंडर लेनी योरो के साथ किया करार

**मैनचेस्टर।** प्रीमियर लीग क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लीग 1 क्लब लिली से युवा डिफेंडर लेनी योरो के साथ अनुबंध की घोषणा की है, जो 2029 तक चलेगा। क्लब ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मैनचेस्टर यूनाइटेड को यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि लेनी योरो क्लब में शामिल हो गए हैं। फ्रांसीसी डिफेंडर ने जून 2029 तक के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें एक और वर्ष के लिए विस्तार का विकल्प है। 18 साल की उम्र में, योरो ने लिली की पहली टीम के लिए 60 मैच खेले हैं। पिछले सीजन में, उन्हें लीग 1 टीम ऑफ द सीजन में भी शामिल किया गया था। पिछले सीजन में लीग में चौथे स्थान पर रहने में उन्होंने लिली की मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ करार करने के बाद योरो ने क्लब द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, अपने करियर की शुरूआत में ही मैनचेस्टर यूनाइटेड जैसी प्रतिष्ठा और महत्वाकांक्षा वाले क्लब के साथ साइन करना एक अविश्वसनीय सम्मान है। क्लब के साथ मेरी पहली बातचीत के बाद से ही उन्होंने इस रोमांचक प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में मैनचेस्टर में मेरे विकास के लिए एक स्पष्ट योजना बनाई और मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत परवाह दिखाई।

**06 दिन काउंट डाउन — पेरिस ओलंपिक**



## राज्यवर्धन सिंह राठौर ने निशानेबाजी में खोला था भारत का खाता

**राज्यवर्धन सिंह राठौर : 2004 एथेंस ओलंपिक : पुरुष डबल ट्रैप में रजत पदक**

**अभिनव बिंद्रा : 2008 बीजिंग ओलंपिक : 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक**

**गगन नारंग : 2012 लंदन ओलंपिक : पुरुषों के 10 मीटर राइफल में कांस्य पदक**

**विजय कुमार : 2012 लंदन ओलंपिक : मेंस 25 मी रैपिड फायर पिस्टल में रजत पदक**

भारत ने ओलंपिक में निशानेबाजी में चार पदक जीते हैं। 2004 के बाद 2008 और 2012 में भारतीय निशानेबाजों ने लगातार पदक जीते। इसकी शुरुआत आर्मी मैन राज्यवर्धन सिंह राठौर ने एथेंस ओलंपिक 2004 में रजत पदक जीतने के साथ की थी। इसके बाद 2008 के बीजिंग ओलंपिक में देहरादून में जन्मे अभिनव बिंद्रा ने 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता। 2012 के लंदन ओलंपिक में भारत को निशानेबाजी में दो पदक मिले। बीजिंग ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गगन नारंग ने फाइनल में जगह बनाने के लिए लंदन में अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि मौजूदा चैंपियन अभिनव बिंद्रा क्वालिफिकेशन राउंड से ही बाहर हो गए। गगन नारंग ने 10 मीटर राइफल में कांस्य पदक हासिल किया। यह लंदन ओलंपिक में भारत का पहला पदक था। राज्यवर्धन सिंह राठौर के एथेंस में रजत पदक जीतने के आठ साल बाद एक अन्य आर्मी मैन सुबेदार विजय कुमार ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में भारत के लिए दूसरा रजत पदक जीता। इसके पहले सूबेदार के रूप में तैनात विजय कुमार राष्ट्रमंडल खेल में स्वर्ण जीत चुके थे।



**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# सरकार के साथ समन्वय से अर्थव्यवस्था में हुआ तेजी से सुधार : आरबीआई गवर्नर

## इस साल दिसंबर में समाप्त हो रहा है शाक्तिकांत दास का कार्यकाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि उनके करीब छह साल के कार्यकाल के दौरान सरकार के साथ रिजर्व बैंक के संबंध अच्छे रहे हैं। उन्होंने कोविड-19 महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार का श्रेय दोनों के बीच बेहतर समन्वय को दिया।

एक सम्मेलन के दौरान उन्होंने कहा कि किसी ने भी उनसे यह उम्मीद नहीं की थी कि वे अपने कार्यकाल के दौरान सरकार के लिए चीयरलीडर बनेंगे।

उन्होंने अपने एक पूर्ववर्ती द्वारा हाल में लिखी गई पुस्तक में लगाए गए आरोपों के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, मैं अपने अनुभव से कह रहा हूं। कोई भी यह उम्मीद नहीं करता कि आरबीआई चीयरलीडर बनेगा। मेरा ऐसा कोई अनुभव नहीं है। नए कार्यकाल के लिए तैयारी को लेकर पूछे गए सवाल पर दास ने कहा कि वह

**मैं अपने अनुभव से कह रहा हूं। कोई भी यह उम्मीद नहीं करता कि आरबीआई चीयरलीडर बनेगा।**

**आरबीआई चालू वित्त वर्ष (2024-25) में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि के अनुमान को हासिल करने के लिए पूरी तरह से आशान्वित है**



वर्तमान कार्यभार पर पूरी तरह केंद्रित हैं और इसके अलावा किसी अन्य विषय पर नहीं सोचते हैं। उल्लेखनीय है कि दास का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त हो रहा है।

सरकार ने उन्हें 11 दिसंबर, 2018 को शुरूआत में तीन साल की अवधि के लिए आरबीआई का 25वां गवर्नर नियुक्त किया था। उन्हें 2021 में तीन साल के लिए सेवा विस्तार दिया गया। दास ने कहा कि आरबीआई चालू वित्त वर्ष (2024-25) में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि के अनुमान को हासिल करने के लिए पूरी तरह से आशान्वित है। उन्होंने कहा कि वृद्धि दर बेहतर रहने के साथ मौद्रिक नीति का ध्यान पूरी तरह से मुद्रास्फीति को काबू में लाने पर है। उन्होंने बैंकों से ऋण और जमा वृद्धि के बीच अंतर पर सतर्क रहने को कहा और सलाह दी कि कर्ज में वृद्धि और जमा वृद्धि से अधिक नहीं होनी चाहिए।

गवर्नर ने कहा कि ऋण और जमा वृद्धि के बीच अंतर के कारण वित्तीय प्रणाली संरचनात्मक रूप से नकदी मुद्दों से प्रभावित हो सकती है। अवैध तरीके से राशि प्राप्त करने और भेजने के लिए उपयोग किये जाने वाले खातों को लेकर चिंताओं के बीच दास ने बैंकों से आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपने ग्राहकों को जोड़ने और लेनदेन की निगरानी प्रणालियों को मजबूत करने को कहा।

# निवेश के लिए भारत को चुन रहे वैश्विक निवेशक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म बोफा की ओर से एशिया के फंड मैनेजर का सर्वे किया गया है, जिसमें शीर्ष निवेशकों ने जापान, भारत और ताइवान को निवेश के लिए सबसे अच्छा बाजार बताया है। वहीं, चीन और थाईलैंड को अपने पोर्टफोलियो में निचला स्थान दिया है। सर्वे के मुताबिक, 51 प्रतिशत फंड मैनेजर जापान पर ओवरवेटेज हैं, जबकि भारत और ताइवान पर क्रमशः 32 प्रतिशत और 24 प्रतिशत मैनेजर ओवरवेटेज हैं। दूसरी तरफ चीन पर 43 प्रतिशत फंड मैनेजर अंडरवेटेज हैं। बोफा ने रिपोर्ट में बताया कि

**51 प्रतिशत फंड मैनेजर जापान पर ओवरवेटेज हैं, जबकि भारत और ताइवान पर क्रमशः 32 प्रतिशत और 24 प्रतिशत मैनेजर ओवरवेटेज हैं**
*सर्वे*

सेमीकंडक्टर बड़े निवेशकों की पहली पसंद है। इसके बाद टेक हार्डवेयर का नाम है। वहीं, रियल एस्टेट में निवेश करने से निवेशक बच रहे हैं। चीन में सरकारी सेक्टर की कंपनियां वापसी कर रही हैं, जबकि भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र का बोलबाला है। साथ ही बताया गया कि अमेरिका में खपत में धीमापन आया है।

## अप्रैल-मई में एनआरआई ने 2.7 अरब डॉलर भेजे भारत

**नई दिल्ली।** विदेशों में रहने वाले भारतीय (एनआरआई) की ओर से देश भेजी जाने वाली राशि इस साल अप्रैल-मई में तीन गुना बढ़कर 2.7 अरब डॉलर हो गई। यह पिछले साल की समान अवधि में 0.6 अरब डॉलर थी। आरबीआई की ओर से जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एनआरआई डिपॉजिट स्कीम में जमा राशि मई में बढ़कर 154.72 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। स्कीम में फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (एफसीएनआर) डिपॉजिट, नॉन-रेजिडेंट एक्सटर्नल (एनआरई) और नॉन-रेजिडेंट आर्डिनरी (एनआरओ) डिपॉजिट शामिल हैं।



**आईटी कंपनी इन्फोसिस**


# कैंपस से करेगी 20,000 भर्तियां

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी इन्फोसिस ने कर्मचारियों की संख्या में कमी की लगातार छह तिमाहियों के बाद आखिरकार भर्तियों की योजना का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 25 के लिए उसका लक्ष्य 15,000 से 20,000 लोगों की नियुक्ति का है। इन्फोसिस ने कहा कि इन नियुक्तियों में कैंपस और सीधी भर्ती शामिल है। प्रबंधन ने यह भी कहा कि इस लक्ष्य के साथ



उन्होंने उन फ्रेशर्स को भी शामिल किया है, जिन्हें कंपनी में शामिल करने में देर हो गई थी। कंपनी के नतीजों के बाद मीडिया के साथ बातचीत के दौरान इन्फोसिस के सीएफओ जयेश संघराजका ने कहा, 85.3 प्रतिशत उपयोग के साथ हमारे पास मुश्किल से ही कोई जगह बची हुई है। वृद्धि के हिसाब से हम इस साल 15,000 से 20,000 फ्रेशरों की नियुक्तियां करेंगे। यह ऑन-कैंपस और ऑफ-कैंपस दोनों ही तरह से होगी। कर्मचारियों की संख्या में कमी की लगातार छह तिमाहियों के बाद कर्मियों की संख्या में यह इजाफा होगा। वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में भी कंपनी ने अपने कर्मचारियों की संख्या में 1,908 कर्मचारियों की कमी देखी है।




# सहज सोलर के शेयर ने निवेशकों को दिया 90 प्रतिशत का मुनाफा

**नई दिल्ली।** रिन्यूबल एनर्जी सॉल्यूशंस प्रोवाइड करने वाली कंपनी सहज सोलर के आईपीओ की शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री हुई है। सहज सोलर के शेयर ठरए रटए पर बंपर उछाल के साथ 342 रुपये पर खुला, जो 180 रुपये के प्राइस बैंड के मुकाबले 90 प्रतिशत ज्यादा है। बता दें कि सहज सोलर लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग बोली लगाने के लिए 11 जुलाई 2024 को खुला था और 15 जुलाई 2024 को बंद हो गया था। वैकल्पिक एनर्जी कंपनी का लक्ष्य अपने आईपीओ के जरिये 52.56 करोड़ रुपये जुटाने का है। आईपीओ को निवेशकों से मिला तगड़ा रिस्पांस, 507 गुना हुआ था बुक बोली के तीसरे और आखिरी दिन सहज सोलर के आईपीओ को निवेशकों ने जोरदार रिस्पांस मिला था और इसे 507 गुना बुक किया गया था।

# तेजी से बिक रही हैं मारुति सुजुकी की डिजायर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में हर महीने लाखों कारें बिकती हैं और इनमें एसयूवी और हैचबैक सेगमेंट की पैसेंजर गाड़ियों का मार्केट शेयर सबसे ज्यादा होता है। लेकिन इनके बीच सेडान सेगमेंट की गाड़ियों ने अपनी मजबूत स्थिति बना रखी है। कंफर्ट के साथ ही अच्छी माइलेज और सेफ्टी चाहने वाले हजारों लोग हर महीने सेडान कारें खरीदते हैं। भारत में कॉम्पैक्ट और मिडसाइज सेडान की अच्छी बिक्री होती है और इनमें सबसे ज्यादा सेल मारुति सुजुकी डिजायर की होती है। 6.57 लाख रुपये शुरूआती कीमत वाली डिजायर को बीते जून में 13 हजार से ज्यादा ग्राहकों ने खरीदा। इसके बाद बाकी कौन-कौन सी सेडान टॉप 10 में रही, आइए विस्तार से बताते हैं।

**6.57 लाख रुपये**

**13,421 ग्राहकों ने जून में खरीदा डिजायर**



## एक नजर

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के बलिगढ़ गांव के ढाढ़रा नदी से पुलिस ने अवैध बालू का उठाव कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। पुलिस को आते देख चालक ट्रैक्टर को छोड़कर भागने में सफल रहा। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने बताया की गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई है। ट्रैक्टर जब्त कर थाना लाया गया।

### पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कैलान पंचायत में चलाया जनसंपर्क अभियान

**भवनाथपुर।** पूर्व विधायक सह झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने शुक्रवार को भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कैलान गांव में ग्रामीणों से मिलकर जनसंपर्क अभियान चलाया। पूर्व विधायक ने कैलान के ग्रामीणों से मिलकर उनकी विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि वह क्षेत्र भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसान,नौजवान मजदूर, गरीब सभी के साथ विश्वासघात किया है।

### महिला के साथ हुई मारपीट, घायल

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के ललगाड़ा गांव निवासी संजय यादव की पत्नी रीना देवी को उसके देवर धनंजय यादव पिता भुनेश्वर यादव ने मारपीट कर घायल कर दिया। गढ़वा सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि रीना देवी ने अपने खेत में लगे धान के बीहन को पंप से पटा रही थी। इस दौरान धनंजय यादव की गाय ने रीना देवी के धान के बीहन को चरने लगी। इसे लेकर रीना देवी एवं धनंजय यादव में नोंकझोंक हो गई। इसके बाद धनंजय यादव ने रीना देवी को बेरहमी मारपीट कर घायल कर दिया। उसके शरीर के विभिन्न हिस्से में चोट लगी है।

### बाइक से गिरकर दो युवक हुए जख्मी

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव में मोटरसाइकिल से गिरकर सूरज कुमार पिता मंथन राम एवं राज आनंद पिता राम लखन राम घायल हो गए। दोनों घायलों के इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि सूरज कुमार एवं राज आनंद ने एकही मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव में किसी से मिलने के लिए जा रहे थे।

### सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल, आई गंभीर चोट

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी इश्तेयाक अंसारी पिता फरीदन अंसारी ने शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। सदर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। बताया गया कि वह अपने एक रिश्तेदार के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर गढ़वा थाना क्षेत्र के चेतना गांव गए थे।

## गढ़वा सदर अस्पताल में दो घंटे तक नहीं हुआ इलाज, और न किया रेफर

# गायब थीं चिकित्सक, प्रसूता की हुई मौत

**रेफर होने के बाद मेदिनीनगर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत**

**रमना में एक नर्स ने छोटा आपरेशन कर कराया था प्रसव**

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा सदर अस्पताल के गाइनी विभाग में चिकित्सकों की मनमानी चरम पर है। खासकर, सायंकालीन एवं रात ड्यूटी में तो गाइनी विभाग में कोई भी चिकित्सक ड्यूटी में ही नहीं रहता है। इसका खामियाजा प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं को झेलना पड़ता है। समय पर इलाज नहीं होने के कारण कई बार प्रसव कक्ष में भर्ती महिलाओं की मौत हो जाती है। गुरुवार की रात में कुछ ऐसा ही हुआ, जब हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के रपुरा गांव निवासी राहुल रजवार की पत्नी कुशमी देवी को प्रसव के बाद गंभीर हालत में सदर अस्पताल में लाया गया था। प्रसूता को रक्तस्त्राव हो रहा था। लेकिन गाइनी विभाग में रात्रिकालीन ड्यूटी में मौजूद चिकित्सक गायब थीं। दो घंटे तक मरीज का न तो इलाज हुआ और न ही उसे रेफर ही किया गया। जबकि ड्यूटी में मौजूद एक नर्स ने महिला चिकित्सक को मोबाइल फोन पर काल किया। लेकिन चिकित्सक ने अस्पताल में दो घंटे देर से पहुंची और मरीज को बिना देखे ही हायर सेंटर रेफर कर दिया। मेदिनीनगर सदर अस्पताल में रात में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

### क्या है पूरा मामला

हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के रपुरा गांव निवासी राहुल रजवार की पत्नी कुशमी देवी अपने मायका विशुनपुरा थी।उसके पति बाहर काम करने गए हैं। गुरुवार को दोपहर में प्रसव पीड़ा होने पर उसके पिता विशुनपुरा निवासी चानदेव रजवार एवं मां तेतरी देवी ने कुशमी देवी को प्रसव के लिए रमना में रहनेवाली एक सरकारी नर्स अंजली कुमारी के पास ले गए। बताया गया कि अंजली कुमारी ने कुशमी देवी को नार्मल डिलेवरी करा देने की बात कही। इसके लिए दवा खर्च समेत 5,000 रुपये जमा कराए। गुरुवार की शाम करीब पांच बजे कुशमी देवी ने एक बच्ची को जन्म दिया। लेकिन प्रसव के कुछ देर बाद ही उसे रक्तस्त्राव होने लगा। इलाज के बाद सुधार नहीं होने पर नर्स अंजली ने प्रसूता के स्वजनों को गढ़वा सदर अस्पताल ले जाने की सलाह दे दी। इसके बाद मरीज को लेकर उसके स्वजन रात करीब 9:00 बजे सदर अस्पताल पहुंचे। लेकिन गाइनी विभाग में चिकित्सक गायब थी। डा.माहेरू यामानी की ड्यूटी थी। जबकि नर्स नीतू कुमारी ने मरीज के स्वजनों से पूछताछ करने के बाद यह कहकर उन्हें डांट-फटकार किया कि पैसा देकर प्राइवेट में इलाज कराते हो और फ्री में इलाज कराने सदर अस्पताल आ गए। यहां भी पैसा लगेगा, तब ही मरीज को हाथ लगाएंगे। इस संबंध में महिला के साथ आए उसके ममेरा भाई बरडीहा थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव निवासी उमेश रजवार ने बताया कि दो घंटे तक उसका कोई इलाज ही नहीं हुआ। प्रसव कक्ष से नीचे भेज दिया गया। रात करीब 11 बजे डा.माहेरू यामानी ने सदर अस्पताल पहुंची और अपनी गाड़ी में ही रेफर पेपर मंगाकर रेफर कर दिया।इसके बाद प्रसूता को लेकर उसके स्वजन मेदिनीनगर सदर अस्पताल चले गए। वहां इलाज के दौरान रात करीब दो बजे उसकी मौत हो गई। वहां कुशमी देवी के इलाज करने वाले चिकित्सक ने स्वजनों को बताया कि नार्मल डिलेवरी नहीं, बल्कि छोटा आपरेशन कर प्रसव कराया गया है। महिला को पांच टांका लगा था। इससे अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण उसकी जान चली गई। मरीज के स्वजनों का कहना था कि समय पर सदर अस्पताल में इलाज या यहां से रेफर ही कर दिया जाता तो उसकी जान बच सकती थी।



*सदर अस्पताल से प्रसूता को लेकर जाते स्वजन*

लेकिन चिकित्सक की लापरवाही के कारण जान चली गई। उन्होंने कहा कि यदि सदर अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जाएगा तो चिकित्सक के आने जाने का पूरा सच सामने आ जाएगा। इधर, इस मामले को लेकर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा.हरेनचंद्र महतो से संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन वे कार्यालय में नहीं थे। जबकि मोबाइल फोन पर उन्होंने काल रिसीव नहीं किया।

**पक्ष** **इसकी जानकारी नहीं है। मामले की पूरी जानकारी लेकर ही कुछ बता सकते हैं।**

*डा.अशोक कुमार, सिविल सर्जन, गढ़वा*

## दंपती ने आपसी विवाद में की आत्महत्या, पति ने खाया जहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** शहर स्थित नगवां वार्ड के कब्रिस्तान निकट एक दंपती द्वारा आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पड़ोसियों से मिली जानकारी के अनुसार नगवां मुहल्ले में रह रहे देवनारायण सिंह के पुत्र कुलदीप कुमार सिंह 32 वर्ष की रात्रि में किसी बात को लेकर पत्नी के साथ नोक झोंक हुई। इसके बाद कुलदीप पत्नी को बिन बताए छत पर जा जहर खाकर जान दे दिया। वहीं देर रात तक पति के नही आने पर काफी खोज बिन की। सुबह छत पर पति को जमीन पर पड़े देखा, तो वियोग को पत्नी रेशमी देवी 28 वर्ष सहन नही कर पाई और दो मंजिले छत से छलांग लग दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई, पड़ोसियों की नजर पड़ी तो आनन फानन में सदर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया। लेकिन जाने के क्रम में रास्ते में ही रेशमी देवी की मौत हो गई। मृतक की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व औरंगाबाद (बिहार) में हुई थी और मृतिका के गर्भ में आठ महीने का बच्चा भी था। मृतक के पिता अनूप नारायण सिंह रिटायर फौजी हैं, उनकी ड्यूटी चतरा जेल में थी। घटना की जानकारी के उपरांत रेशमी को लेकर हजारीबाग गए थे। मृतक पुलिस लाइन स्थित हीरो एजेंसी में कार्यरत था।

## मंत्री मिथिलेश ने क्षेत्र का दौरा कर शोक संतप्त परिजनों से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

गढ़वा रंका विधानसभा के स्थानीय विधायक सह स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने चिनीया प्रखंड क्षेत्र के कइ गांव का दौरा कर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना जताई है । सर्वप्रथम मंत्री मिथिलेश ने रणपुरा गांव के टोला शिरालेटा मे पहुंच कर मृतक अर्जुन सिंह के पुत्र देवेंद्र सिंह के पूरे परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दुख प्रकट किया व परिजनों को आर्थिक सहायता राशि दी गई, बिदीत हो कि अर्जुन सिंह की आकस्मिक मृत्यु बीते हफ्ते हो गई थी। उसके बाद रणपुरा गांव निवासी सह झामुमो पंचायत अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह जिनकी मृत्यु बीते दीनों दीनो बीमारी से ग्रस्त रांची इलाज कराने ले जाने के दौरान रास्ते में ही हो गई थी, उनके घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर गहरा दुख प्रकट करते हुए परिवार वालों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद देने की बात कही व आर्थिक सहायता दिए । इसके बाद मंत्री मिथलेश ने बेता पंचायत के परसुखाड़ गांव के विद्यालय में पहुंचकर विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति को जानते हुए शिक्षकों को विद्यालय में बच्चों के बीच गुणवत्तापूर्णव शिक्षा देने की बात कही। व स्थानीय लोगों से भी बात कर लोगों के दुख दर्द को सुना, व उनके समस्याओं को निदान करने की बात कही।

## मनोज चंद्रा ने कहा, पत्थलगड़ा को इसी महीने में मिलेगा स्थायी बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** शुक्रवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के सुभाष चौक के समीप झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल दांगी ने किया व मुख्य रूप से सिमरिया विधानसभा के पार्टी प्रभारी मनोज चंद्रा शामिल थे। जिसमें सांगठनिक मजबूती, सदस्यता अभियान, ग्राम स्तर पर 15 महिला व 15 पुरुष को जोडने के साथ ही झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा चलाए जा रहे महाकांक्षी योजना को आम लोगों तक पहुंचाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। वहीं श्री चंद्रा ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में आप सभी के सहयोग की जरूरत है। आप हमे साथ देकर रांची भेजने का काम करें। साथ ही कहा की पत्थलगड़ा में स्थाई बीडीओ का पदस्थापन ही माह में हो जाएगा। बैठक में प्रखंड प्रभारी आलोक रंजन, सचिव मनराज दांगी, शिव साव, बिरसा मुंडा, पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद, जनार्दन दांगी, भोला दांगी, चंद्रशेखर कुमार व अन्य शामिल थे।

### किसानों के बीच किया गया बीज का वितरण

**भंडरिया गढ़वा।** भंडरिया प्रखंड कार्यालय के कृषि कक्ष में प्रखंड जनेवा पंचायत के किसानों के बीच किया गया उरद बीज का वितरण। प्रखंड सहायक तकनीकी प्रबंधक शशिकांत शर्मा जनेवा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अंबिका सिंह किसान मित्र अवधेश उपाध्याय के द्वारा संयुक्त रूप से पंजीकृत प्रति किसान दो-दो किलो उरद बिज वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में किसानों को बीच से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष सरकार के द्वारा रवि फसल के लिए समय रहते किसानों के बीच दलहन फसल के लिए किसानों के बीच बिज का वितरण किया जा रहा है किसानों को काफी राहत मिल रहा है शंकर बीज किसानों को खेती से पूर्व मिलन किसानों के बीच एक उपदेश जा रहा है किसान अपने-अपने खेत में बीज बोकर लाभ उठा सकते हैं।

## अबुआ आवास योजना से योग्य लाभुकों को वंचित रखने पर रंजनी शर्मा ने उपायुक्त से की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। भगवानपुर**

भगवानपुर क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा को क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्र के बनसानी, मकरी, चपरी, भवनाथपुर, अरसली उत्तरी, अरसली दक्षणी, पंडरिया, कैलान एवं सिंदुरिया पंचायत के विभिन्न ग्राम के ग्रामीणों द्वारा अबुआ आवास योजना में भारी अनियमिता के संबंध में अवगत कराया गया था। ग्रामीणों द्वारा जिला परिषद सदस्य से गुहार लगाया गया था कि हम सभी ग्रामीण जनता सभी जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन तक गुहार लगाते रह रहे हैं, धरना प्रदर्शन के लिए भी किए। परंतु हम लोगों के ऊपर कहीं से सहानुभूति नहीं रखा गया हम सभी योग्य लाभूकों को अबुआ आवास की सूची से वंचित कर दिया गया है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा अपने मन माने तरीके से निजी बिचौलिए के संपर्क में आकर आवास उपलब्ध कर दिया गया है। भवनाथपुर क्षेत्र के अबुआ आवास योजना से वंचित लाभुकों के



द्वारा प्राप्त शिकायत के आलोक में जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त को पत्र लिखकर अबुआ आवास योजना में हुई बड़ी पैमाने पर अनियमित की जांच जिला स्तरीय जांच टीम दल गठित कराकर करने की मांग की है । मांग पत्र में श्रीमती द्वारा उपायुक्त एवं विकास आयुक्त को दिए गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के दबाव में आकर सभी योग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना से वंचित रखा गया है। अबुआ आवास योजना की प्रतीक्षा सूची से नाम हटाने के कारण अभी सरकार द्वारा प्राप्त आवास का लक्ष्य में प्रखंड वासियों को आवश्यकता के अनुरूप कम लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

# माता-पिता एवं बच्चों के संबंध पर हुई चर्चा, छात्रों को दी जानकारियां

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

शहर के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गीता आश्रम में शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक रोहित प्रसाद, श्वेता कुमारी, अमित कुमार, आशा कुमारी, शहला तबस्सुम, सीआरपी सुनीता कुमारी एवं पीरामल फाउंडेशन से प्रेरणा पंडित विशेष रुप से मोजूद थे। प्रेरणा पंडित ने अभिभावकों और छात्रों के गहरे संबंध पर चर्चा करते हुए कुछ गतिविधियों की जानकारी दी। जिसमें अभिभावकों को अपने बच्चों का चित्र बनाने एवं अनुच्छेद लिखने को कहा गया। अभिभावकों के लिए ये गतिविधि बहुत नई और रोचक थी। कुछ ने अपने बच्चों के पसंद-नापसंद के बारे में बताया तथा कई अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ उनके अच्छी बुरी आदतों के बारे



में बताया। गतिविधि का उद्देश्य अभिभावकों को अपने बच्चों के बारे में सोचने, उनको सुनने एवं उन पर ध्यान देने और उनके साथ दिन में कम से कम एक घंटा समय व्यतीत करने के लिए प्रेरित करना था। साथ ही अभिभावकों को फाइलेरिया नामक बीमारी के बारे में जागरूक किया गया और समय से दवा लेने के लिए कहा गया। बैठक में लगभग 80 अभिभावक शामिल थे।

## पेट्रोल लेने गए युवक को अज्ञात बाइक ने मारी टक्कर, घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने पेट्रोल लेने जा रहे युवक को धक्का मार घायल कर दिया है ।घटना बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाताड़ पेट्रोल पंप के पास का बताया जा रहा है। घायल युवक की पहचान नितिन उरांव (16 वर्ष) पिता नागेश्वर उरांव धाधु बालूमाथ का बताया जा रहा है ।वहीं घायल युवक को झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान ने अपनी निजी वाहन से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार कर उचित इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। डॉक्टर के मुताबिक युवक का बाया पैर टूट गया है और सिर सहित शरीर के कई हिस्से पर आंतरिक छोटे आई हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### सरधाबार मोड़ के पास कोयला लदा हाइवा वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त, बचे चालक और खलासी

**बालूमाथ।** हेरहंज थाना क्षेत्र के नवादा डीहि मुरूप मार्ग पर सरधाबार मोड़ के पास कोयला लदी एक हाईवा वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें वाहन का चालक और खलासी बाल बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार उक्त हाईवा वाहन लातेहार सदर थाना क्षेत्र के डीवीसी द्वारा संचालित तूबेद कोलियरी से कोयला लेकर बालूमाथ थाना क्षेत्र के कुसमाही रेलवे कोयला साइडिंग जा रही थी जो सरधा बार मोड़ के पास दूसरे वाहन से साइड लेने के क्रम में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें रास्ते से गुजर रहे कई लोग बाल बाल बच गए और कोयला लदी वाहन से कोयला बिखर गई। जिस घटना की जानकारी हेरहंज थाना पुलिस को दे दि गई हैं। जिसके आधार पर हेरहंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।

### साल्वे में राजस्व शिविर का किया गया आयोजन

**बारियातु।** प्रखंड क्षेत्र की साल्वे पंचायत मे पंचायत / हल्का स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन सचिव राजस्व विभाग झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक मे किया गया। जिसमे भुमि रैयतों के पैतृक / परिवारिक संपत्ति को आपसी बंटवारा /उत्तराधिकार के आधार पर राजस्व अभिलेख को अद्यतन तथा खतियानी रैयत के उत्तराधिकार को विधिवत स्वामीत्व प्रदान करने हेतु पैतृक / पारिवारिक संपत्ति को आपसी बंटवारा, व उतराधिकारी के आधार पर दखल खारिज करने हेतु, साल्वे पंचायत सचीवालय के शिविर मे राजस्व उपनिरिक्षक सह अंचल निरिक्षक अनिल होरो ने भुमि रैयतों के समस्याऔ को सुना, इस शिविर में भु रैयत के उत्तराधिकारी नामांतरण के लिए 06 आवेदन लिए गये। मौके पर मुखिया राजीव भगत उप मुखिया वार्ड सदस्य सहित कई पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### मुख्यमंत्री 23 को बांटेंगे...

मुख्यमंत्री 24 जुलाई को एचईसी स्थित रांची स्मार्ट सिटी में पांच सितारा होटल के लीज एमओयू तथा बिरसा मुंडा संग्रहालय सह पार्क में टाटा स्टील द्वारा बनवाये गये थंब इम्प्रेशन का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में बैठक हुई। नगर विकास सचिव ने बैठक में अधिकारियों को तीव्र गति से कार्य करने को कहा ताकि समय रहते सारी तैयारी पूरी कर दी जाये। बैठक में रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार, निदेशक नगरीय प्रशासन सत्येंद्र कुमार, नगर विकास विभाग के अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, अपर सचिव मनोहर मरांडी, जुडको के पीडीएफ अमित चक्रवर्ती, जीएम बिनय कुमार राय, रांची स्मार्ट सिटी के जीएम राकेश कुमार नंद कुलियार, अवर सचिव अतुल कुमार और टाटा कंपनी के मुख्य रेजिडेंट कार्यकारी संजय मोहन श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### सीएम हेमंत और कल्पना ने ...

आदिवासी महिलाओं के साथ कुछ पल के लिए बैठक कर स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मांझी थान के बाहर पहाड़ पर पौधारोपण किया। इसके बाद हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन मधुबन के क्षेत्रपाल भोमिया जी बाबा मंदिर पहुंचे और दर्शन किया। इस मौके पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी दीपक कुमार शर्मा, सदर विधायक सुद्दिय कुमार सोनू, राज्यसभा सदस्य सरफराज अहमद, टुंडी विधायक मथुरा महतो, पार्टी नेता महालाल सोरेन मौजूद थे।

### हौसलों को मिला ...

ज्ञान निकेतन स्कूल के निदेशक बलीराम शर्मा, संत मरियम आवासीय स्कूल के निदेशक अविनाश देव, पर्यावरण विद् कौशल किशोर जायसवाल, ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के यूनिट हेड हितेंद अस्थी, राष्ट्रीय नवीन मेल के स्थानीय संपादक राणा अरूण सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति हॉल 10 वीं, 12 वीं के सफल विद्यार्थियों के तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजता रहा।

### विद्यार्थी जीवन तप, त्याग और ...

राष्ट्रीय नवीन मेल ने इस मंच में आकर सम्मानित हो रहे हैं। बच्चे सीबीएसइ, आइसीएसइ व जैक बोर्ड से पढ़कर बेहतर कर रहे हैं, लेकिन सबका लक्ष्य एक ही है। बच्चों ने अभी पहली सीढ़ी चढ़ी है। आगे का सफर बाकी है। लड़कियां भी किसी से कम नहीं हैं। आज के दौर में लड़कियां सफलता अर्जित कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। ऐसे में किसी से अपेक्षा किये बिना सभी लड़कियां आत्मनिर्भर बने। शारीरिक, मानसिक रूप से ताकतवर बनने के लिए शिक्षित होना जरूरी है। जब तक सफलता नहीं मिल जाती, तब तक सभी प्रयास करते रहें। मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। सफलता उनके कदम चूमेगी।

### सहायक पुलिसकर्मी...

तीन-चार गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने भी हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज किया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित कई पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे हैं और सहायक पुलिसकर्मियों को समझाया-बुझाया। इधर वार्ता के दौरान सरकार की ओर से वेतन में 20 प्रतिशत वृद्धि और एक साल के एक्सटेंशन का प्रस्ताव रखा गया, जिसपर सहायक पुलिसकर्मियों की सहमति नहीं बनी।

### एडीजी मुख्यालय आरके...

अन्य अधिकारियों के साथ सहायक पुलिसकर्मियों की वार्ता हुई। वार्ता में सरकार ने सहायक पुलिसकर्मियों के लिए संविदा बनाकर भर्ती में आरक्षण और वेतन बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है।

### सुरभि ने प्रश्न पत्र हल...

मेडिकल कॉलेज से यह पहली गिरफ्तारी है। एजेंसी ने हजारीबाग स्थित परीक्षा केंद्रों के लिए भेजे गए प्रश्नपत्र को चुराने के आरोप में एक इंजीनियर पंकज कुमार को पटना से गिरफ्तार किया था। पंकज ने चुराया गया प्रश्नपत्र हजारीबाग के राज गेस्ट हाउस के संचालक राजू सिंह को उपलब्ध कराया था और इसके बाद यह पेपर पटना भेजा गया था, जहां हॉस्टल में टिकाए गए चुनिंदा अभ्यर्थियों को रातों-रात प्रश्नों के उत्तर रटवाए गए थे। जांच में यह भी पता चला है कि हजारीबाग स्थित गेस्ट हाउस में भी कुछ छात्र-छात्राओं को रुकवाकर प्रश्नों के उत्तर रटवाए गए थे। फिलहाल सीबीआई पंकज कुमार और राजू सिंह को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। सीबीआई इस केस के मास्टर माइंड संजीव मुखिया तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। सीबीआई के निशाने पर कुछ और मेडिकल छात्र और डॉक्टर हैं। एजेंसी ने पेपर लीक केस में हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीआई एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल मो. इम्तियाज और एक दैनिक अखबार के पत्रकार जमालुद्दीन को 28 जून को ही गिरफ्तार किया था। जांच का दायरा बढ़ने के साथ ही इस पूरे स्कैम में शामिल लोगों के नाम चेहरे एक-एक कर सामने आ रहे हैं।




## ब्रिफ न्यूज

### राष्ट्रपति ने दो हाईकोर्ट के दस एडिशनल जजों को स्थायी जज नियुक्त किया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दो हाईकोर्ट के दस एडिशनल जजों को स्थायी जज के रूप में नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने दिल्ली हाईकोर्ट के तीन एडिशनल जजों और बांबे हाईकोर्ट के सात एडिशनल जजों को स्थायी जज के रूप में नियुक्त किया है। आज जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक राष्ट्रपति ने बांबे हाईकोर्ट के एडिशनल जज जस्टिस वाईबी खोबरागड़े, जस्टिस महेंद्र वादुमनी चांदवानी, जस्टिस अभय सोपानराव वाघवासे, जस्टिस रविंद्र मधुसूदन जोशी, जस्टिस संतोष गोविंदराव चपलगांवकर, जस्टिस मिलिंद मनोहर साथाये और जस्टिस डॉ. नीला केदार गोखले को स्थायी जज के रूप में नियुक्त किया है। तरह इसी राष्ट्रपति ने दिल्ली हाईकोर्ट के एडिशनल जज जस्टिस गिरीश कथपलिया, जस्टिस मनोज जैन और जस्टिस धर्मेश शर्मा को स्थायी जज के रूप में नियुक्त किया है।

### दूरसंचार विभाग के 3 संस्थानों का विलय नाम होगा 'राष्ट्रीय संचार अकादमी'

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग के तीन प्रशिक्षण संस्थानों नेशनल टेलीकम्युनिकेशंस इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी रिसर्च इनोवेशन एंड ट्रेनिंग, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिकेशन फाइनेंस और वायरलेस मॉनिटरिंग ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट सेंटर को तत्काल प्रभाव से एक एकल प्रशासनिक इकाई में विलय कर दिया गया है, जिसका नाम ' राष्ट्रीय संचार अकादमी' (एनसीए) होगा। संचार मंत्री (एमओसी) ने संगठनात्मक सुधार समिति की सिफारिश पर इन संस्थाओं के विलय को मंजूरी दे दी है। सचिव (दूरसंचार) इसके पदेन अध्यक्ष के रूप में राष्ट्रीय संचार अकादमी के प्रमुख होंगे और अतिरिक्त सचिव इसके उपाध्यक्ष होंगे।

### संसद के बजट सत्र में विपक्षी दलों को एक सुर में जवाब देगा एनडीए



**नई दिल्ली।** संसद का आगामी बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होने जा रहा है और इसके 12 अगस्त तक चलने की संभावना है। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा संसद सत्र है और इसलिए केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा और केंद्र सरकार कई स्तरों पर इसे लेकर तैयारी कर रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल गांधी ने पिछले सत्र के दौरान, जो कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला सत्र भी था, जिस अंदाज में सरकार को घेरने की कोशिश की थी और जिस तरह से विपक्ष के कई राजनीतिक दल राहुल गांधी का साथ देते नजर आए, उसे देखते हुए भाजपा और सरकार ने सोमवार से शुरू होने जा रहे सत्र को लेकर काउंटर रणनीति तैयार कर ली है।

## ब्रिटेन में चुनाव के बाद दंगा

# जलता रहा लीड्स का हेयर हिल्स

एजेंसी

**लंदन।** संसदीय चुनाव के बाद ब्रिटेन में हिंसा की चिंगारी भड़क उठी है। लीड्स के हेयर हिल्स में हुए दंगे की डरावनी तसवीरें सामने आई हैं। दंगों का सबसे ज्यादा कहर सड़कों पर बरपा है। बेखौफ दंगाइयों ने पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ कर कई जगह आगजनी की। बसें फूंक दी हैं। उपद्रवियों ने एक बस में आग लगा दी और पुलिस की गाड़ी को पलट दिया। पुलिस ने हालात की गंभीरता को देखते हुए नागरिकों से घरों में रहने की अपील की है। समूचे हेयर हिल्स में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

द गार्जियन की खबर के मुताबिक, यह उपद्रव हेयर हिल्स के लक्सर स्ट्रीट में चाइल्ड केयर सरकारी एजेंसी के कुछ लोगों के बच्चों को ले जाने के बाद यह शुरू हुआ। प्रदर्शनकारी नहीं चाहते कि एजेंसी बच्चों को उनके माता-पिता से अलग कर चाइल्ड केयर होम में रखे। लोग इसी का विरोध कर रहे हैं। दंगे के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हेयर हिल्स में ये दंगाई मास्क पहने घूमते नजर आ रहे हैं। स्काई न्यूज की खबर में कहा गया है कि दंगों का कारण चाइल्ड केयर एजेंसी का स्थानीय बच्चों को लेकर जाना रहा। एक रेस्तरां मालिक के अनुसार, स्थानीय बच्चों को ले जाने का लोगों ने विरोध किया। लक्सर रोड से उपद्रव की शुरूआत हुई। वेस्ट यॉर्कशायर पुलिस ने कहा है कि एक डबल-डेकर बस में आग लगाकर एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को चौपट करने की कोशिश की गई। इस स्थिति के लिए जवाबदेह लोगों को कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि यह अव्यवस्था आपराधिक अल्पसंख्यक समूह ने पैदा की।



- चाइल्ड केयर की ओर से कुछ बच्चों को ले जाने के बाद शुरू हुआ उपद्रव
- उपद्रवियों ने बस को आग के हवाले किया, एक पुलिस गाड़ी को पलटा दिया
- पुलिस ने कहा कि यह अव्यवस्था आपराधिक अल्पसंख्यक समूह ने पैदा की






### लोगों से अपने घरों में रहने की अपील

गृह सचिव यवेट कूपर ने कहा है कि अशांति के दृश्य स्तब्ध करने वाले हैं। पार्षद सलमा आरिफ ने लोगों से घरों पर रहने की अपील की है। वेस्ट यॉर्कशायर की मेयर ट्रेसी ब्रेबिन ने दंगों से निपटने के लिए आपातकालीन सेवा के अधिकारियों का आभार जताया है। स्थानीय सांसद रिचर्ड बर्गोन ने कहा है मैं संसद से लीड्स वापस जा रहा हूं। पुलिस और संबंधित निवासियों के संपर्क में हूं। लीड्स में फर्स्ट बस के प्रवक्ता ने कहा है हमारे दो वाहन आज शाम अव्यवस्था में फंस गए। हमारे दोनों ड्राइवर सुरक्षित हैं और यात्रियों के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। हमारी एक खाली बस को आग लगा दी गई।

# डोनाल्ड ट्रंप बने अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

एजेंसी

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को व्हाइट हाउस के लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से आधिकारिक रूप से उम्मीदवार बनाया गया है। ट्रंप ने एक घंटे और तीस मिनट से अधिक समय तक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने माइग्रेशन, मुद्रास्फीति और विश्व मंच पर कमजोर हो रहे अमेरिका के बारे में बात की। 13 जुलाई को ट्रंप पर हत्या का प्रयास किया गया था जिसमें वो बाल-बाल बच गए। उन्होंने कहा, मैं आज रात पूरे देश के लिए एक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए आया हूं। हर नागरिक के लिए, चाहे आप युवा हों या बुजुर्ग, पुरुष हों या महिला, डेमोक्रेट हों या रिपब्लिकन, अश्वेत हों या श्वेत, एशियाई हों या हिस्पैनिक, मैं आपकी ओर वफादारी और दोस्ती का हाथ बढ़ाता हूं। पहले 10-15 मिनट में 13 जुलाई की गोलीबारी की घटना को फिर से दोहराया गया जिसे उपस्थित लोगों ने ध्यान से सुना। फिर उन्होंने दर्शकों का ध्यान अमेरिका में हो रहे माइग्रेशन की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा, और फिर हमारे पास एक भयानक परिणाम है जिसे हम फिर कभी नहीं होने देंगे। उन्होंने कोविड का बहाना बनाकर धोखा दिया। पूर्व राष्ट्रपति को एक नरम रुख पेश करने को कहा गया था, जिससे उन्हें दौड़ में बने रहने में मदद मिलेगी। उधर उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रपति जो बाइडेन के खिलाफ पार्टी में विद्रोह बढ़ रहा है। वो रेस में बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



*पूर्व राष्ट्रपति ने माइग्रेशन, मुद्रास्फीति और विश्व मंच पर कमजोर हो रहे अमेरिका जैसे मुद्दे उठाए*

# बांग्लादेश में भारतीय छात्रों की स्थिति गंभीर

*विरोध प्रदर्शन के बीच 202 से अधिक भारतीयों की वापसी*

एजेंसी

**कोलकाता।** बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में कोटा व्यवस्था के खिलाफ चल रहे देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के कारण मेडिकल की पढ़ाई कर रहे 100 से अधिक भारतीय छात्र वहां फंस गए हैं। इन छात्रों को वीजा बढ़ाने की अनुमति नहीं दी गई और कई छात्राओं के साथ विभिन्न स्थानों पर छेड़छाड़ की घटनाएं भी सामने आई हैं। बांग्लादेश की मजहबी कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी ने इन छात्रों को बंधक बना कर फिलिस्तीन शैली के समझौते की योजना बनाई है। इस संकटपूर्ण स्थिति के बीच 202 से अधिक भारतीय नागरिक, जिनमें अधिकांश छात्र हैं, मेघालय के दावकी इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट के रास्ते भारत वापस लौट आए हैं। इनमें से 161 छात्र, जिनमें से 63 मेघालय के हैं। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि शेख हसीना सरकार 1971 के युद्ध के पूर्व सैनिकों के परिवारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण को बंद करे। बांग्लादेश सर्वोच्च अदालत 07 अगस्त को इस कोटा को बहाल करने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अपील की सुनवाई करेगी।



### केरन सेक्टर में मारे गए दोनों आतंकवादी विदेशी

**श्रीनगर।** सेना ने शुक्रवार को कहा कि कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर हुई मुठभेड़ में मारे गए दोनों आतंकवादी विदेशी हैं। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि 17 जुलाई को जम्मू-कश्मीर पुलिस से एक विश्वसनीय इनपुट प्राप्त हुआ था। इस पर खुफिया एजेंसियों द्वारा आगे पुष्टि की गई कि विदेशी आतंकवादियों के एक समूह के केरन सेक्टर के माध्यम से घुसपैठ करने की संभावना है। प्रवक्ता के अनुसार, 18 जुलाई को दोपहर लगभग 12:30 बजे सतर्क सैनिकों ने नियंत्रण रेखा के अपने हिस्से में घने पेड़ों के बीच दो आतंकवादियों की आवाजाही देखी। घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को चुनौती दी गई तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ में दोनों विदेशी आतंकवादियों को मार गिराया गया, साथ ही हथियार, युद्ध के सामान और एक पाकिस्तानी पहचान पत्र बरामद किया गया।

# पीएम मोदी ने लॉकहीड मार्टिन की 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड' प्रतिबद्धता को सराहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लॉकहीड मार्टिन की 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के विजन को साकार करने की प्रतिबद्धता की सराहना की है। अमेरिकी रक्षा कंपनी लॉकहीड मार्टिन के सीईओ जिम टेसलेट ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री कार्यालय ने लॉकहीड मार्टिन के एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, लॉकहीड मार्टिन के सीईओ जिम टेसलेट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। लॉकहीड मार्टिन भारत-अमेरिका एयरोस्पेस और रक्षा औद्योगिक सहयोग में एक प्रमुख भागीदार है। इससे पहले लॉकहीड मार्टिन ने इस मुलाकात के बारे में एक्स पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने कहा कि तीन दशकों से अधिक समय से एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में हम स्थानीय उद्योग की होनहार प्रतिभा और क्षमताओं को पहचानते हैं।



### पीएम ने मन की बात के लिए सुझाव आमंत्रित किए

पीएम ने 28 जुलाई को होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि विशेष रूप से कई युवा समाज को बदलने के उद्देश्य से किए गए सामूहिक प्रयासों को उजागर कर रहे हैं। पीएम ने अभी तक अपने सुझाव माईगॉव या नमो ऐप पर साझा नहीं करने वाले लोगों से भी ऐसा करने का आग्रह किया है। पीएम ने एक एक्स पोस्ट में कहा, मुझे इस महीने के मन की बात के लिए बहुत से इनपुट मिल रहे हैं, जो रविवार 28 तारीख को होगा। आप माईगॉव, नमो एप पर इनपुट साझा कर सकते हैं या 1800-11-7800 पर अपना संदेश रिकॉर्ड कर सकते हैं।


## एजुकेशन/करियर

# नैनो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बना सकते हैं अपना करियर

**रजनीश। इस कोर्स का पूरा नाम मास्टर ऑफ फिलोसॉफी इन नैनो टेक्नोलॉजी है। एमएससी नैनोटेक्नोलॉजी एक रिसर्च बेस्ड मास्टर डिग्री है। इस कोर्स का पूरा नाम मास्टर्स ऑफ साइंस इन नैनो टेक्नोलॉजी है। यह कोर्स फिजिकल साइंस और इंजीनियरिंग के बैकग्राउंड वाले छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है। नैनोटेक्नोलॉजी में छोटी चीजों के अध्ययन में केमिस्ट्री, बायोलॉजी, फिजिक्स, मैटेरियल साइंस और इंजीनियरिंग के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करेगें। एमएससी नैनोटेक्नोलॉजी में विद्यार्थियों को बायोटेक्नोलॉजी, एग्रीकल्चर, फूड, जेनेटिक्स, स्पेस रिसर्च और मेडिसिन जैसे अन्य कई क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए तैयार किया जाता है। एमएससी नैनोटेक्नोलॉजी छात्रों को सबसे अधिक लोकप्रिय करियर विकल्पों के अवसर प्रदान करती है। नैनो टेक्नोलॉजी का क्षेत्र दुनिया भर में अत्यधिक मांग वाला क्षेत्र है। एक नैनोटेक प्रोफेशन अधिकांश क्षेत्रों में आसानी से जॉब पा सकता है, जो इसे विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों के लिए एक आदर्श करियर विकल्प बनाता है।**

### एमएससी नैनोटेक्नोलॉजी

- इस कोर्स में आप एटॉमिक और मॉलिक्युलर स्केल पर पदार्थ में मैनिपुलेशन के बारे में सीखेंगे।
- इस फील्ड में नैनोमटेरियल्स के प्रोडक्शन करने के लिए रिसर्च किए जाते हैं जिन्हें मानव बाल के डायमीटर से हजार गुना छोटा मापा जा सकता है अतः आप बहुत ही स्पेशलाइज्ड कोर्स का अध्ययन कर रहे हैं।
- एमएससी नैनो टेक्नोलॉजी के अध्ययन के बाद छात्र विभिन्न टेक्निकल पहलुओं और विभिन्न क्षेत्रों की और भी देख सकते हैं।
- इस कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद में आप प्रोफेशन होंगे तथा आपके पास मेडिसिन, एनवायरमेंट, एग्रिकल्चर, बायोटेक्नोलॉजी, फूड और बेवरेज, टीचिंग, स्पेस रिसर्च, और बहुत सारे क्षेत्रों में आकर्षक नौकरी के अवसर पा सकते हैं।
- आप इस क्षेत्र में प्रोजेक्ट असिस्टेंट, बिजनेस डेवलपमेंट, एडमिन एंड अकाउंट्स एग्जीक्यूटिव, प्रोफेसर, लेक्चरर, रिसर्चर आदि जैसे जॉब प्रोफाइल का विकल्प भी चुन सकते हैं।



### स्किल्स

- टेक्निकल और साइंटिफिक स्किल्स
- एनालिटिकल स्किल्स
- प्रॉब्लम सॉल्विंग के लिए लॉजिकल अप्रोच
- कांप्लेक्स समस्याओं से निपटने की कैपेसिटी (सिस्टमेटिकली और क्रिएटिवली)
- न्यूमेरिकल स्किल्स
- पब्लिकेशन के लिए रिपोर्ट्स और पेपर्स लिखने की एबिलिटी
- कम्युनिकेशन तथा प्रेजेंटेशन स्किल्स
- कंप्यूटर कंट्रोल्ड इक्विपमेंट का उपयोग करने की एबिलिटी
- टीमवर्किंग और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट स्किल्स
- टाइम व बजट को इफेक्टिवली मैनेज करने की एबिलिटी
- डिटेल्स की ओर ध्यान
- सेल्फ मोटिवेशन और धैर्य

### भारतीय संस्थान

- एमिटी यूनिवर्सिटी गुड़गांव
- आचार्य नागार्जुन यूनिवर्सिटी, गुंटूर
- भारथियार यूनिवर्सिटी, कोयंबटूर
- बीबीएयू, लखनऊ
- चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ
- मोहनलाल सुखाडिया यूनिवर्सिटी, उदयपुर
- सीएमजे यूनिवर्सिटी, मेघालय
- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजा

### आवेदन प्रक्रिया

सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी।

### एमएससी नैनोटेक्नोलॉजी पात्रता मानदंड क्या है

मैकेनिकल, मैटेरियल साइंस, केमिकल, बायोमेडिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस आदि के क्षेत्र में स्नातक।
वे अभ्यर्थी जिनके पास भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, जीवन विज्ञान आदि के क्षेत्र में बीएससी डिग्री है।
अर्हता परीक्षा के लिए न्यूनतम 50% कुल अंक।
योग्यता डिग्री किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज या विश्वविद्यालय से प्राप्त की जानी चाहिए।

### करियर स्कोप

- इस क्षेत्र के विशेषज्ञ उम्मीदवार निजी के साथ-साथ सरकारी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर पा सकते हैं।
- फार्मास्यूटिकल्स, इलेक्ट्रिकल्स, सूचना प्रौद्योगिकी, ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स और कई अन्य क्षेत्रों में नैनो प्रौद्योगिकी का व्यापक अनुप्रयोग है।
- एमएससी नैनोटेक्नोलॉजी स्नातक आगे चलकर पीएचडी नैनोटेक्नोलॉजी कर सकते हैं। यह कोर्स उन छात्रों के लिए एक बढ़िया विकल्प है जो भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, आणविक जीव विज्ञान आदि के क्षेत्रों में अनुसंधान करना और आगे बढ़ाना चाहते हैं।

### जॉब अलर्ट

एसएससी सीजीएल (कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा) ने 17, 727 पदों के लिए रिक्तियां निकाली है। जिसका आवेदन करने का अंतिन तिथि 24 जूलाई 2024 है। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन कर सकते है।

| | |
|---|---|
| परीक्षा का नामा | एसएससी सीजीएल |
| पद का नाम | ग्रुप बी और ग्रुप सी |
| पदों कि संख्या | 17727 |
| आवेदन कि तिथि | 24 जून से 24 जूलाई 2024 |
| फिस जामा करने कि तिथि | 25 जुलाई |
| सुधार करने कि तिथि | 10 से 11 अगस्त |
| आवेदन का मोड | ओनलाइन |
| फर्स्ट टायर परीक्षा | सितमबंर से अक्टूवर 2024 |
| सकेंड टायर परीक्षा | दिसंबर 2024 |
| चुनाव प्रक्रिया | टायर वन, टायर टू परीक्षा उसके बाद डोक्यूमेंड वेरिफिकेशन |
| आवेदन शुल्क | सभी के लिए 100 रुपए |

नोट अधिक जानकारी के लिए अधिकारिक वेबसाइट www.ssc.gov.in